॥ श्रीपार्श्वनाथाय नमः ॥

परम पवित्र श्रीफलोधीतीर्थपर ता. २५ और २६ सेप्टम्बर सन् १९०२ इस्वीको

भरीहुई

श्वेताम्बरीय प्रथम जैन कॉन्फरन्सकी

रिपोर्ट.

जिसको

जयपुरनिवासी गुलाबचंद ढढ्ढा जनरल सेक्रेटेरी

जैन श्वे. कॉन्फरन्सने तयार करके

बम्बईमें

"निर्णयसागर प्रेस" में छपाके प्रकट की

संवत् १९६२ इ. स. १९०६

प्रथमावृत्ति

मूल्य १० आने

अनुक्रमणिका

। रिपोर्ट प्रथम भाग ।

(प्रीलीमिनैरी)

(रिपोर्ट द्वितीय भाग)

कॉन्फरन्सकी काररवाई.

(कॉन्फरन्सकी पहली बैठक पृष्ठ २-२५)

(प्रथम भाग)

पृष्ठ	पङ्क्ति	अशुद्ध पाठ	शुद्ध पाठ
५	४	मी	भी
,,	६	मुर्शिनाद	मुर्शिदाबाद
९	१९	सभोके	सभाके
१६	२०	अज	अरज
१८	१०	उयदा	आयदा
२०	९	उस कि	उस के
२९	३	असामी	आसामी
,,	६	भडागतिया	भडगतिया
३०	१	असामी	आसामी
३६	१५	केसरीमनजी	केसरीमलजी
४९	१८	घोलकर	घोलका
५३	१०	परख	पारख
,,	१३	अमरचप	अमरचद
,,	१८	माणलाल	माणकलाल
५६	६	फी गर्ड	की गई
५७	१३	मिलेवे,	मिले, वे
६२	१५	कलकलकत्ता	कलकत्ता
६४	१९	काम	कोम
७१	३४	१० कि	१० के

(द्वितीय भाग)

पृष्ठ	पङ्क्ति	अशुद्ध पाठ	शुद्ध पाठ
१	२९	सेक्रेरेटेरीके	सेक्रेटेरीके
३	१५	शफ	शह्र (श)
,,	,,	पडा	पड
१४	१९	काठियवाउ	काठियावाड
१५	१३	फल्न	कच्छ
२३	२६	ध्दष्टी	दृष्टी
२४	२७	अपनो	अपना
२७	२५	जगँहमें	जगँह मे
२८	१३	चूकिउ न	चूकि उन
३१	२१	र्गार	गार

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध पाठ	शुद्ध पाठ
३२	१४	रजपुतानामां	राजपुतानामां
४२	५	जनमंदिरोनो	जैनमंदिरोनो
४५	१७	सुवसूरती	खूबसूरती
,,	१८	रक्का	रक्खा
,,	२९	दररकस्त	दरख्वास्त
४६	२५	करनेवालेका	करनेवालेको
४८	१३	शक्य	शक्या
५२	८	इन्नजाम	इन्तजाम
५३	२८	वह्नी	वमी
५४	१	देख्वा	देखी
५८	२०	सम्य क्त्व	सम्यक्त्व
,,	२२	मूर्ख कसा	मुर्ख का
५९	१	वराधक	विराधक
६०	१०	वैष्णावोंके	वैष्णवोंके
६१	९	मरणोके	मरणेके
६६	१३	वक्लि	वह्कि
७१	१४	दरख्वास	दरख्वास्त
		(उेसवाल वंशोत्पत्तिपत्रम्)	
४	२६	वेटेमेंसे	वेटोंमेंसे

Correction Slip of the First Conference Report

Part	Page	Line	For	Read
I	42	20	Amgaou	Amgaon
"	43	25	Bndnoor	Budnoor
"	65	1	re-	re
"	"	7	Shrine	Shrines
"	69	9	Destort	Destroy
"	"	29	every	Very
"	73	6	Chatoorbedh	Chatoorbudh
"	"	27	Jolting	Jotting
"	74	5	kindness remembering	kindness in remembering
II	5	17 18	Hope &c	Hope deferred maketh the heart sick but when it cometh it is a tree of life
	12	7	Harf	Half
		8	Mercantl	Mercantil

॥ श्रीपार्श्वनाथाय नमः ॥

श्री फलोधी तीर्थभूमीपर मिली हुई प्रथम जैन (श्वेताम्बर) कान्फरेन्सकी

रिपोर्ट.

प्रथम भाग.

प्रीलीमिनैरी

१ जनरल सेक्रेटरीके तालीमी खयालात.

महाराजाधिराज श्री सवाई रामसिंहजीने जयपुरकी प्रजाको विद्यादान देनेकी गरजसे "महाराजा कालेज" नामका एक अच्छा मदरसा कायम किया उसमें दो बातें मुख्य रक्खी गई थीं, एक तो यह कि, धर्मविरुद्ध कोई बात नहीं होने पावे। दूसरी यह कि विद्यार्थियोंको बोलनेका हौंसला ठीक हो जावे। और इसमें एक साप्ताहिक क्लब (सभा) भी होता था. इतनी एहतियातीपर भी जो बातें कि अंगरेजोंके खयालातके मुवाफिक पढनेकी किताबोंमें लिखी हुईथीं उनके पढनेसे उनका असर विद्यार्थियोंके कोमल दिमागपर जुरूर पड़ता था, और घरमें स्वधर्मशिक्षा न होनेसे बहुधा करके विद्यार्थियोंके खयालात बदलनेका मौका भी मिलता था परंतु इस कान्फरेन्सके जनरल सेक्रेटरीको अपनी मातुश्रीकी तरफसे हरवक्त स्वधर्मकी शिक्षा मिलती रहनेसे विद्याध्ययनके साथ अपने स्वधर्मसे अरुचि नहीं हुई, बल्कि दो प्रतिपक्षी बातोंके श्रवण करनेसे एक किस्मकी खयालाती लड़ाई चलतीथी, वह लड़ाई उस वक्ततक रही कि, जबतक ऊंचे दरजेकी शिक्षा प्राप्त नहीं हुई उसके पीछे स्वधर्मकी तरफ जैसीकि तवज्जह चाहिये जुहूरमें आई क्लबके जारी रहनेसे हफ्तेवार बात चीत करनेका, और परस्पर खयालातके प्रकट करनेका, और बहस करके मामलातकी असलियत पैदा करनेका मौका मिलता था उसी वक्तसे यह खयाल दिलमें पैदा हुआ कि जब जुदी जुदी कौम और मजहबके आदमी भ्रातृभावके साथ एक जगह इकठे होकर हरबातकी द-

लील तकरीर करके उन्नति करनेपर कमर बांधते हैं, तो क्या अपनी जाति और धर्मके मनुष्य इकठे होकर स्वधर्मकी तरक्की और जातिका प्रबन्ध नहीं कर सकते हैं? यह खयाल दिन बदिन पुष्टी पाता रहा; परंतु इस खयालका पार पड़ना सहज बात नहीं थी.

२ अपर और लोअर इंडियापर नजर.

उत्तरीय हिंदुस्थानकी तरफ नजर डाली गई तो जल्द चाहा हुआ मामला सिद्ध होनेका कोई मोका नहीं पाया, और जैसे दूरसे एक चीज प्यारी मालुम होती है, वैसे दक्षिण हिंदकी तरफ चाहा हुआ काम पार पड़नेका खयाल दोड़ा. परंतु जब श्रीसिद्धगिरीकी यात्रानिमित्त गुजरात काठियावाड़की तरफ प्रथम गमन हुआ, तो वहांभी प्रायःकरके वह ही रंग देखा, कि जिससे डरकर जिधर याने लोअर इन्डियामें ओट लेना चाहते थे. वहांपर भी खास तीर्थभूमीपर ऐसी बातें देखनेमें आई कि जिनका सुधारा निहायत जुरूरी समझा गया. परंतु बलका काम कलसे नहीं हो सकता था, और बलकी सहायता मिलना, यह एक असंभव काम मालुम होताथा; क्योंकि इस बलकी सहायता हर खास व आमको नहीं मिल सकती है. और यह बात कुदरती है कि, वृद्धको बालककी अक्ल पसंद नहीं आसकती है. धनाढ्यको गरीबकी अक्ल पसंद नहीं आ सकती है; इस लिये दिल ही दिलमें पश्चात्ताप रहने लगा.

३ श्री जैनधर्मप्रकाशमें जैनकांग्रेसपर लेख.

आखिरकार जिधरकी तरफसे सुधारेकी उम्मेद की जाती थी उधरसे खुशबोदार हवा आई, अर्थात् भावनगर (काठियावाड़) के श्री जैनधर्मप्रकाश पत्रके विख्यात संपादक शेठ कुंवरजी आणंदजीने अपने पत्रके पुस्तक ८ अंक ७ सन् १८९२ में उस विचारको प्रकट किया कि, जिसका खयाल बहुत दिनोंसे हमारे दिलमें चल रहा था. “जैनकांग्रेस भरवानी जुरूर” नामके आर्टिकलमें उन्होंने “जैनसमुदायकी एक मोटी सभा साल दरसाल इकठी होकर जात्युन्नति, और धर्मोन्नति करे” इस बातकी आवश्यकता भलीप्रकारसे दिखलाई. और पाठक वर्गको यह सूचना भी दी कि, इस विषयपर जो जो लेख आवेंगे, उनको इस पत्रमें प्रकट किये

जावेंगे परंतु उसके पीछे थोड़े दिनोतक इस पत्रमे इस मजमूनका लेख छपा हुआ देखनेमे नहीं आया उस वक्त जो अन्य जैनपत्र थे, उन्होंने इस विषयको हातमे लेकर चर्चा चलाई, परतु जिस उमंगके साथ कि चर्चा उठाई गई थी उस मुवाफिक जैनसमुदायकी जाग्रतदशा देखनेमें नहीं आई और हमभी इस कारवाईको वहुत फिकर और प्रीतिके साथ, नोट करते रहे. और अनुकूल समयपर इस कारवाईके नतीजेका आधार रक्खा.

४ कांग्रेस इकठी करनेका ठहराव.

आखिरकार कार्तिकसुदि १५ सम्वत् १९५० मुताविक सन् १८९३को भावनगरकी श्री जैनधर्मप्रसारक सभाकी तरफसे श्री पालीताणामे यात्रियोमे ५००० छपे हुए हेंडबिल तकसीम किये गये जिनमें पांच वातोंकी सूचना दी गईथी, उन पांचमे पांचवी सूचना जैन समुदायकी महासभा इकठी करनेकी थी इस सूचनापर दूसरे दिन यात्रियोंका मीटिंग होकर (चूकि श्री आणदजी कल्याणजीकी मुख्य पढ़ेडी अहमदावादमे है. और धर्मकार्यमें अग्रेसरी अहमदावादके सुप्रसिद्ध शेठलोग हैं) मार्गशीर्ष वदि १३ हिंदुस्थानीको कांग्रेसके भरनेके पहले प्रीलीमिनेरी सभाका भरना करार पाया, और देश परदेशके चद सद्गृहस्थोंने उस वक्त अहमदावादमे हाजर होनेका इकरार किया चुनाचे नगरशेठके वगलेपर मार्गशीर्ष वदि १४ अमावस्या और मार्गशीर्ष सुदि २ को सभा होकर वहुतसी वातोपर मसलन रखोया, टीप वगेरहपर विवेचन होकर यह ठहराव हुआ कि गुडफ्राइडे (Good Friday) के आसपास आणदजी कल्याणजीके ट्रस्टियोंको आमंत्रण करके बुलाना और मुख्य मुख्य सद्गृहस्थोंकोभी इस मोकेपर बुलाकर जैनसमुदायकी एक मोटी सभा इकठी करनी कि, जिसमें अलावा पेशहोने हिसाव आनंदजी कल्याणजीके और और सुधारेकी वातोंपरभी गोर किया जावे इस सभाकी कारवाईका वृत्तांत श्री जैनधर्मप्रकाशक पत्रके पुस्तक ९ अक ९ से मालुम होसकता है. इस समयपर शेठ वीरचदजी दीपचदजी मुबईनिवासीने वाहरसे आये

[१] आणदजी कल्याणजी उस कारखानेका नाम है कि, जिसकी देखरेखसे आमद खर्च वगेरह श्री सिद्धाचलजी तीर्थका होता है

हुये श्रावकोंको अपने अहमदावादके घरमें ठहराकर अपनी तरफसेही उनकी भोजनसेवा वगैरह बहुत भक्तिसे की थी.

५. कांग्रेसके समय अहमदाबादवालोंकी स्वामिभक्ति.

सभाके मिलनेका वक्त मुकर्रर करके आणंदजी कल्याणजी के ट्रष्टियों-के अलावा, करीब ९० गांव के ३५० गृहस्थोंको आमंत्रण भेजा गया था. और सभाके दिन नजदीक आनेपर बहुतसे तार भी भेजे गये थे. सभा फागण सुदि १२–१३–१४–१५ संवत् १९५०; मुताबिक तारीख १८–१९–२०–२१ मार्च सन् १८९३ ई० चार दिन तक नगर शेठ अहमदावाद के बंगलेपर भरी. उस समय बाहर गांव के २३ गावोंमें से ६२ गृहस्थ आये थे; बाकी सब गृहस्थ अहमदावादके मिलाकर रोजमर्रा सभा में करीब २००० मनुष्य इकठे होते थे. इस समय अपर इंडिया-मेंसे सिर्फ जयपुरसे लखमीचंदजी ढढा, और में गुलाबचंद ढढा गया था; बाकी सब गृहस्थ जो हाजर हुए,वे लोअर इंडियाके थे. अहमदावाद-के रईस जैनी श्रावकोंने अपने पाहुणों की आगत स्वागत बहुत अच्छी तरहपर करी. सब को एक जगह ठहराया, एक जगह खानेपीनेका इंतजाम किया, सब के लिये बग्गी वगैरह हरवक्त मोजूद रहती थी. स्टेशनपर बाहर गांव से आनेवाले गृहस्थों को लेने के लिये अहमदाबाद के आगेवान गृहस्थ स्टेनटाईमपर मोजूद रह कर किसी तरह की तकलीफ नहीं पाने देते थे, जिस तरह से कि समझदार जैनियोंमें विवाहके समय कन्याका पिता वरके पिता की कोथली का मुंह बांध कर, तोरण वगैरहके वक्त उस का एक पैसा भी नही खरचाते, वैसे ही अहमदावाद के श्रावकोंने अपने पाहुणोंके मनीबेग MONEYBAG का मुंह बंध कर के उन का एक पैसा खर्च नहीं होने दिया. स्वामीभक्ति बहुत ही अच्छी करी. यहांतक कि अपने नोंकरो तकको भी सख्त हिदायत करदी थी कि, पाहुणोंका कोई पैसा खर्च न होने पावै–

६ कांग्रेसके ठहराव.

उस वक्त की चार दिन की सभा में आणंदजी कल्याणजीका हिसाब पेश होने के अलावा नीचे मुजब मुख्य मुख्य ठहराव पास हुए थे–

१ ठापरीश्राली पांजरापोल में एक वैटेरीनरी सरजन (VETERENA-RY SURGEON) रखना चाहिये

२– ठापरीश्राली पांजरापोल संवधी जो पहले घर ठीठ रु १ से रु.५ तक लेना करार दिया गया है, उसको यह सन्ना मी मजूर करती हे.

३ रखोयाटीप उत्साहपूर्वक जराई जावे

४ मुर्शिवाद निवासी वावू लक्ष्मीपतिसिंहजी तथा वावू धनपतिसिंहजी में जो सिद्धाचलजीका रुपया वाकी है, उसके वसूल करनेके लिये कमीटी मुकर्रर की जाकर रुपया वसूल किया जावे

५ पालीताणाकी धर्मशालावालोने जो यात्रियोंसे अमुक रकम लेकर उतारनेका धारा चलाया है, वह वद किया जावे

६ जीर्णमंदिरोका उद्धार कराया जावे

७ तीर्थोका वहीवट ठीक तोरपर चलानेका इंतजाम किया जावे

८ गुरु हेमचंदजी खरतर गछवालोने जो खरतरवसीमे गरूबड़ मचा रक्खी है उसका प्रवंध किया जावे

९ पालीताणाके वारोटलोगोंने जो आसातना और अकृचल प्रचलित कर रक्खी है, उसका इंतजाम किया जावे

१० ज्ञानउद्धार किया जावे, और पुस्तकोद्धार किया जावे.

११ दूसरी जैनकांग्रेस मुंवईमें इकट्ठी होवे

इत्यादि वहुतसी वातोकी चर्चा चार दिनतक इस प्रथम जैनसमुदायकी महासन्नामे हुई कि जिससे इस सन्नाकी काररवाईको देखकर सव सज्जनोके दिल तृप्त होगये थे और यह ही आशा हो गई थी कि, अव जैनकोमका सुधारा वहुत नजदीक है

७ सन्नाके नामपर वहस और निर्णय.

इस सन्नाका नाम "जैनकांग्रेस" रक्खा जावे या नहीं, इस वातपर वहुत वहस हुई, और वादानुवाद होनेपर आखिरकार यह वात करार पाई कि, इस सन्नाका नाम "जैनसमुदायकी मोटी सन्ना" रक्खा जावे अगरचे सन्नाकी चोथे दिनकी वैठकमें यह विचार हुआ, परंतु शेठ लालनाई दलपतनाईने इस सन्नाकी काररवाईको रोजमर्रहतारके जरियेसे

मुंबईके प्रसिद्ध अखबारोंमें फर्स्ट जैनकांग्रेस के नामसे छपाया इसलिये उसवक्त हाजर हुए गृहस्थ इस सभाको किसी भी नामसे प्रकट करें. अन्य मनुष्योंमें तो यह सभा जैनकांग्रेस के नामसे ही प्रसिद्ध हुई.

इस महासभाका मुफस्सिल हाल श्री जैनधर्मप्रकाशके पुस्तक १० अंक १ में छपा हुआ है.

८ आगें कांग्रेस नहीं भरनेका कारण.

अपनी कोम और धर्मकी उन्नति चाहनेवालोंको जब यह प्रथम जैन-कांग्रेसका कल्पवृक्ष हाथ लग गया, तब उनके हृदय कितने प्रफुल्लित हुए? इसका खयाल ही अछीतरह किया जा सकता है. शब्दोंमें इतनी शक्ति नहीं है कि, उनसे ठीक तौरपर वर्णन किया जावे. उत्साहपूर्वक उस दूसरे वर्षकी महासभाका खयाल कर रहे थे कि इतने जल्दी बारह मास खतम होवें कि फिर अपने स्वामीभाइयोंके मुंबईमें दर्शन हों और जो जो अवनति इसवक्त हम देख रहे हैं उनके सुधारेकी सूचना की जावे लेकिन यह सच है कि अछी बातका पार पडना मुश्किल हैं. थोडे ही दिनोंके बाद यह बात सुननेमें आई कि अहमदाबादके वीसा श्रीमालियोंने यह ठहराव किया है कि, मुंबईकी कांग्रेसमें शामिल नहीं होना चाहिये. इस प्रतिपक्षीपनेका पूरा वृत्तांत श्री जैनधर्मप्रकाशके पुस्तक १० अंक ५ और ६ में छपा है. इसही प्रति-पक्षी पनेसे अथवा अन्य अन्य कारणोंसे फिर दूसरी कांग्रेसका मुंब-ईमें नाम निशान देखनेमें नहीं आया. अगरचे इसही पत्रके पुस्तक १० अंक ११ के मुवाफिक मुंबई शहरमें कांग्रेसके निमित्त वहांके रईसोंकी जनरल मीटिंग होकर रीसेप्शन कमीटी, तथा सबजेक्ट कमीटी, वगैरह मुकर्रर हुई. परंतु यह जनरल मीटिंग, आखरी मीटिंग मालुम देता है, इसके बाद स्वप्नमें भी उस कांग्रेसका कुछ अहवाल नहीं मालुम देता था. तथा जैसे बालक बरसातकी मोसममें भूरी मिट्टीके किल्ले बनाकर खुश होते हैं, और फिर उनके टूट जानेपर अफसोस होता है वैसेही इस कांग्रेसको देखकर खुशी हुई, और फिर इसके नेस्त नाबूद होजानेसे जो खुशी इसके होनेपर हुई थी, उससे ज्यादा रंज हुआ.

९ आयंदा कांग्रेस न भरनेसे खयालातों की उत्पत्ति.

कुदरतका फेरफार ऐसा देखने मे आया है कि, एक समय एक जगह आवादी है, तो दूसरे समय उस ही जगह वरवादी देखने में आती है एक समय एक मनुष्य धनाढ्य है, तो दूसरी समय उस की हालत वदली हुई मालुम देती है सूर्य सुवह के वक्त पूर्व दिशामें प्रकट होकर दोपहर तक जाहोजलाली दिखला कर सायकाल को पश्चिम दिशामे अस्त हो जाता है, और फिर समयानुकूल पूर्व दिशामें प्रकाशमान होता है जहां खुशी है, वहा रंज भी होता है और जहां रंज है, वहा खुशीका भी मोका आजाता है चुनाचे इस प्रथम कांग्रेसके भरनेसे जो खुशी हुई थी, उस के जारी न रहने से उस से ज्यादा रज हुआ परतु यह वात दिल मे दृढ जमी हुई थी कि, इस रंजके वदले कभी न कभी खुशीका मोकाभी जुरूर हांसिल होगा लेकिन इसहीके साथ दिल को कचाइयें भी आती थीं कि, जव जैनधर्म के आगेवानोने जिस कामको प्रचलित किया, वह जारी नही रहा ता, अव इस काम का दुवारा होना, या जारी रहना, एक हरक्यूलीयन टास्क (Herculean task) है होनहार वलवान होता है जिस वातको मुश्किल समझी जाती है, वह समय पाकर आसान मालुम होने लगती है, और जिसको आसान समझी जाती है, वह मुशकिल मालुम होने लग जाती है जैन समुदायकी वेहतरी जरूर होनेवाली थी इसलिये, वैसेही अदृश्यकारण मिलकर मनवाछित फल मिलनेका मोका मिला

१० राजपुतानामें २ मोटे तीर्थधाम.

राजपुतानामें दो मोटे तीर्थोंके धाम हैं एक श्री ऋषभदेवजीका, जो उदयपुर महाराणाजीके राज्यमें है उदयपुरतक रेल है, और उदयपुरके आगे १० या २० कोस वड़े वडे पहाडोमें होकर केसरयाजीको गाडियोंमें या इक्कोंमें जाना पडता है वहांके अधिष्ठायक हाजराहुजूर हैं और वहा धर्मकी महिमा खूब होरही है दूसरा तीर्थधाम मारवाड़में मेड़ताके नजदीक श्री फलोधीपार्श्वनाथजीका है इस गांवमें सो सवासो घरोंकी वस्ती है. और ज्यादातर सेवक लोग रहते हैं. इस जगह

मंदिर बड़ा आलीशान बना हुआ है. इस मंदिरके निकट ही मेरतारोड़ स्टेशन मोजूद है. यहांपर जोधपुर और बीकानेरकी रेल मिला करती है. रेलके निकट आजानेसे यात्रियोंको बहुतही आराम रहता है, और अपर इंडियाके यात्रियोंको फुलेरा स्टेशन होकर और लोअर इंडियाके यात्रियोंको मारवाड जंकशन होकर जानेमें सुगमता रहती है. यहांपर इस तीर्थको प्रकट हुये करीब ८०० वर्ष हुए हैं और इसका वृत्तांत यह है कि, एक गृहस्थकी गाय एक दरख्तके नीचे दूधसें झर जाती थी. जब दो चार रोज ऐसा मामला हुआ, तो उस गृहस्थनें गुवालसे पूछा, गुवालने कहा, यह गाय अपने आप वृक्षके नीचे जाकर झर जाती है, इस बातको वह गृहस्थ अपनी आंखोंसें देखकर चकित हुआ, परंतु कारण कुछ मालुम नहीं हुआ, रात्रिके समय अधिष्ठाता देवने उसको स्वप्न दिया कि नीचे देवाधिदेव श्रीपार्श्वप्रभुकी प्रतिमा बालूकी बनी हुई है. उसके ऊपर यह गाय झरती है. सो तुम उस प्रभुकी मूर्तिको निकाल कर, मंदिर बनाकर स्थापन करो? चुनांचे उस गृहस्थने उसहीके मुवाफिक पार्श्वप्रभुकी मूर्तिको उस जगह मंदिर बनाकर स्थापन की, प्रभुकी मूर्ति श्यामवर्णकी मनोहर है. दर्शन करके बहुतही आनंद आता है. मूलमंदिरके बाद चारों तरफ कोट वगैरह अजमेरनिवासी शेठ वृद्धीचंदजी सचेतीने बनाये हैं, और संवत् १९५७ की साल पीछे श्रीफलोधी तीर्थोन्नति सभाके प्रयाससे नागोरी दरवाजेके कोट नीचे यात्रियोंके रहनेके लिये नई कोटडियां बनी है.

श्रीफलोधी तीर्थपर कान्फरेन्स भरनेका विचार.

इस तीर्थपर वार्षिकोत्सव हिंदुस्थानी आसोज और गुजराती भाद्रवा वदि ९, १० का हुआ करता है, उस समय आम तोरपर हिंदुस्थानके और खास तोरपर राजपुताना और मारवाडके यात्री दस पंदरा हजार इकठे होते हैं. इस तीर्थकी हमने प्रथम यात्रा सन् १८९१ के आसोज मासमें वार्षिकोत्सवके वक्त कीथी, उसही वक्त इस तीर्थका चमत्कार इस कदर दिलपर असर कर गया कि हमेशा सालमें एक दफे आनेका विचार किया गया परंतु अंतराय कर्म बलवान् होनेसे विचारा हुआ काम थोड़े दिनतक पार नहीं पड़ा. आखिरकार संवत् १९५१ में मुंबईमें कांग्रेस नजर

ने से दिल में खयाल पैदा हुआ कि, अगर किसी मकान की छतपर च-
ढ़ना हो तो, जीने को छोड़ कर फलांग मारने से छत पर नहीं चढ़ा
जा सकता है सीधे रस्ते पडने से जायमकसदपर पहुंच जाते है
अगर सीधा मार्ग छोड़ दिया जाता है, तो, ठीक मुकाम पर नही प-
हुंचा जाता है इस खयाल के साथ यह विचार हुआ कि, श्री फलोधी
पार्श्वनाथस्वामीके वार्षिकोत्सव मे प्रायः करके राजपुताना के दस पंदरा
हजार यात्री इकठे होते हैं वे अपने वतन और मुल्कके हैं; उन का
अपना बोलचाल, राह रस्म, रिवाज, खानपीन वगैरह मिलता है. अजव
नहीं कि इन की मदद से रफ्ता रफ्ता फल प्राप्ति हो. यह खयाल कर के
यह हिम्मत होती थी कि. उस हाथ से खोए हुए हीरे को फिर प्राप्त
किया जावे और मरुधर देश के श्रावकोंकी सहायता से उस महल
की नीव डाली जावे कि, जिसमें कुल हिंदुस्थान के जैन समुदाय का
प्रदर्शन हो परंतु इस वात का खयाल होकर फिर तवियत रुक जाती
थी. और यह खयाल होता था कि, यह काम पार नहीं पड़ सकता है.
अक्सर यह खयाल होता था कि इस महासभा के फिर एकत्र करने
के लिये सब काम को छोड़कर, कटिवद्ध होके, कोशिश की जावे
परंतु फिर यह खयाल होता था कि, पानीके समुद्रमें एक बिंदुका
क्या पता ? जैन समुदाय में धर्मात्मा, श्रीमान्, शेठ का पद धारण क-
रनेवाले, अग्रेश्वर, समझदार कई श्रावक मोजूद हैं, उन के सामने एक
तुछ मनुष्य का प्रयास लश्कर के नक्कारे की आवाज के आगे एक पि-
द्दी नामक चिड़िया की चेंचाहट है थोडे दिन यह खयाल रहकर
फिर हिम्मत वधती थी, और अक्सर दिलमें यह वात जमती थी कि,
गृहस्थ धर्म को छोड़कर साधु होकर यथाशक्ति तपश्चरण करके इस
वातका निदान करूं कि, आयदा जैन समुदाय के हित का करने-
वाला होजाऊ, और जैनसमाज को फिर इकट्ठी देखकर कृतज्ञ होऊ,
परंतु फिर खयाल आता था कि, हिम्मत न हारकर कुछ न कुछ उ-
द्योग वहतरी के वास्ते किया जाना उचित है यह आपस में एक दू-
सरे के प्रतिपक्षी खयालात पैदा होते रहे इतने ही मे संवत् १९५१ के
आसोजमें वार्षिकोत्सवपर श्रीफलोधीतीर्थ की फिर यात्रा करने का

इत्तफाक हुआ; उस वक्त अजमेरनिवासी शेठ धनराजजी कांसटीया जी मोजूद थे. यात्रा करके उनसे विचार किया गया. और उन को प्रथम कांग्रेस का कुल हाल कहा गया. परंतु मारवाड़ में इस कामका शुरु होना असंजवित मालुम होता था; क्योंकि, अगरचे जैन श्वेताम्बर समुदाय की उत्पत्ति मारवाड़से ही है, और इस जूमि में अपूर्व तीर्थ जी मोजूद है; ताहम आज कल की शिक्षा की कमी की वजह से ऐसी बात का ऐसी जगहसे प्रचलित होना असंजव है. जब मंदिरजी में दर्शन किए, पूजा सेवा की विधि देखी, रहने, सोने, बैठने का आचार विचार देखा, परस्पर का मिलने जेटने का अजाव देखा, तो उसी वक्त निश्चय हो गया कि, यहां पर किसी तरहका प्रयास करना है सो महनत का फोकट गमाना है. इस लिये हमने अपने इरादे को किसी दूसरेपर प्रकट नहीं किया परंतु फिर जब रेल में बैठ कर वापिस लोटने लगे, तो रेल में इस बात को फिर थोड़ी देर चर्चे कर चुप होना पड़ा, एक वर्ष बात ही बात में निकल गया; जब फिर संवत् १९५३ के आसोज में यात्रा का मोका मिला, और यहां पर वह ही बरताव देखा, जो पिछले बरस में था; तो फिर इस बात को चर्ची, कि, अगर एक सजा इस तीर्थजूमि पर कायम की जावे, और उस सजा में साल दर साल यात्री मिल कर घंटे दो घंटे तक अपने खयालात एक दूसरे पर जाहिर किया करें, तो परस्पर प्रीति बढे. परंतु फिर इस खयाल को थोड़ी देर तक छोड़ कर वापिस लोटे तब फिर उक्त महाशय से सलाह हुई तो उन्होंने कमर बांधी, और कहा कि, साल आयंदा में एक सजा जुरूर कायम कर देनी चाहिये परंतु संवत् १९५४ के आसोज में धनराजजी का आना फलोधी नहीं हो सका; और संवत् १९५५ के आसोज में हमारा जाना नहीं हो सका; इस लिये बात ही बात में दो बर्ष और व्यतीत होगये, परंतु इस अरसे में यह खयाल पुख्ता तोर पर जमता रहा, और अन्य मनुष्यों पर जी प्रकट होता रहा. आखिरकार संवत् १९५६ के आसोज में फिर यात्रा का मोका मिला, और उस वक्त मनोबांछित फल की प्राप्ति हुई.

१७. "श्रीफलोधीतीर्थोन्नतिसभा" कायम हुई.

संवत् १९५६ में घोरानघोर दुर्भिक्ष (दुष्काल) "कि जिसको हिंदुस्थान ने कभी नहीं देखा होगा" प्रकट हुआ इस दुर्भिक्ष के डर से बहुत कम यात्री आये या तो इस तीर्थ पर दस पदरह हजार यात्रियों की धूम धाम देखने में आती थी, या आसोज वदि ९ को मुश्किल से १०० आदमी मालुम देते थे उस ही दिन जोधपुर, नागोर, बीकानेरको तारद्वारा समाचार दिये गए कि,. यहां पर कोई भय नहीं है, यात्रा के लिये जुरूर आवें इस पर आसोज वदि १० को सातसो आठसो यात्री इकठे होगए आसोज वदि ९ को श्री नवपदजीकी पूजा के समय जब ज्ञानपूजा शुरू हुई, उस वक्त कई सज्जनोसे कहा गया कि, अपन लोगां मे ज्ञान की बहुत कमी है, परस्पर प्रीति का अभाव है, अगर एक सभा यहां कायम की जावे तो भ्रातृभाव को तरकी मिल सकती है. जिस पर बहुत से महाशयोंने अपनी सम्मति प्रकट की, परंतु नवमी के दिन समुदाय कम होने की वजह से, दसमी के दिनपर सभा का कायम करना मुलतवी किया गया. आसोज वदि १० की रात्रिको २५० या ३०० गृहस्थों की मोजूदी में ज्ञान और विद्यापर भाषण दिया जाकर सब सज्जनो की सम्मत्यनुसार एक सभा कायम की गई, जिस का नाम "श्रीफलोधीतीर्थोन्नतिसभा" रक्खा गया. इस सभा में जुदे जुदे गावों के मेंबर चुने गए, और जनरल सेक्रेटरी का काम मुझ गुलाबचद ढढा के सिपुर्द किया गया, उस वक्त सभा में यह ठहराव हुआ था कि, इस तीर्थ के प्रकट होने का हाल अखबारोंमें छपवा कर जैन समुदाय को इस तीर्थ की यात्रा करने की सूचना दी जावे, चुनाचे इस तीर्थ के प्रकट होने का वृत्तांत श्री आत्मानंद पत्रिका के पुस्तक १ अंक ३ और श्रीजैन धर्मप्रकाश के पुस्तक १६ अक ५ में छपाया गया और संवत् १९५७ के आसोज के उत्सव की छपी हुई कुकुमपत्रिया करीब ५०० के ड़ेढ़सो गावों में हिंदुस्थान के कुल हिस्सोंमे भेजी गई, जब से इस तीर्थ की यात्रा करने को हिंदुस्थान के जुदे जुदे प्रात से यात्री आने लगे हैं

१३. संवत् १९५७ की काररवाई.

संवत् १९५७ की साल में आसोज मास में वर्षा अधिक होने से यात्री लोग मंदिर में ठहरने लगे, इस लिये इस आसादनाको टालने के लिये चंदा किया जाकर कोटडियां बनाई गई. और इस वर्ष में और कोई काररवाई जैनसमुदाय के एकत्र होने की नहीं हो सकी.

१४ संवत् १९५८ की काररवाई.

संवत् १९५७ के आसोज के उत्सव की बमुजिब उत्सव आसोज संवत् १९५७ कुंकुमपत्रियां तकसीम की गई, परंतु इस वर्ष बीमारी के ज्यादा फैलने से आसोज मास में विचारी हुई बात को पार पटकना कठिन समझा गया.

१५. संवत् १९५९ के चैत्रमें सिद्धाचल के प्रति यात्रार्थ गमन, और गुजरात काठियावाड़ में कान्फरेन्स का उपदेश.

चूंकि कान्फरेन्स के एकत्र करने की अभिलाषा बहुत दिनों से थी, और "श्रीफलोधीतीर्थोन्नतिसभा" के तीन जल्से हो चुके थे, मारवाड़ के गृहस्थ सभा के फ़ायदों को और एकता के नतीजों को बखूबी पहचान गए थे, हजारों रुपया लगाकर फलोधीमंदिर में यात्रियों के उतरनेके लिये कोटड़ियां बना चुके थे, इन की तरफ से गुजरात काठियावाड़ में फिर इस बातकी चर्चा उठा कर वहां के रंग ढंग देखने की इच्छा हुई.

१६. वडनगर में भाषण और हमारी रायके साथ सम्मति.

नया संवत् १९५९ के चैत्रसुदि १ को लगते ही हम जयपुर से रवाना होकर प्रथम वड़नगर पहुंचे, जहां पर मुनि श्री वीरविजयजी विराजते थे. वड़नगरमें श्रावक श्राविकाओं के समुदाय के सन्मुख अनुमान करीब एक घंटे तक कान्फरेन्स के फायदोंपर भाषण देकर, उन की इस विषय में सम्मति मांगी तो, उन्होंने हमारे मत के साथ इत्तफाक कर के विदित किया कि, जब कभी कान्फरेन्स होगी, तब हम लोग उस में शामिल हैं. कान्फरेन्स के हेतु प्रकट करने में सबसे विशेष बात यही दिखलाई गई कि कान्फरेन्स में शामिल होनेसे परस्पर हित, प्रीति, एकता और संप बढ़ता है. और इस संप की इस वक्त और हर वक्त

बड़ी भारी जुरूरत रहती है जब इत्तफाक से बेजान चीज जानदार चीज को बस मे कर लेती है, तो, फिर जानदार चीज मे इत्तफाक हो तो वह तो बहुत कुछ काम कर सकती हैं मसलन एक पत्नी किसी काम की नहीं, जब कई पत्नियां मिल जाती है और उन की मूज कूट कर रस्सा बनाया जाता है, तो उस रस्से से मदोन्मत्त हाथी को बांध देते हैं– एक पानी के बिंदु में कुछ ताकत नही है जब ऐसे ऐसे असंख्य बिंदु मिलकर नदी के तोर पर बहते हैं, तो जो कुछ उन के मुकाबले मे आता है उस को बहा ले जाते है इस ही तरह पर अगर हम लोगोंमें आपस मे संप होजावे, तो जो जो अवनतियें इस वक्त हम लोगोंमें देखी जाती है, उन सब का सुधारा बहुत आसानी से हो सकता है वडनगर के गृहस्थोंनें पहलीवार ही मे जो हम को अपना इत्तफाक प्रकट कर के हमारी हिम्मत बढाई है, उस के लिये वे गृहस्थ स्तुति के पात्र है

१७ पाटन में भाषण और सम्मति.

वडनगर से रवाना हो कर पाटन गये, वहां मुनि श्री कांतिविजयजी विराजते थे पाटन के गृहस्थो को भी व्याख्यान के समय कान्फरेंस के हेतओ के विषयमे सूचना दी तो उन लोगोने भी इस बात को पसंद कर के हमारीहिम्मत को और भी बढ़ाई

१८ अहमदाबाद में पहुंचे

पाटन से रवाना होकर अहमदाबाद पहुंचे, वहां पर मुनि श्री नेमिविजयजी केदर्शन कर के उन के साथ कान्फरेन्स संबधी बात चीत की तो उन को इस रंग मे बहुत अधिक रंगे हुए पाए उन्होंने अपनी सम्मति देकर इस के लिये खूब कोशिश करने के लिये हुक्म दिया, और यह भी प्रतिज्ञा की कि इस काम के लिये मे शेठ मनसुखभाई भगुभाई और शेठ लालभाई दलपतभाई को जुरूर कह कर उनकी राय शामिल कराऊंगा, इस इकरार से हमारी हिम्मत और भी बढ़ी, परंतु उस दिन कई कारणो से सभा न हो सकी और हम को वहांसे उसी दिन आगे को रवाना होना पड़ा, परंतु हम को यह वचन दिया गया था कि, मारवाड़ी वैसाख वदि २ को तुम्हारे अहमदाबाद मे पा-

लीताणे से वापिस आने पर उस ही दिन तीसरे पहर के वक्त सजा की जावेगी.

१ए नावनगर में सना और हमारी राय के साथ इत्तफाक.

इस इकरार से प्रफुल्लित होकर हम नावनगर जिल्ला काठियावाड़ में पहुंचे, और वहां पर शेठ कुंवरजी आणंदजी, तथा वहोरा अमरचंदजी जसराजजी तथा वकील मूलचंदजी नत्थुनाई से हमारा अनिप्राय जाहर किया, तो उन्होंने अपनी सम्मति देकर के दोप्रहर के वक्त हेंम्बिल छपवा कर दो घंटे के अंदर अंदर तमाम शहर में सायंकाल के वक्त सजा जरने की इतला दिलादी, चुनाचे इस का यह नतीजा हुआ कि शाम के वक्त करीब हजार आठसो सद्गृहस्थ सजा में मोजूद हुए, उन साहवों ने वहुत उत्कंठा के साथ हमारे नापण को सुना, और फिर हमारे नाषण की पुष्टी शेठ कुंवरजी आणंदजी, शेठ अमरचंदजी जसराजजी, वकील मूलचंदजी नत्थुनाई, मिस्टर मोतीचंदजी गिरधरजी वगैरहने नली प्रकार से की. और कुल सनाने कानूफरेंस के शुरू होने की आवश्यकता जाहर की; और अखीर में एक ठहराव इस वात का किया कि नावनगर के गृहस्थों की तरफ से अहमदावाद के शेठों को सूचना दी जावे कि वे आगे होकर इस काम को शुरु करें. यह काररवाई नावनगर के गृहस्थों की वहुत ही संतोषदायक हुई और हम को निश्चय हो गया कि"श्रीदेवगुरुकी कृपा से विचारा हुआ काम पार पड़ेगा.

२० पालीताणामें प्रथम सना.

नावनगर से रवाना होकर श्रीपालीताणा पहुंचे, वहां पर मुनिश्री दानविजयजी मुनिश्रीमणिविजयजी, मुनिश्रीकर्पूरविजयजी वगैरह वहुत साधुमुनिराज मोजूद थे, और कई जगह के यात्री नी मोजूद थे. यहां पर चैतसुदि १३ की रात को मोतीसुखया की धर्मशाला में शेठ जमनादासजी नगुनाई की प्रमुखता नीचे करीब २००० श्रावकश्राविकाओं की उपस्थिति में हमने नाषण दिया, और हमारे मतलव की पुष्टी मिस्टर फतेचंदजी कर्पूरचंदलालनने " कि जो उस वक्त वहां मोजूद थे " नली

प्रकार से की यात्रियोंनें हमारी बात को पसंद कर के प्रमुखसे प्रार्थनाकी कि एक यह प्रस्ताव पास किया जावे कि जैनियों की कान्फरेन्स होने की आवश्यकता है और अहमदाबाद के शेठोको इस ठहराव के मुवाफिक सूचना दी जावे कि वे आगे होकर इस काम को शुरु करे इस लेख-पर प्रमुख के तथा अन्य सद्गृहस्थो के हस्ताक्षर हुए

२१ पालीताणा में दूसरी श्रीचतुर्विधसंघ की सभा.

इस ही पालीताणाशहर में दूसरी सभा हिंदुस्थानी वैसाख वदि १ को उस ही धर्मशाला मे चतुर्विध श्रीसंघ की १२ बजे दोपहर से ४ बजे तक हुई, कि जिस मे ७० या ८० साधु इतनी ही साधवियां और हजार बारहसो श्रावक श्राविका मोजूद थे प्रमुख का पद मुनिश्री दानविजयजी ने धारण किया, और इस ही कान्फरेन्स के हेतुओपर विद्वत्ता भरे हुए भाषण हुए मिस्टर लालन का भाषण, और मुनि कर्पूरविजयजी तथा मुनि केसरविजयजी की सूचना, इस कान्फरेन्स के फायदो की तरफ हुई, आखिर कार प्रमुख की तरफ से, (क्यों कि मुनि श्री दानविजयजी उस वक्त बीमारथे, इस लिये) मुनि श्रीमणिविजयजीने धाराप्रभावके साथ एक घंटे से कुछ ज्यादा देर तक इस विषय की भली प्रकार से पुष्टी की जो गृहस्थ मोजूद थे उन्होने कान्फरेन्स की आवश्यकता को मंजूर की

२२ अहमदाबाद में दुबारा जाना और नगर सेठ के बंगले में सभा का होना

श्रीपालीताणा की दोनो सभा की काररवाई बहुत संतोषकारी रही, और हम को निश्चय हो गया कि अब हमारा विचारा हुआ काम शीघ्र ही फलदाई होगा और इस ही जगह हम को यह भी उम्मेद हो गई कि अहमदाबाद के शेठ भी हमारी प्रार्थना जरूर स्वीकार करेंगे, श्रीपालीताणे से पांच बजे शाम को रवाना होकर सोनगढ़ स्टेशन पर रात को ८ बजे पहुचे, और भावनगर से जो गाड़ी अहमदाबाद को जाती है, उस मे रवाना होकर वीरमगांव से हमारी मातुश्री को तो परभारी रवाना की, और हम अहमदाबाद करीब १२

वजे दोपहर के पहुंचे. स्टेशन पर मास्टर हीराचंद कक्कलभाई मोजूद थे, उन्होंने अहमदावाद के शेठों की आज्ञानुसार छपाए हुए हेंडविल हमारे भाषण के सारे शहर में तकसीम करदिये थे. उनके साथ उनके मकान पर पहुंच कर वहां से तीन वजे नगरशेठ के वंगले पर पहुंचे, वहां पर शेठ लालभाई दलपतभाई, शेठ मनसुखभाई भगुभाई आदि गृहस्थ करीब आठसो के मोजूद थे. हमारे सभामें पहुंचते ही हम को बड़ी खुशी के साथ आदर दिया और हमने जो लेक्चर दिया, उस को आनंदपूर्वक सुनते रहे. चूंकि हम को और स्थलों से कामयावी होगई थी, अव सिर्फ अहमदावाद में कामयाबी हांसिल करना था, इसलिये हमनें अपनी शक्ति के अनुसार जहां तक हमसे होसका, अहमदावाद के सरदारों पर कान्फरेन्स की आवश्यकता जमाई. हमने सच्चे दिलसे उन साहवों से प्रार्थना की कि, जिस वात की सूचना हम इस वक्त आप साहबों के सामने कर रहे हैं, यह वात आप लोगों के लिये नई नहीं है. वल्कि जो खयालात हमारे विद्यार्थी की हालतमें थे, उन को आप साहवोंने सम्वत् १९५० की फर्स्टजैनकॉंग्रैस भर कर पुष्टी दी थी. और उस कान्फरेन्स के असल मतलव को आपने उस प्रथम सभा से हमारे दिमाग में भली प्रकार जमा दिया था, हम उम्मेद करते थे कि इस सभा की काररवाई जारी रहेगी. परंतु कई कारणों से वह काररवाई बंद रही. इतने अरसे तक विचार करते हुए अव हम को ठीक मोका मिला है कि फिर उन्ही साहवों की सेवा में वह वात अज करें कि जिस का शुभ फल वे पा चुके हैं, चूंकि हमारे धर्म कार्य में अग्रेश्वर अहमदाबाद के शेठिया हैं, और हमारे स्वामी भाइयों का अच्छा जूथ यहां पर है, इस लिये इस कार्य में भी हम चाहते हैं कि अहमदाबाद के शेठिया इस को अपने मस्तकपर धारण कर हमारी जाति और धर्म की तरक्की इस ही शहर से शुरु करें. यह जीत का नक्कारा इस ही शहर से बजना शुरु होवे, यह फतेहयावी का झंडा यहां ही से फरके, यह इज्जत का ताज हमारे अहमदावाद के शेठियाओं के शिरपर रक्खा जावे. हम लोग मारवाड़ वगैरहके आप के साथ रह कर आपकी काररवाई में शामिल रहैंगे, परंतु इस काररवाई

का प्रारंभ अहमदावाद से होना मुनासिव है हमारा इरादा पक्का है कि अब वहुत जल्द काररवाई कान्फरेन्स की शुरु किई जावे, और अब वक्त भी आ गया है कि जिसमे हम को जाग कर सुधारा वधारा करने की जुरूरत है देश काल के अनुकूल कान्फरेन्स किसी न किसी जगह जुरूर शुरु होगा, तो फिर वहतर यह ही है कि यह मान का मुकुट अहमदावाद के शिर पर रक्खा जावे

२३ असंतोषकारी नतीजा

हमारी इस प्रार्थना को हाजरीन जलसाने एक चित्त हो कर सुना, परंतु हां या नां का जवाव साफ नहीं मिला, वल्कि एक ऐसा मुजवजव जवाव मिला कि, जिस से हमारी चाल वद होती थी, वह यह था कि आज के रोज सभा की इत्तला वहुत थोडे वक्त पहले मिलने से ठहों-न्यात के कुल आगेवान गृहस्थ नहीं जमा हुए हैं, और विनाकुल आगे वानो की सलाह के इस वात मे हामल नहीं भरी जा सकती, पंदरा दिन के वाद हमारे यहां नवकारसी का जीमण होगा, उस मे सब लोग आवेगे, वहां यह वात पक्की हो सकती है.

२४ दूसरी जगह कान्फरेन्स किई जावे उस की काररवाई में अहमदावाद की सम्मति.

इस जवाव के सुनने से हम सोच के समुद्र में गोता खाने लगे, क्योंकि पदरा दिन पीछे हमारा फिर अहमदावाद आना कठिनही नहीं, किन्तु असंभव था और जवतक अहमदावाद का हां या नां का जवाव नहीं मिले, उस वक्ततक आगेकोई काररवाई करना वद हो गया. इस लिये हाजरीन जल्सा से फिर प्रार्थना की कि अगर किसी कारण से अहमदावाद मे यह जल्सा इस वक्त न हो सके, और मारवाड़ मे इस की नीव डाली जावे तो आपलोगो की सम्मति है या नहीं, और आपलोग उस को पसंद करते हैं या नहीं, तो इस का जवाव संतोप कारक मिला कि अगर हमारे यहां इस जल्से का शुरु होना इस वक्त असंभवित मालुम हो, तो तुम जहां इस को शुरु करोगे उस में हमारी राय शामिल है

२५ अहमदाबाद के साथ पत्रव्यवहार.

अहमदाबाद से दूसरे दिन वैसाख वदि ३ को डाक गाड़ी से रवाना होकर जयपुर पहुंचे, परंतु चित्त की वृत्ति ठीक नहीं रही तोभी जिन जिन आगेवान गृहस्थों का नाम हम को मालुम हुआ था, उन को तथा खास कर के शेठ लालभाई दलपतभाई और शेठ मनसुखभाई भगुभाई को हमने पत्रद्वारा सचेत किये पर फल प्राप्ति न हुई.

२६ हिंदुस्थान के आगेवान सद्गृहस्थों के नाम चिठ्ठी.

जयपुर वापस आने के बाद महिना डेढ़ महिना विचार ही विचारमें खोया, आखिरकार यह बात दिल में पुख्ता तोर पर जमा ली कि जो कुछ हो सो हो आयंदा आसोज मास में फलोधी के उत्सव पर कान्फरेन्स की काररवाई को जुरूर शुरू करना चाहिये. लेकिन फिर यह खयाल आया कि, जबतक कुल हिंदुस्थान के आगेवानों की इस मामले में सम्मति नहीं हो, यह काम नहीं चल सकता है, और कुल हिंदुस्थान में फिरकर अपने अभिप्राय को जाहर करना नामुमकिन है; इस लिये श्रीपार्श्वप्रभु का स्मरण करके नीचे लिखे हुये मजमून की चिठ्ठियां उन साहबों के नाम भेजीं, कि जिन का नाम मजमून चिठ्ठी के बाद दर्ज किया जावेगा.

(अंग्रेजी चिट्ठीका नकल)

"SRI PHALODI TIRTHONATI SABHA OFFICE,'

Jaipur, 27th July 1902

FROM

THE GENERAL SECRETARY,

"SRI PHALODI TIRTHONATI SABHA"

To

Seth

MY DEAR BROTHER —

Be it known to your religious piety that the world renowned and time old Jain faith and the social condition of its followers require the most careful attention of every true Jain in order to maintain the dignity and high position upheld hitherto Ignorance, want of knowledge, absence of fellow feeling, sympathy and co-operation and allied circumstances, have all combined to reduce us to our present situation which is Jain in name only and not in substance *We see hundreds of our famine stricken brothers in religion dying of starvation* while ourselves enjoying full meals We see irreligious practices committed in temples situated on the most sacred hills and the plains We see our true cause marred for want of co operation and for the greatest want of one influential and all governing body of the Jains of India To serve the cause and to gain the purpose, time requires us to join together at some place in a representative body and to come to a conclusion which may guide us in our future actions

I may be allowed to draw your attention to the fact that Phalodi or Merta Road, situated as it is, on the Jodhpur Bikanir Railway and where an annual religious gathering already takes place, would form the best centre at present for us to assemble in a Jain Conference, and as the fair would be held on the 25th and 26th September next, it would be advisable to have our sittings on these dates I therefore beg to solicit your favor to enlighten me on the subject as to the views you hold and to let me know of your intention to take part in its proceedings I shall have invitation letters printed on hearing from you and so I hope you will kindly communicate to me your designs as soon as possible

Cordially yours,

G C DHADDA.

१७ अंगरेजी चिठी का भावार्थ--

" दफ्तर श्री फलोधीतीर्थोन्नति सभा "

मुकाम जयपुर तारीख २७ जोलाई सन् १९०२

अजतरफ जनरल सेक्रेटेरी. " श्री फलोधीतीर्थोन्नतिसभा "

व खिदमत शेठसाहब..

मेरे प्यारे भाईसाहब

आप की धर्म में रुचि होने से आप की पवित्र सेवा में विदित किया जाता है कि, इस जगत्विख्यात और अत्यंत पुरातन जैनधर्म और उस कि अनुयायियों की जातीयदशा की अबतक जो उच्चस्थिति और गोरव चला आया है, उस को अब बदस्तूर कायम रखने के प्रयत्नों पर हर सच्चे जैनी को बहुत हुशयारी के साथ ध्यान देना निहायत ही जुरूरी है- नावाकफियत, विद्या की कमी, हम दरदी व दिलसोजी का अभाव, एक दिल होकर आपसमें सहायता का न देना, वगैरहवगैरह हालतों ने मिल कर हम को हमारी आधुनिक दशा में ला डाला है कि, जो वास्तव में नहीं, सिर्फ नाममात्र में जैन हैं. हम हमारे कहतजदा सैंकडों जैनी भाइयों को भूख के मारे हुये दुर्दशा से मरते हुए देखते हैं, और हम खुद पेट भरकर रोटी खाते हैं. अत्यंत पवित्र पहाड़ों और मैदानों पर जो हमारे मंदिर बने हुए हैं, उन में धर्मविरुद्ध आचरण हम अपनी नजरों से देखते हैं. एक दिल हो कर आपस में मदद न देनेकी वजहसे, और ज्यादातर इस कारणसे कि हिंदुस्थान के कुल जैनी भाइयोंका एक बहुत जोरदार और सर्वाधिकारी समूह नहीं है; हम अपने सच्चे मतका नुकसान पहुंचता हुआ देख रहेहैं. धर्म की उन्नति करने और अपना इच्छित मतलब हांसिल करने के लिये समयानुकूल हम को किसी जगह पर रीप्रेजेन्टेटिव बॉडी (Representative Body) में इकठा होकर किसी परिणाम को पहुंचना चाहिये, कि जिस की सहायता से हमारी भविष्यत् कारखाइयां चलती रहें.

में आप को यह बात जाहर करने की इजाजत लेता हूं कि जोधपुर बीकानेर रेलवे में मेरतारोड स्टेशन पर श्रीफलोधीपार्श्वनाथस्वामीका सालाना धर्मोत्सव हुआ करता है, वह जगह इस वक्त जैन कान्फरेंस के एकत्र होने के लिये उम्दा मालुम होती है, और चूकि यह उत्सव २५ व २६ सप्टेम्बर को होगा, इस लिये अगर इन तारीखों पर कान्फरेंस का जलसा हो तो बेहतर है इस लिये प्रार्थना है कि कृपाकरके इस मामले मे जो आप की राय हो, उस से मुझे वाकिफ करें, और आप के इस जलसे मे शामिल होने के इरादे की इत्तला दें, ताकि में कुंकुमपत्रिया छपवा कर भेजू मे उम्मीद करता हूं कि आप महेरवानी कर के अपना अभिप्राय बहुत जल्दी प्रकट करेंगे–

सरलतापूर्वक आपका

गुलाबचंद ढढ्ढा–

नंवर	जिला.	शहर.	नाम.
५५	गुजरात	अहमदावाद	शेठ जैसिंघभाई हटीसिंघ
५६	"	"	माष्टर हीराचंद ककलभाई
५७	"	"	मिष्टर मोतीलाल कुशलचंद शा
५८	"	"	" भगुभाई फतेचंद कारभारी
५९	"	पाटन	वकील लहरूडाया
६०	"	महसाणा	जैनपाठशाला
६१	"	भडोंच	शेठ अनूपचंद मलूकचंद
६२	"	खंभात	शेठ पोपटभाई अमरचंद
६३	"	वड़ोदा	जोंहरी लीलाभाई रायचंद
६४	"	"	रायवहादुर वालाभाई
६५	"	"	अमीचंद मानकचंद
६६	"	पालनपुर	महता मंगलजी ईश्वरदास
६७	मुंवई	मुंवई	मुनि श्रीमोहनलालजी
६८	"	"	शेठ वीरचंद दीपचंद सी. आई. ई.
६९	"	"	शेठ फकीरचंद प्रेमचंद जे. पी.
७०	"	"	रायवहादुर शेठ मानकचंद कपूरचंद
७१	"	"	जोंहरी माणकलाल घेलाभाई
७२	"	"	मिष्टर मोहनलाल पूंजाभाई
७३	"	"	भांपणा हजारीमलजी
७४	"	"	माष्टर अमरचंद पी. परमार
७५	"	"	मिष्टर फतेचंद कपूरचंद लालन
७६	"	"	" मोतीचंद गिरधर कापडीया वी.ए.
७७	"	"	जोंहरी मोहनलाल मगनभाई
७८	"	"	वाबू चुन्नीलाल पन्नालाल जोंहरी
७९	"	"	"जीवनलाल भगवानलाल पन्नालाल.
८०	"	"	" फूलचंद कसतूरचंद
८१	"	"	शेठ हीराचंद मोतीचंद
८२	"	"	" गुलावचंद मोतीचंद

नंबर	जिला	शहर	नाम
७३	मुंबई	मुंबई	„ धर्मचंद उदयचंद
७४	„	„	मिष्टर लखमसी हीरजी म्हेसरी बी ए एल् एल् बी
७५	„	„	शेठ वसनजी त्रीकमजी
७६	„	„	„ जेठाभाई दामजी
७७	„	„	„ खेमचंद मोतीचंद
७८	„	„	„ मोतीचंद देवचंद
७९	„	„	„ अमरचंद तिलकचंद
८०	„	„	„ जगजीवण कल्याणजी
८१	„	„	„ देवकरण मूलजी
८२	„	„	„ मोहनलाल हेमचंद
८३	„	„	„ नेमचंद भीमजी
८४	„	„	„ वसनजी नाथू
८५	„	„	„ डुलभ कल्याण
८६	„	„	मिष्टर खीमजी हीरजी कायानी
८७	„	„	„ टोकरसी नैणसी
८८	काठियावा.	भावनगर	शेठ कुंवरजी आणदजी
८९	दक्षिण	धुलिया	शेठ सखारामभाई डुलभजी
१००	„	हैदराबाद	शेठ थानमलजी लूणिया

२ए प्रत्युत्तर में बहुत से सद्गृहस्थों ने कान्फरेन्स होने की राय दी.

इन चिट्ठियों के प्रत्युत्तर में कलकत्ता, अहमदाबाद, मुंबई, बडोदा, इंदोर, प्रांतीज, महसाणा, भावनगर वगैरह शहरोंसे बहुतसे सद्गृहस्थोंने कान्फरैंस के साथ सम्मति जाहर की, और कान्फरैंस के शुरु करने की आवश्यकता बतलाई, इस लिये इन रायों की प्रबलता देख कर "श्रीफलोधी तीर्थोन्नति सभा" के मुख्य मेम्बरों की याने शेठ पूनमचंदजी सावणसूखा प्रेसीडेंट व महता बखतावरमलजी पेटरन व शेठ हीराचंदजी सचेती वगैरह की राय ली गई, कि अगर आसोज मास में श्रीपार्श्वप्रभु के वार्षिकोत्सव पर अपनी सभा के जल्से में प्रथम कान्फरैन्स की नीव डाली जावै, तो अच्छा होगा. इस पर उन साहबोंने इजाजतदी, और खुशी के साथ प्रकट किया कि यह काम अवश्य होना चाहिये. इसलिये " श्रीफलोधीतीर्थोन्नतिसभा " की तरफ से नीचे लिखे हुए मजमून की कुंकुमपत्रियां छपवाईः—

३० "श्रीफलोधीतीर्थोन्नतिसभा की तरफ से प्रथम कान्फरैंस की छपी हुई कुंकुमपत्रिका जारी की गई.

॥ श्री पार्श्वनाथजी ॥

बुद्धेः फलं तत्त्वविचारणं च, देहस्य सारं व्रतधारणं च ॥
अर्थस्य सारं किल पात्रदानं, वाचः फलं प्रीतिकरं नराणाम् ॥ १ ॥

॥ स्वस्ति श्री पार्श्वजिनं प्रणम्य.......................................

नग्रे महाशुभस्थाने पूज्याराध्ये दृढधर्मवान् सुश्रावक पुन्यप्रभावक श्रीदेवगुरुभक्तिकारक परमप्रीतिपात्रादि सर्वेशुभोपमालायक धर्मस्नेही साधर्मी भाई साहब श्री~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~

तथा समस्त श्री संघ योग्य फलोधी (मेड़तारोड़) से लिखी "श्रीफलोधीतीर्थोन्नतिसभा" का अतिप्रेमपूर्वक प्रणाम कबूल करावशोजी. अत्रे श्रीदेवगुरुप्रसादे कुशल मंगल है आपकी सदा कुशल चाहते हैं. विशेष समाचार यह है कि, श्रीफलोधीपार्श्वनाथस्वामी की यात्रा का वार्षिकोत्सव श्रीफलोधी में मिती आसोजवदि ७ गुरुवार और १० शुक्र-

वार मुताविक तारीख २५ और २६ सप्टेम्वर (गुजराती जाद्रवा वदि० और १०) को होगा, कि जिस की सूचना तीनवर्ष से वरावर आप की सेवा में जाती है हजारो यात्री दर्शन करने को नाना देशों से आवेंगे इस समय यात्रा करने से तीर्थयात्रा का फल और श्रीसंघके दर्शन का लाज होगा इस तीर्थ की महिमा विशेष कर के आपको पहिले की कुंकुमपत्रियों से मालुम हो सकती है—

"श्रीफलोधीतीर्थोन्नतिसजा" का सालाना जल्सा जी इन ही दिनों में होगा, जिस मे मामूली काररवाई के अलावा इस पंचमकाल में डुर्जिक्ष के पीडे हुए स्वामी जाइयो की दुर्दशा के सुधारे का तथा लौकिक पारलौकिक अनेक वातों का जली प्रकार से प्रवध करने का और केलवणी विद्योन्नति वगैरह कार्यों मे सहायता देने का विचार किया जावेगा और इत्तफाक के साथ हमारे सुधारे की तरफ कोशिश की जावेगी इस सजा मे आप जैसे समजदार दयालु सद्गृहस्थों के शामिल होने से इस सजा की काररवाई वतोर "जैनकानूफरेन्स' के होसकती हैं; और ऐसे कानूफरंस का इस समय में होना वहुत ही जुरूरी है इस का दारमदार विदेशी सद्गृहस्थो के अधिक पधारने पर है. इस लिये आशा की जाती है कि इस जात्युन्नति के काम मे उत्कंठा के साथ आप सर्व साहव मित्रमंडलीसहित उक्तसमय पर पधारकर श्रीजैन धर्म को जली प्रकार दिपावेंगे.

श्री फलोधीतीर्थ पर पानी की कमी नहीं है, और जोधपुर वीकानेर रेलवे में मेरतारोड नाम का स्टेशन है

कृपा कर के इस पत्रीको श्रावक समुदाय में तथा मंदिरजी व उपासरे मेंपढ कर सकल श्री सघ को यात्रा की सूचना देकर लाज उगनाजी—

श्री उक्तसजा के आज्ञानुसार

मु. जयपुर तारीख ६ सप्टेम्वर सन् १९०२ ई	गुलावचद ढढा एम् ए नाजिम निजामत सवाई जयपुर. जनरल सेक्रेटेरी "श्री फलोधीतीर्थोन्नतिसजा"

३१ जैनमासिकपत्रों द्वारा ७००० कुंकुमपत्रियां तकसीम की गई.

इस मजमून की १२०० कुकुमपत्री गुजराती अक्षरों में छपी हुई

हिन्दीजाषा की जावनगर वाले शेठ कुंवरजी आणंदजीने अपने विख्यात मासिकपत्र में मुफ्त में तकसीम की कि जिस की वजह से उन गुजरात काठियावाड़ वगैरह के सद्गृहस्थों और उन की मित्रमंरुली को कि जिन के पास यह पत्र जाता है, हमारा हेतु अछी तरह मालुम हो गया; और ६०० कुंकुमपत्रियां गुजराती जाषा और गुजराती अक्षरों में छपी हुई मिष्टर गोकुलचंद्र अमथाशा अहमदावाद वालोंने अपने नवीन पत्र के जरये से मुफ्त में तकसीम कीं, जिस से उन के ग्राहकों को और उन ग्राहकों की मित्रमंरुली को हमारा कार्य मालुम हुआ और २०० कुंकुमपत्री हिंडुस्थानी जाषा और नागरी अक्षरों में छपाकर लाला जसवंतराय जैनी लाहोर वालोंने श्रीआत्मानंद पत्रिका के जरये से मुफ्त में तकसीम कीं, कि जिस की वजह से पंजाब वगैरह मुल्कों के उन के ग्राहकों को कान्फरेंस जरने का हाल अच्छी तरह मालुम हो गया. इन कुंकुमपत्रियों के अलावा इन पत्रों में वकतन फवकतन आर्टीकिल्स छपवा कर के जी वाचकवर्ग को सूचना दी गई.

३७ करीब ८०० कुंकुमपत्रियां डाक मारफत जेजी गई

इन पत्रों के अलावा उपरि लिखे हुए मजमून की करीब ८०० कुंकुमपत्रियां हिंडुस्थानी जाषा और अक्षरों में छपाकर डाक के मारफत हिंडुस्थान के मुख्तलिफ जिलों में जेजीं, कि जिस का मुफस्सिल गोशवारा इस रिपोर्ट में इस गरज से दर्ज किया जाता है कि, अव्वल तो प्रथम कान्फरेंस की जिन जिन महाशयों को इत्तला दी गई उस की एक याददाश्ती आयंदा के लिये हरवक्त मोजूद पावे, और आयंदा जी काम पड़े जब आसानी के साथ इतने गावों का पता चल सके. दूसरा फायदा इस गोशवारे के दर्ज करने से यह विचारा गया है कि अगरचे यह गोशवारा पूरी डाइरेक्टरी का काम नहीं दे सकता है, ताहम एक किस्म की डाइरेक्टरी जी समजी जासकती है. तीसरा फायदा यह है कि हम को इस गोशवारे से मालुम हो सकता है कि, किस शहर में कौन २ जाई ऐसे हैं कि जिन के साथ पत्रव्यवहार करनेसे हम को हमारे सवाल का जबाब मिल सकता है, इन कारणों से वह फहरिस्त यहां पर आगे दर्ज की जाती है—

३३. याददाश्त व कैद नाम गाव व ज़िला जहां कुंकुमपत्रियां डाकमारफत भेजी गईं.

नम्बर शुमार	नाम असामी	शहर	जिला
	राजपुताना		
१	श्रीपार्श्वनाथजी का मंदिर	मेरता रोड	राजपुताना
२	सैंसमलजी भड़गतिया	मेड़ता	”
३	रिखबदासजी भांभावत	”	”
४	साह भगवानदासजी	”	”
५	रिखबदासजी तातेड़	”	”
६	महता समीरमलजी	”	”
७	पीरचंदजी भंडारी	”	”
८	शिवदानमलजी कोठियारी	”	”
९	भगवानदासजी सांढ	”	”
१०	सरदारमलजी धाडीवाल	”	”
११	श्रीजैनमंदिर	”	”
१२	दीपचंदजी प्रेमचंदजी खजानची	नागोर	”
१३	बछराजजी चोरडीया	”	”
१४	मुकन्दचन्दजी अमरचन्दजी खजानची	”	”
१५	गुलाबचन्दजी तोलावट	”	”
१६	ठगनमलजी डागा	”	”
१७	फूलचंदजी चोरडीया	”	”
१८	जीतमलजी महता	”	”
१९	गुलाबचंदजी चोधरी	”	”
२०	ठगनमलजी सुराणा	”	”
२१	अबीरचंदजी लोढा	”	”
२२	बखतावरमलजी भंडारी	”	”
२३	केवलचंदजी भंडारी	”	”
२४	किशनचंदजी महता	”	”
२५	मोहनलालजी	”	”
२६	जगरूपमलजी कोठियारी	”	”

नम्बर शुमार	नाम असामी	शहर	जिला
२७	कजोडीमलजी सुरट	नागोर	राजपुताना
२८	बखतावरमलजी चोधरी	,,	,,
२९	मगनराजजी गोरीवाल	,,	,,
३०	कुशलराजजी कोठियारी	,,	,,
३१	शिवदानमलजी वैंगानी	,,	,,
३२	साह सुपारसमलजी	,,	,,
३३	रनगरू बगनमलजी	,,	,,
३४	पूनमचंदजी सावणसूखा	बीकानेर	,,
३५	चांदमलजी ढढ्ढा	,,	,,
३६	मिलापचंदजी नेमीचंदजी धाड़ीवाल	,,	,,
३७	गुमानमलजी वरड़ीया	,,	,,
३८	शिवचंदजी सुराणा	,,	,,
३९	जेठमलजी बोथरा	,,	,,
४०	मोहनलालजी दफ्तरी	,,	,,
४१	लक्ष्मीचंदजी महता	,,	,,
४२	जेठमलजी रतनलालजी ढढ्ढा	,,	,,
४३	सिरीचंदजी कोचर	,,	,,
४४	लक्ष्मीचंदजी कोचर	,,	,,
४५	श्रीजैनमंदिर	,,	,,
४६	श्रीमहता कोचरां का मंदिर	,,	,,
४७	बखतावरमलजी महता	जोधपुर	,,
४८	खुशालराजजी महता	,,	,,
४९	शिवराजजी महता	,,	,,
५०	जुगराजजी महता	,,	,,
५१	फोजराजजी महता	,,	,,
५२	रतनराजजी महता	,,	,,
५३	चांदमलजी महता	,,	,,
५४	सरदारसिंहजी किशनसिंहजी महता	,,	,,

नम्बर शुमार	नाम श्रासामी	शहर	जिला
५५	रामराजजी महता	जोधपुर	राजपुताना
५६	तेजराजजी टांटीया महता	”	”
५७	वदरीनाथजी महता	”	”
५८	सिरैमलजी ढढ्ढा	”	”
५९	मनोहरमलजी ढढ्ढा	”	”
६०	हनवंतचदजी भंडारी	”	”
६१	लालचदजी भंडारी	”	”
६२	सुगनचदजी भंडारी	”	”
६३	जीतचदजी भंडारी	”	”
६४	गिरधारीमलजी भंडारी	”	”
६५	श्रानदराजजी भडारी	”	”
६६	सरूपचंदजी भडारी	”	”
६७	सूरचंदजी भंडारी	”	”
६८	साह केसरीमलजी जैतारणवाला	”	”
६९	केवलचदजी भडारी	”	”
७०	कानमलजी पटवा	”	”
७१	शिवराजजी दफ्तरी	”	”
७२	रामराजजी चोधरी	”	”
७३	मालुमचदजी सुरट	”	”
७४	पेमराजजी कुमट	”	”
७५	नोरतनमलजी भाडावत बी ए एल्. एल् बी	”	”
७६	शिवराजजी तेजराजजी रावत भडारी	”	”
७७	पारसमलजी लोढा	”	”
७८	साह सुजाणमलजी मुकदमलजी	”	”
७९	लक्ष्मीनाथजी	”	”
८०	कांसटीया सूरजमलजी	”	”
८१	लक्ष्मीचदजी वच्छावत	”	”
८२	दीपचंदजी पारख	”	”

नम्बर शुमार	नाम आसामी	शहर	जिला
८३	सूरजमलजी पारख	जोधपुर	राजपुताना
८४	तेजमलजी पोरवाल	पाली	„
८५	चांदमलजी बजेड़	„	„
८६	साह निहालचंदजी सर्राफ	„	„
८७	साह सूरजमलजी जसराजजी	„	„
८८	साह पन्नालालजी गोलेछा	„	„
८९	साह भैरूदासजी कोचर	„	„
९०	साह कुन्दणमलजी महता	„	„
९१	शिवराजजी संघवी	„	„
९२	महता बखतावरमलजी	„	„
९३	श्रीनवलक्खा पार्श्वनाथजी का मंदिर	„	„
९४	नेमीचंदजी ढढ्ढा	फलोधी पोकरण	„
९५	फूलचंदजी गोलेछा	„	„
९६	भोगमलजी मावक	„	„
९७	सूरचंदजी भंडारी	बाली	„
९८	हीराचंदजी चोपड़ा	लोहाट	„
९९	करणीदानजी खूबचंदजी	„	„
१००	सरूपचंदजी भंडारी	मारोठ	„
१०१	परतापमलजी चोपडा	बालोतरा	„
१०२	श्रीसंघ	खजवाणा	„
१०३	साहबचंदजी कोठयारी	डेगाना	„
१०४	महता जीवणराजजी पिरथीराजजी	जालोर	„
१०५	श्रीसंघ	„	„
१०६	श्रीसंघ	सोजत	„
१०७	महता शिवदानमलजी	चाणोद	„
१०८	बगनचंदजी भंडारी	भीलाडा	„
१०९	जुगराजजी महता	„	„
११०	रायचंदजी नथमलजी	कुचेरा	„

नम्बर शुमार	नाम आसामी	शहर	जिला
१११	महता धनराजजी रूपचदजी	पीपाड	राजपुताना
११२	वागमलजी परतावमलजी	आहोर	,,
११३	रामजी किशनाजी	,,	,,
११४	जीवणचदजी गधी	जैतारण	,,
११५	वस्तूरामजी अगरचंदजी	,,	,,
११६	सरदारमलजी फूलचदजी	पोकरण	,,
११७	कामदार महता जसराजजी	,,	,,
११८	महता साहिबचदजी	खीमेल	,,
११९	सोभाचदजी माणकचदजी	सादड़ी	,,
१२०	दलीचदजी धीरजमलजी	,,	,,
१२१	महता नवलराजजी	कुचेरा	,,
१२२	जेठमलजी चोथमलजी कोचर	लाड़नु	,,
१२३	सुलतानमलजी संघवी	,,	,,
१२४	हुकमचंदजी चिमनरामजी वैद	,,	,,
१२५	नेमीचंदजी संघवी	वीदासर	,,
१२६	शोभाचदजी हणवतमलजी वेगाणी	,,	,,
१२७	इन्दरचदजी गुलावचंदजी	सुजानगढ़	,,
१२८	चन्दणमलजी कोचर	,,	,,
१२९	गम्भीरचदजी सुराणा	,,	,,
१३०	वालचंदजी वनवारीलालजी वैंगाणी	,,	,,
१३१	आनदमलजी दोलतमलजी लोढ़ा	,,	,,
१३२	श्रीपचायती मंदिर	जयपुर	,,
१३३	श्रीनया मंदिर	,,	,,
१३४	श्रीतपां का मंदिर	,,	,,
१३५	श्रीमालों का मदिर	,,	,,
१३६	श्रीधर्मशाला	,,	,,
१३७	उपासरा श्रीपुज्यजी	,,	,,
१३८	उपासरा यती ज्ञानचंदजी	,,	,,

नम्बर शुमार	नाम आसामी	शहर	जिला
१३९	नथमलजी गोलेछा	जयपुर	राजपुताना
१४०	कन्हैयालालजी ढढ्ढा	„	„
१४१	कन्हैयालालजी डागा	„	„
१४२	भैरूंलालजी कन्हैयालालजी पूंगल्या	„	„
१४३	गोकलचंदजी पूंगल्या	„	„
१४४	रतनलालजी फोफल्या	„	„
१४५	भूरामलजी सुगनचंदजी चोरडीया	„	„
१४६	लछमणलालजी केसरीमलजी चोरडीया	„	„
१४७	कुंदणमलजी पूनमचंदजी भंडारी	„	„
१४८	गुलाबचंदजी ढोर	„	„
१४९	छगनलालजी हीरालालजी टांक	„	„
१५०	नथमलजी बांठिया	„	„
१५१	चंदनमलजी पूनमचंदजी कोठयारी	„	„
"I can hardly express the feelings that were created in me when I received your kind favour of the 26th ultimo, which were of two sorts; viz, one for your kindness remembering a stranger that had only a passing acquaintance with you when you were here last and secondly it was a joy at hearing the at least a partial fulfilment of a hope that I cherished for years together for the regeneration of our Jain brothers You have more than pointed a vivid picture of the fallen state of ourselves and our religion. (Unless) some efforts like one which you are now starting are made we shall have to go downwards still. Gone is the study of our religious philosophy by our brothers, gone is also the feeling of reverence for our sacred places and lastly gone for ever is perhaps (I hope I am wrong) our past prosperity. I have been for long maturing a plan for doing something in the matter. It was however, very difficult, if not impossible, for a man like myself to give it any shape owing to want of spmpathy from our own brothers with whom I talked over the subject. It was by accident, I should say that I formed your acquaintance. I found to my joy and surprise that there were better and abler persons who were also not only thinking like myself, nay more, actually working in the line which had only an imaginary existence in my heart.

......I hope to be there on the meeting days and request you to kindly inform me whether I shall be allowed to speak out my views in Hindustani language before our assembled brothers......"

७. मिष्टर गोकलचंद अमथाशा तारीख ७ सैप्टेम्बर सन् १९०२ के कार्ड में लिखते हैंः—

"Thanks for your Post Card. I value the matter as my life and will do the best I can—I wish I be free in time."

८ माष्टर हीरांचंद ककलभाई तारीख १० अगष्ट सन् १९०२ के पत्र में लिखते हैंः—

"आप जे जैन कांग्रेसनु काम उपाडयुं छे ते घणूं स्तुतिपात्र छे में मारा मित्रो नें ते विषय वात कही छे. श्रीफलोधी पार्श्वनाथना वार्षिक दिवसे जैनी भाइयोनो मेलावडो थाय छे ते वखते त्यां आववाने में मारा मित्रानें आमंत्रण करयूं छे—

ए महता मंगलजीभाई ईश्वरदास पालनपुरसे तारीख ए अगष्ट सन् १९०२ के पत्रमे लिखते हैं.—

"I have duly received your letter of the 31st ultimo and have great pleasure to state that the views conveyed therein and the objects of the Conference you are going to convene are very excellent and will of course do much good if carried out

Wishing you and Shri Phalodi Tirthonnati Sabha success in your praiseworthy efforts &c"

१० मिष्टर फतहचद रामचंद कारभारी सादडासे तारीख २१ सैप्टेम्बरके पत्रमे लिखते हैं —

" I have full sympathy with this noble cause and heartily thank you for the kind trouble you take in the interest of our community I hope you will try to hold the next meeting at Palitana

I have already instructed my son Bhagu F Karbhari to proceed to Phalodi

Really I am sorry for not joining our grand meeting but I hope my absence will be represented by my son"

११ राय वहाडुर वालाभाई वडोदा से तारीख२ अगष्ट सन् १९०२ के पत्र में लिखते हैं.—

"I duly received your very interesting and energetic letter of the 31st

I entirely agree with you in your view of the present condition of the Jains and the necessity there is for improvement But it is a Herculean task and would require much trouble to accomplish it In my humble opinion it will be better to hold the Conference as you propose and enlist the sympathy of those that are present there But you should remember that most of our people are illiterate and as you have to deal with such a material you should have for the object of the Conference extremely simple matters in the commencement, I mean objects which the majority will understand of itself and will be inclined to act

I am unable to join myself as I am in service I hope you will have every success

१२ मिष्टर मगनलाल चुन्नीलाल वेद आनरेरी सेक्रेटेरी श्री आत्मारामजी जैनपाठशाला व पुस्तकालय वडोदा से तारीख २३ सेप्टेम्बर सन् १९०२ के पत्र मे लिखते है —

" ......The whole credit of this Conference is due to Brother Golabchandji. I wish every success to his unselfish undertaking.'

१३. जोहरी हीराचंद मोतीचंद सूरतसे तारीख २ अगष्ट सन् १९०४ के पत्र में लिखते हैं;

" I have duly received your kind letter No. 261 and I fully agree with you as to the views expressed in it.... ....I am willing to join the meeting you have kept on the fair occasion but I single-handed from this side of the country cannot do anything in it. So if you invite other Sethias on this side (and they are not a few) I conjointly with them will do what I can in the matter. If they will join the Sabha, I will very willingly attend the Sabha and dischaige my duty."

१४. शाह जवेर तथा रतनचंद कावीठासे मिती भादवा वदि ५ सम्वत् १९५८ के पत्रमें लिखते हैंः—

" आप तर्फथी अमारा जेवा पामर प्रमादी नें जाग्रत करवानें "श्रीजैनधर्मप्रकाश" मासिक पत्र भावनगर जैनसभा तरफ थी निकले छै तेनें पुस्तक १८ अंक ६ मां विषय आव्यो तथा विशेषमां आप तरफ थी रवाना करेली कुंकुमपत्रिका उत्तम कामना मेलावड़ाना शुभ वर्तमान दर्शक आई ते वांची परम आनंद थयो छै के आप जेवा महरवानो शाशन उन्नति अर्थे मोटो वोजो उपाड्यो छै तेने माटे धन्य वाद छै,

१५. शेठ अनूपचंद मलूकचंद भरूचसेमिती सावण सुदि ३ सम्वत् १९५८ के पत्र में लिखते हैंः—

" सर्व कार्यों सफल करवा फलोधी मां जैन मंडल एकठुं करवा धारो छो ते बहु सारी वात छै अने तमारूं इच्छित सफल थावो. ए विषय मारो विचार तो अहमदावाद तथा मुंबईथी क आवे छै, कारण जे आ काममां नाणानी जरूर छै माटे नाणावालानें असर थाय; वली नाणावाला बधा गृहस्थो फलोधी पगला करसे ए असंभव छै, माटे जिहां नाणावाला ते स्थले अेकठा थवुं जोइये, तेम छतां धनाढ्य ग्रहस्थोना समाचार आपने मल्या होय तो महारी हरकत नथी.

मने ऐ जैनमंमल एकठुं थाय तेमा लाज्ञ आपवा लख्युं ते लाज्ञ लेवानी पूरी इछा छे. आप जे तारीख मुकर्रर करशो ते तारीखे निरावाधपणुं हतु हु, ते तेम हसे तो जरूर लाज्ञ लेवा आविश "

(७) काठियावाड़–

१. मिष्टर मोतीचंद गिरधर कापडीया वी ए. जावनगर से तारीख २२ सैपूटेम्वर सन् १ए०२ के पत्र में लिखते हैं:–

" My health does not allow me to join the movement undertaken by you I have full sympathy with what you and other members carry out at Phalodi I as a member of the Jain Union declare our full sympathy for your undertakings "

२ मिष्टर त्रिज्ञुवनञोधवजी शा वी ए. जावनगर से तारीख २४ सैपूटेम्वर सन् १ए०२ के पत्र में लिखते है:–

" I sincerely sympathise with your great and laudable efforts to ameliorate the condition of the Jains I wish the next meeting may be held at Palitana a place most convenient for all to meet at Wishing you success in your undertaking "

३ मिष्टर नानचद वेचर वी ए. जावनगर से तारीख २२ सैपूटेम्वर सन् १ए०२ के पत्र मे लिखते हैं.–

" I know that your efforts are directed for the amelioration and friendly commerce of our Jain brothers scattered over the most part of India Your Zeal and assiduity and generosity are unparalleled among our Jains I do not wish to address you a flattering letter, but what I have felt and what I have heard and seen, has convinced me of your sincerity in the work "

४ माक्टर त्रीज्ञुवनदास मोतीचंद शा एल्, एम, ऐस, जूनागढ से तारीख २० सैपूटेम्वर सन् १ए०२ के पत्र मं लिखते हैं –

"As plague is raging in some of the districts of this State I am unable to have the pleasure of attending our Phalodi Sabha to be held in this month. Please express my regret to our brethren and excuse

५ मिष्टर रतनचद मूलचद महता सेक्रेटेरी श्री जैनधर्मविजय पुस्तकालय वीरमगाम से तारीख२४ सैपूटेम्वर सन् १ए०२ के पत्र में लिखते हैं.

"Your invitation letter was fully explained to our Jain brothers here in a meeting specially convened for the purpose the day before yesterday night. The aims and objects of holding the Jain Conference were also fully propounded and an earnest request was made to the Jain Sangh here to depute at least one or two gentlemen to be present at the Conference The whole meeting has unanimously approved of your Commendable object."

६. मिष्टर लक्ष्मीचंद माणकचंद आनरेरी सेक्रेटैरी जैन लाइब्रेरी मोरवी से तारीख १३ सैप्टेम्बर सन् १९०२ के पत्र में लिखते हैं:—

"Your kind and hearty invitation of the Jain Conference to be held at Phalodi on the 25th instant was duly to hand by yesterday's post. I and my friends and acquaintances were extremely glad to read its contents.

Your noble ideas for the reform are highly appreciated by my circle and they earnestly request your favour to take opportunity to visit Morvi once.

At last I take permission to request your Honour that setting aside other matters of small importance you should be pleased to try your utmost to unite the two Jain Communities which are at present seen to be on good terms in many places. I and my friends are bent on doing so and in Morvi there is not a single ingredient of enmity or jealousy. The Sthanekvasis of the cultivated mind praise the noble idol and vice versa. If these two parties come to terms the hope of our future prosperity is not far."

श्वेताम्बरीय जैन कान्फरन्स

की

रिपोर्ट.

भाग दूसरा

अर्थात्

खुलासा कार्रवाई

अधिवेशन

प्रथम

स्थान फलोधी

सन् १९०२ ई

॥ श्री पार्श्वनाथाय नमः ॥

१ सभा मंरूप

प्रथम भागके अवलोकनसे विदित होगा कि इस कान्फरेन्सके शुरु करनेमें कुल जैन समुदाय के आगेवान सद्गृहस्थोंकी राय थी। और इस कान्फरेन्सके साथ दिली हमदर्दी और दिलसोजीके पत्र हिंदुस्थानके जुदे जुदे भागोके अगवा जैन गृहस्थोंके आचुके थे तारीख २५ सैप्टेम्बर सन् १९०२ के पहले हजारों यात्री फलोधी पहुंच चुके थे और "श्रीफलोधी तीर्थोन्नति सभा" की तरफसे प्रतिनिधियोंकी आगत स्वागतका इंतजाम किया गया था कान्फरेन्स के जलूसे के वास्ते श्री पार्श्वनाथस्वामी के मंदिर के बाहर और बाहर के पड़कोटे के अन्दर मैदानको साफ कराकर शामीआना खडा कराया गया था और इस शामीआने के अन्दर कोई कुर्सी वगैरह नहीं रक्खी गई थी न कोई खास बैठकका प्लेटफार्म किसी के वास्ते कायम किया गया था बल्कि शामीआने के अदर दरी और चान्दनी बिछाई गई थी कि जिसपर पुराने हिन्दुस्थानी फैशन के मुवाफिक सब सरदार एक जाजमपर उपस्थित हुए थे सभापति के वास्ते अलवत्ता कुर्सी रक्खी गईथी यह शामीआना ऐसा था कि जिसमें करीब हजार बारासो मनुष्य बैठ सकें लेकिन इस शामीआने को खडा करते वक्त यह खयाल जुरूर रक्खा गया था कि अगर इससे भी ज्यादा संख्या मनुष्यो की होजावे तो उनको किसी तरंह की दिक्कत न हो इस लिये तीन तरफसे इस शामीआनेको खुला रक्खा था कि जिससे शामीआनेके बाहर बैठनेवाले सरदारोंको भी सभाकी काररवाई कुल मालूम होती रहे–

२. प्रतिनिधियोंका उतारा-

सम्वत् १९५७ की सालमें जो नवे मकान इस तीर्थपर बनेथे उनमेंसे चंद मकान गुजरात देशकी तरफ के प्रतिनिधियोंके वास्ते रीजर्व रक्खे गये थे और चंद प्रतिनिधियो को खास तोरपर जनरल सैक्रेटेरी के उतारेपर ठहराये गये थे, इन महाशयोंके पानी वगैरह के इन्तजामके वास्ते नोकर मुकर्रर कर दिये गये थे और खाना पीना सबका सैक्रेटेरीके रसोवडे में रक्खा गया था–

३. प्रतिनिधियों की आमद.

"श्रीफलोधीतीर्थोन्नतिसभा" की तरफसे मेम्बर लोग स्टेशनपर ट्रेन टाइमपर जाकर प्रतिनिधियों को ट्रेनसे उतार कर स्टेशनसे मंदिर तक लेजाकर उनके उतारे में उतारते थे और गुजरात काठियावाड़ के प्रतिनिधियोंको देख देख कर सबका चित्त बहुत हुलसता था आखिर कार तारीख मुकर्ररा तक जब सब प्रतिनिधी आपहुंचे तो इस प्रथम कान्फरेन्स की काररवाई तारीख २५ सैप्टेम्बरके दोपहर को तथा उसही दिन रात्रिको तथा२६ सेप्टेम्बरके दोपहरको हुई और जो जो ठहराव हुए इस रिपोर्टमें आगे दर्ज किये जावेंगे

कान्फरेन्सकी पहली बैठक—

४. रिसेपूशन कमिटीके प्रेसीडेंटकी तरफसे भाषण.

जब २५ सैप्टेम्बर के दोपहर को शामीआने के नीचे सभा भरी और सभासदों की धूम धाम थी तो उस वक्त रिसैपूशन कमीटीके प्रेसीडेंट शेठ हीराचंदजी सचेती अजमेर निवासी की तरफसे श्रीफलोधीतीर्थोन्नति सभा" के जनरल सैक्रेटेरी मि०गुलाबचंदजीढढ्ढाने इस तरं हपर भाषण दिया—

मेरे प्यारे स्वामीभाइयो ! आजका सूर्य बहुत अच्छा उगा है कि जिसमें हमारे वर्षोंका विचारा हुआ काम पार पड़ा है. आपको भली प्रकारसे यह बात मालुम रहना चाहिये कि यह जैन कान्फरेंस एक दिन या एक बर्ष या एक मनुष्य की कोशिशका नतीजा नहीं है. इस कान्फरेन्सके एकत्र करनेकेलिये हमलोगों की उत्कंठा कई वर्षोंसे थी वह आज श्रीपार्श्वप्रभुके प्रसादसे पार पड़ी है. आपलोगोंको मालुम रहै कि कुल उसवालोंकी उत्पत्ति ख्वाह वे अब राजपूतानामें हों या गुजरात, काठियावाड़, पूर्व, पंजाब, दक्षिणमें हों, इस ही मरुधर देशकी उशा नगरी से है. उशा जोधपुरसे करीब पंदरह बीस कोस ऊंट बैलगाडी के रस्तेसे है. इस उशा नगरीमें अपने परमपूज्य आचार्य महाराज श्रीरत्न शेखर सूरीजीने धर्मोपदेश दे कर जैनधर्म अंगीकार करनेवालोंको उसवाल जातिमें कायम किया वहांके राजपुत्र भी इसमें शामिल हैं. इसवृत्तां-

तके यहां पर लानेसे यह मतलब है कि मरुधरभूमि वह स्थल है कि जहां पर अपना सबका घर है— अब इस वक्त रोजगार वगैरहके खयालसे हजार हजार कोसके फांसले पर अपन लोग आबाद हैं और कोई मारवाडी कोई पंजाबी कोई गुजराती वगैरह नामसे मशहूर हैं किसीके शिरपर मारवाडी पगडी है किसीके शिरपर गुजराती पगडी है. किसीके शिरपर फेटा है, कोई मारवाडी बोली बोलता है। कोई गुजराती. कोई पंजाबी बोलता है कोई चांवल भात खाताहै कोई गेहूं जोकी रोटी खाता है कोई बाजरी, मक्का, जुवार खाता है कोई राजकाज करता है, कोई जवाहरात का व्योपार करता है, कोई साहुकारी करता है, कोई कुछ धधा करता है परंतु जरा विचारकर देखें तो मालुम होगा कि देश कालके प्रभावसे यह भिन्नता मालुम होती है वरना दर असल कुल हिंदुस्थानके जुदे जुदे प्रांतोंके रहनेवाले ओसवाल इस मरुधरभूमिके ओसवालोंके सगे भाई बंधु हैं—इस तरफ कोई विदेशी भाईबंधुओंका कई कारणोंसे आना जाना न रहनेकी वजह से हमारे उनके रीत रिवाजमें, पहनने ओढ़नेमे, खाने पीनेमे सूरत शक्लमे फरक पड़ा गया है. परंतु कितना ही फरक पडो आखिरमें घर ही याद आता है आम तोर पर मसल मशहूर है और जिसको भयकर कहत सम्वत् १९५६ के मे निजदृष्टीसे देख चुके हैं कि मारवाड के लाखों आदमी बारिश की कशीशसे मारवाडको छोडकर हजारों कोसों तक चले गये, परंतु फिर समय अच्छा आनेपर वापस अपने वतनको लोट आये इस ही तरंह पर आपलोगोंने भी एक अरसेसे इस मरुधरदेशको छोडकर कई कारणोंसे दूसरे प्रान्तोंमे निवास किया था, ताहम इस जैनसमुदायकी महासभाकी नीव अपने वतनमे डालनेको आप लोग उत्कंठित होकर इस फलोधी तीर्थपर पधारे हैं यह आपकी मातृभूमिकी मुहोब्बत और प्यारको अच्छी तरह प्रकट कर रही है सुपुत्रोंसे यह ही उम्मीद होती है. वैसे ही आप साहबोंने यहां आकर अपनी मातृभूमिमें इस कान्फरेंसके काम काजको भलीप्रकार शुरु किया है और जो तकलीफ सहन करके आप यहां पधारे हैं और जिस धर्मलागणीके प्रेरे हुए आप यहां आये हैं उन सबके लिये हम आपको अन्त.करणसे धन्यवाद देते हैं

और आशा करते हैं कि दिन व दिन चंद्रमाकी कलाके मुवाफिक आप लोग आपसमें भ्रातृभाव बढाकर एकताके झंडेके नीचे वह वह शुभ काम करेंगे कि जो इस लोक और परलोकमें अछे फलके देनेवाले होंगे.

अगरचे आपकी खातर तवाजो हमसे वैसी वन नहीं आई है कि जैसी होनी चाहिये ताहम हमारी भूल चूककी तरफ निगाह न दे कर आप साहब हमको उन कमियोंकी माफी वखशेंगे और यह धर्म काम सर्व साधारण समझकर इसको किसी तरहपर अछीतरहसे पारपटकने पर कमर बांधकर इछित फल को प्राप्त होवेंगे.

हमलोगोंमें विद्याका प्रचार ज्यादा नहीं है. प्रायःकरके व्यापारधंधेके अभावसे हमलोगोंकी आम हालत उम्दा नहीं है. ताहम हम लोग इस बातको अपने अंतःकरणसे चाहते हैं कि अपने धर्म और जाति कीजो गिरी हुई हालत इस वक्त नजर आती है तथा जो जो नुकसान अपने धर्म और जातिको पहुंच रहे हैं. वेवंद होकर आयंदा अपनी धर्म और जातिकी वहबूदी हो. और इस ही खयालसे हमने आपलोगोंको आमंत्रण करके आपके वतनमें बुलाये हैं और आशा करतेहैं कि आप सव एक चित्त होकर जो काम दरपेश है उसको सम्पूर्ण भले प्रकारसे पार उतारेंगे—

हमारी सभा अलवत्ता सम्वत् १९५६ में कायम हुई है परंतु इसके कायम होनेके चार बरस पहलेसे इस सभाको कायम करनेका विचार किया गया है किसीनकिसी कारणसे चार वर्ष तक दिलका खयाल दिलमें ही रहा प्रकट न होसका आखिरकार सम्बत् १९५६ की साल सभा कायम कीगई और सम्बत् १९५७ के सालाना जलसेमें कुछ विचार कान्फरेंसका करनेपर उस साल बारिश ज्यादा होनेसे सभासदोंका खयाल यहां पर यात्रियोंके ठहरनेके लिये ज्यादा मकान बनानेकी जुरूरतकी तरफ रजू हुआ और उस वक्त कोटड़ियोंके बनानेके लिये चंदा इकठाकरनेमें समय व्यतीत हुआ सम्बत् १९५८ के सालमें यहांपर वीमारी ज्यादा फैली हुई होनेके कारण हमलोगोंको उसवक्त मौन धारण करना पड़ा परंतु उसके छ महीने बाद हमारे जनरल सैक्रेटेरी मिष्टर-

गुलाबचंदजी ढढ्ढाने तीर्थयात्रा गमनकरके गुजरात काठियावाडके मुख्य मुख्य शहरोमे सजाये इकठी करके वहांके आगेवान सरदारोंकी जैन-कान्फरेंसकी तरफ सम्मति लेकर इस साल कान्फरेंस इकठा करना अवश्य समझा हम लोगोका विचार था कि प्रथम इस कान्फरेंसकी बुनयाद अहमदाबादमें डाली जाय, क्यो कि अपने धर्ममें आगेवान अपने अहमदाबादके शेठिया हैं परतु बडे होते हें बेबडी बात करतेहें उन्होने इस शुभ कामका मान अपने वतन मरुधरदेशको देना चाहा इस लिये हमलोगोंनेभी उनकी रायसे इतफाक करके यहां ही इस महासभाको शुरु करना चाहकर आप लोगोको आमंत्रण दिया– हमलोगोको उम्मीद थी कि गुजरात काठियावाडकी तरफसे संख्या वध सरदार पधारेंगे परतु अफसोसके साथ प्रकट करना पडता है कि कई कारणोंसे ज्यादा सख्यामे हमारे स्वामी भाई न आसके परतु उन सबके तार और चिठियां जो आई हे उनसे विदित होता है कि उन सबकी सम्मति इस शुभ काममे है और इस कारखाईके साथ उनका तन, मन, धनसे इतफाक है हमको सिर्फ यह विश्वास ही चाहिये इस विश्वासपर तो बहोत कुछ काम होसकताहै क्यों कि काउपर (Cowper) ने कहा हे कि Hope Daderred Mackte The Heart Sick But When It Counth It Is A Tree Of Life अर्थात् उम्मीदके पूरे न होनेसे दिलको सदमा पहुंचता है लेकिन जब उम्मीद पूरी होजाती है तो यह एक जिंदगीका दरख्त हे– पस हमाराभी यह ही हाल हुआ है आठ वरसतक उम्मीद किया हुआ काम पार न पडनेसे हमेशा दिलशकनी होती थी अब आप सरदारोंके पधारनेसे और जो सरदार नहीं आये हें उनके तार और पत्रोंसे हमारा इछित काम पार पडा है इसके लिये हम श्रीपार्श्वप्रभुकी पूर्ण कृपा मानते हैं औरआशा करते हैं कि आप उस परमात्माकी जय बोलेंगे (पार्श्वप्रभुकी जय ! जय!) आये हुए तार और कागजोंमेंसे चुने चुने कागज आपको शा मोतीलाल कुशलचद अहमदाबादके डैलीगेट आगे पढकर सुनावेंगे, उनसे आपको मालुम होगा कि हिंदुस्थानके कुलप्रांतोंके जैनवर्गकी इस शुभकार्यमे सम्मति है कि जो बात अपनी खुशीको अधिक बढानेवाली हे–(खुशीकी तालियां)

ग्रैस शब्दोंके अर्थ के फर्कके बाबत देखो श्रीजैनधर्मप्रकाश पुस्तक १७ अंक ७) जिस कदर ज्ञान उनमें मोजूद था उसको एक जगंह इकट्ठा किया. अपने लिये अपने महान् आचार्योंकी ऐसी कान्फरेंसकी नजीर मोजूद है– पस उस ज्ञानको जो उन महान् आचार्योंने बचाया बदस्तूर जारी रखना और प्रचलित करना हर सच्चे जैनीका फर्ज है–सल्तनतोंके फेरफारसे मुल्कमें सुलह शांति न रहने की वजहसे धर्म विरुद्ध पक्षके ज्यादा फैलनेसे अपने बुजुरगोंने यह उपाय सोचा था कि जितने पुस्तक हैं उनको पृथक् पृथक् न रखकर एक जगंह भंडारमें महफूज जगंह जमा करदिये जावें उस वक्तका उनका विचार बहुत उत्तम था और अबतक उनके हुक्मके मुवाफिक जो भंडार बंद रक्खे गये इससे भी फायदा ही पहुंचा है कि किसीको कोई मोका उस ज्ञानको इधर उधर करदेनेका नहीं मिला परंतु अब समय बदल गया. अंगरेजोंके राज्यमें हर तरंहकी आजादी मिलगई धर्मपर कोई शख्स कोई हमला नहीं कर सकता ऐसे उम्दा जमानेमें हमारा फर्ज है कि उस अपूर्वज्ञानको फिर तमाम दुनियांमें फैलाया जाकर जैनधर्मकी अपूर्व फिलासोफीका असर सारे जगत्पर डालकर भव्यजीवोंपर उपकार किया जावे– कागजका स्वभाव है जैसा कि औरबस्तुका भी है कि हवा रोशनी न लगनेसे तथा सील वगैरहका असर पहुंचनेसे वह चीज खराब हो जाती है और उदइलगकर वह चीज नष्ट हो जातीहै– पस जो बमी मुद्दतसे हमारे ज्ञानभंडार बंद हैं उनके उदई जुरूर लगी है और जो अगणित मूल्यका विरसा अपने बुजुर्गोंने अपने लिये छोड़ा है वह मीरास अपनी नादानी गफलत, सुस्ती और कुसंपसे अपन कीड़ोंको खिला रहे हैं (अफसोस ! अफसोस !) अबतक जो भंडार रक्षकोंने उस ज्ञानको बचाया इसके लिये उनको धन्यवाद देना चाहिये परंतु अब उनको उस ज्ञानके उद्धार करानेमें हरगिज मानें नहीं होना चाहिये- अब उस परम्पराकी रीतिको छोडना चाहिये– इस वक्त मुजे एक कोमी रिवाज याद आता है–किसी एक जातिमें यहरिवाज है कि जब बरकन्याके फेरे होते हैं उस वक्त बिल्ली जहां कहीं मिले उसको तलाश करके पकड़ कर लाते हैं और उस बिल्लीको एक टोकरीके नीचे दबाकर

रख देते है– जब फेरे होचुकते हैं उस वक्त उसको छोड देते हैं– इस के लिये दरयाफ्त किया गया तो सबने कहा कि यह हमारे पुश्तैनी रीति है– खोज चलाते चलाते यह पता लगा कि किसी समयमे जब वर कन्याके फेरे हो रहेथे तो उस वक्त एक बिल्लीने कूद कूद कर वहां विघ्न करना शुरु किया तो उस वक्त पंडितने उस बिल्लीको टोकरीके नीचे दबा दी उसके बाद असल अभिप्रायको न जान कर जब जब शादी होती बिल्लीको तलाश करके पकड़ कर लाते और टोकरीके नीचे दबाते अब उन लोगोंसे यह कहा जावे कि तुम इस रिवाजको छोडदो तो वह अपनी हटको नहीं छोडते– परंतु इस हटको कोई ज्ञानी पुरुष हरगिज नही मानेगा इस ही तरह पर अपने ज्ञान भंडारोंके लिये अपने बुजुर्गोंने समयानुसार फरमा दिया था कि इनकी बहुत हिफाजत रखना इनको खराब न होने देना इनको किसीको मत भीजना वगैरह वगैरह परंतु यह हुक्म इस ही वास्ते था कि इस हुक्मकी तामील होनेसे उस खराब वक्तके खोफ व खतरेसे वह ज्ञान महफूज रहा अब वह समय नहीं है अब अमन आमानका समय है अब गुणग्राही मनुष्योका बरतावाहै– अब कुल संघ के प्रतिनिधि इकट्ठे होकर इसकी आवश्यकता देखते हैं इस लिये अपने अपूर्व ज्ञानभंडारोंको जो उदई खा रहे है उनको खोल कर उनका उद्धार कराना यह अपना अवश्य फर्ज है– (हर्षकी तालिया)

परमात्मा श्रीमहावीरस्वामीके मोक्ष पधारे पीछे उनकी वाणी और उनकी प्रतिमा ही पर अपना आधार है जिस तरह ज्ञानका उद्धार करना अपना फर्ज है उस ही तरह जिनमंदिर और जिनप्रतिमाका उद्धार करना अपना फर्ज है–बुद्धिहीन पुरुष अकसर आक्षेप करते है कि जिन प्रतिमाकी सार संभाल करना या मंदिर बनाना सूदमंद नहींहै क्यों- कि अपने तीर्थंकर भगवान् वीतराग थे और संसारसे विरक्त थे फिर उनकी प्रतिमा बना कर पूजना दुरुस्त नहीं है परंतु यह उनका खयाल भूलभरा हुआ है स्थापना निक्षेप हरशख्सको मानना पड़ता है और हिंदु मुसलमान ईसाई वगैरह अन्य मतावलंबी भी इस निक्षेपको मानते हैं तो फिर हमने अपने परमेश्वरकी साक्षात्मूर्ति द्वारा स्थापनाकी तो क्या

बिगाड़ किया हमारा इस वक्त स्थापना निक्षेपको सिद्ध करनेका कथन नहीं है (इस निक्षेपका सविस्तर वृत्तांत "सम्यक्त्व" में मोजूद है) परंतु इस बातको दिखलाना है कि अपने महान् आचार्योंने तथा अपने बुजुर्गोंने जो अपूर्व मंद्रिर लाखों करोडों की लागत लगाकर बनाये हैं और इस तोरपर अडबों खरबों रुपयोंकी विरासत अपन लोगोंके लिये छोड गये हैं अब उनको अच्छी हालतमें रखना अपना कर्तव्य है, देखो अर्बुदाचलकी कोरणीके अमूल्य मंदिर राणकपुरका अद्वितीय मंदिर तारंगाजीका शोभनीय मंदिर सिद्धाचलजीके अगणित शिरोमणि मंदिर वगैरह वगैरह कुल अपने वडेरोंकी दोलत और धर्म लागणीकी शहादत देरहे हैं— अब उन मंदिरोंकी मरम्मत तक हम लोग नहीं करा सकते हैं इसके कई कारण हैं. जिनमें मुख्य कारण हमारी कुसंप है— इसलिये इस कुसंपको छोडकर एक मत होकर जीर्ण मंदिरोंका उद्धार कराना बहुत ही जुरूरी है. हमने अपनी आंखसे देखा है कि मंदिर लाखों करोडों रुपयोंकी लागत के हैं परंतु उनमें जो परम पवित्र परमेश्वरकी प्रतिमा विराजमान हैं उनकी कुछ भक्ति नहीं होती है. कूड़ा कजोड़ा मंदिरमें और खास वेदीमें मोजूद है. कबूतरोंकी और चमचेडोंकी बीटें हर जगह मोजूद पाती हैं. चक्षु किसी जगंह मिलती होंगी पूजाका यह हाल है कि सो पचास मूर्तियोंके ऊपर एक पुजारी कम तनख्वाहका रहता है वह एक हाथमें पानीकी चरी लेकर दूसरे हाथमें खसकूंचा लेकर एक सिरेसे दूसरे सिरेतक बेगार काटता है और खसकूंचीके घस्से लगाता है- अंगलूणा करनेकी उसको यों जुरूरत नहीं रहती कि वायुदेवता उस पुजारीको सहायता देता है और पावटीके पास बगलोंमे जहां जहां पानी ज्यादा देरतक ठहरता है उसमें रेतको शामिल करके थोडे दिनोंमे वह मैल जमा देता है कि जिसका साफ होना मुशकिल होजाता है. केसर तो शायद ही नजरमें आवे चंदणकी भी टीकी नो अंगके लगजावे तो अच्छा भाग समझना चाहिये बरात बरसे शोभनीय मालुम देती है और अगर बराती भी बरके जैसे गहने वगैरह अच्छे अच्छे पहन कर बरातमें चलें तो ज्यादा शोभा होती है परंतु जहां बराती तो बहुत अच्छी पोशाक और गहने पहिने हुएहों और बर वि-

लूकुल वावाजी वना वेठा हो तो क्या देखनेवाले हांसी नहीं करेंगे (हांसी अवश्य करेंगे। हांसी अवश्य करेंगे) पस इस ही तरह मंदिर कोरणीदार चमकता हुवा देख कर तो सवकी तवियत खुशहोगी परंतु उसमें मूर्त्तिकी दशा देख कर क्या देखनेवालेकी लागणी नहीं दूखेगी? (अवश्य दूखेगी। अवश्य दूखेगी) जव यह हाल हमारी प्रतिमाओंकी सेवा पूजाका है तो जाइयो क्या हम लोगोंको इसमें शर्मकी वात नहीं है (शरम? शरम!) इस सुधारेके लिये इस जैन कान्फरेंसके सिवाय और कोई वहतर जरया नहीं है आप लोगोंका फर्ज है कि इकठे होकर जुरूर सुधारा करें—

जिनप्रतिमा और जिनवाणीके उद्धारके साथ साथ ही आजकलकी जो अपनी ज्ञान और बुद्धिकी प्रवलता कम होगई है उसका सुधारा करना जी वहुत ही जुरूरी है यह लोक और परलोक जव ही सुधर सकता है कि जव अपना ज्ञान और विद्या ठीक हो वगैरइल्म के रुपया पैदा नहीं हो सकता है वगैर रुपये के विचारा हुआ काम नहीं हो सकता है और जवतक विचारा हुआ काम पार न पड़े तरक्की नहीं होसकती है पस इस लोककी और परलोककी तरक्कीके लिये इल्मकी वहुत ही जुरूरत है अपने वड़े इल्म दारथे तो उनके पास करोडों रुपयोंका वैजव था आजकलके जमाने मे योरोप अमेरीकाके मनुष्य अक्कमंद है तो उनके पास करोमों रुपयोंका वैजव है अपने वुजुर्गोंने दोलत होनेकी वजहसे ही वह वह काम किये हैं कि जो अव हम लोगोंसे शायद स्वप्नमें जी न होसके कलिकाल सर्वज्ञ श्री हेमचंद्राचार्य को लगजग आठसो वर्षका जमाना हुआ उस वक्त जव श्री हेमचंद्रजी पाटन पधारे तो उनकी पेशवाईके वास्ते १८०० करोडपति श्रावक आये थे आजके जमानेमें एकजी करोडपति श्रावक देखनेमें नहीं आता है और दोलतके न होनेसे कुछ काम नहीं चल सकता है. और अव जमाना जी वह आ गया है कि जिसमे मर्द ऊैरतको यथोचित तालीम मिलना वहुत ही जुरूरी है— अछी तालीम होनेकी वजहसे अपने वुजुर्ग राजा महाराजाओंके पास ऊंचे ऊचे ऊेहदे पर मुकर्र थे मंत्रीपनेका ऊेहदा प्राय करके पुशतेनी इनका ही होता

था– परंतु हाय अफसोस आज कलके जमानेकी शिक्षा न मिलने से हमारा वह हक रोज वरोज हाथसें जाताहे (अफसोस! अफसोस!) हमारे बुजुर्गोंके हाथमें तमाम व्यापार था परंतु अब हमारे स्वामी भाई अज्ञानताके शिष्य होकर उसका मजा उठा रहे हैं. तोभी जैसी कि मसल मशहूर है "टूटा तो भी टोड़ा और भागी तो भी गुजरात" व्यापार हाथसे गया तो भी इस वक्त अपने वर्तमान गवरनर जनरल लार्ड करजन के हिसावके मुवाफिक " It is asserted tht more than haef the mereantle wealth of India passes through the hands of the Jain laity,' अर्थात् ऐसी धारणा है कि हिंदुस्थानके आधेसे ज्यादा व्योपारी दोलत जैन श्रावकोंके पास है–परंतु इस वाक्यामृतसे खुश होकर न वैठ जाना चाहिये वह उच्चपदकी शिक्षा और तालीम की जिससे ज्ञान प्रवल होता है अपनी कोममें विलकुल नहीं है. अपनी जातिके कितने पुस्तक लिखनेमें प्रवीण हैं कितनें अखवार चलाते हैं कितने फिलासोफरहैं कितने डाक्टर हैं कितने इंजिनियर हैं और कितने लायर और वारिष्टर हैं और कितने व्रिटिशसरकारमें ऊंचे उहदेका वैभव भोगते हैं? आंख खोलकर देखें तो अंगुलियोंके पेरओंपर भी उनकी गिणती नहीं आसकती है.

इस शायस्ता जमानेके मुवाफिक कुल हिंदुस्थानमें अपनी जैन कोमकी हाईस्कूल या कालेज या वोर्डिंगहाउस या लाज वगैरह कहीं नजर नहीं आते– कोई प्रवंध ऐसा नजर नहीं आता कि जिससे युवा जैन विद्यार्थियोंको कोई मदद मिल सके कि जिससे वे लोग अपना उद्योग जारी रखकर अछे अछे चतुर और प्रवीण श्रावक वनैं. साधु मुनिराजों के वास्ते शिक्षाका कोई प्रवंध नहीं है–इन सवके न होनेका कारण अपना कुसंप है–

संप होनेसे छोटे छोटे आदमी वड़ा वड़ा काम कर सकते हैं दाखलातरीके दूसरोंकी जो एक थोडी संख्याकी विरादरी है वह आपसके इत्तफाक से आज कल वडी तरक्की पर है. उन्होंने उनके लड़को के पढ़ने और आरामसे रहनेके खयालसे आगरा अलीगढ़ अलाहवाद वगैरहमें वोर्डिंगहाउस वगैरह वनाये हैं और रोज वरोज तरक्की परहैं– आर्य समाजियोंने लाहोरकालेज वगैरहके लिये संप करके फंड किया है और

अछीतरंह काम चलाते हैं इस ही तरंह पर अन्य कोमोमें सव सुधारे के काम हो रहेहैं लेकिन अपनी कोम सवके पश्चात् हे इस लिये हे जाइयो! आप लोग अव इसवातका पाया डालो—

धर्ममार्गमें अपना सवसे ज्यादा आधार अपने जैन मुनियो पर हैं परंतु आज कलके जमाने में यह मुनि दोप्रकारके होगये हैं— एक तो पीले कपड़े पहननेवाले त्यागी वैरागी, दूसरे सफेदचद्दरके यति, साधु-मुनिराजोंका आजकल प्रायःकरके गुजरात काठियावाड़में विचरना होता हे मरुधरदेशमे आहारपानीकी सुगमता नहीं होनेसे वे महात्मा इधर वहुत ही कम विचरते हैं इसलिये हमलोगोंका ज्यादातर आधार सफेद चद्दरके यतियोंपर हे और अलावा उन गुणज्ञ यतियोके कि जिन्होंने जैनधर्मका रहस्य पाया है और जिनकी संख्या वहुत ही कम है आज इस ही स्थानपर इस उत्सवमें आपलोगोंने अपनी आंखोसे देखा है कि हमारे यति और यतियोंकी क्या शोकजनक हालत है— हम लोगोंको उनके होनेसे मगरूरी होनेका मोका नहीं है वल्कि जव कभी उनका वृत्तांत आता हे हमको शरमाना पडता हे (शरम! शरम!) इसलिये अपने कान्फरेंसका कर्तव्य है कि अवल तो इसबातका प्रवध किया जावे कि अपने साधु मुनिराज मरुधर देश वगेरहमें भी विचरें और इन यति महात्माओंके सुधारेका प्रयत्न किया जावे और इनके सुधरजानेपर जो जो काम इनके लायक हों ये उनसे लिये जावे अगर सुधारेके प्रयत्न करने परभी ये लोग न सुधरें तो फिर उनसे कनारा कशी ठीक है—

आज कल दुर्भिक्षसे पीडे हुए हमारे यतीम जैनवच्चे और निराश्रित जैनवधुओंकी दशा सुधारने लायक है किसी जमानेमे जेनी लोग भीख मांगकर खाते हुए नजर नहीं आये हे परतु अव वह जमाना आगया है कि जिसमें उन लोगोंकी दुर्दशा होगई है— इन लोगोंके वास्ते खास प्रवध करना इस कान्फरेंसका फर्ज है— एक छोटीसी पारसियोंकी कोम है कि जिसमें जातीय प्रवध होनेसे किसी पारसी मर्द या औरत या वच्चेको भीख मांगते हुए नहीं देखा हे—

मेरे प्यारे भाईसाहवो! मेने आपका वहुत वक्त लिया है परंतु उस

प्रेमकी धाराको मैं किसी तरंह नहीं रोकसकता कि जो आज आपके दर्शनोंसे बह रही है– इस उमंगका कुछ पता नहीं है कि जो आज आपके यहां इकठे होनेसे हमारी छातीमें समाती नहीं है, इस आपकी कृपाका कुछ पार नहीं है कि जिसकी वजहसे आपलोग अपने सांसारिक धंधोंको छोड़कर अपने अमूल्य समयको लगाकर अपनी कोम और धर्मकी उन्नतिके लिये आप यहां इकठे हुए हैं– इस वारेमें आप साहबोंको जो अर्ज करना था किया. आपको फिर धन्यवाद दिया जाता है कि आप कृपाकरके यहां पधारें. और आपसे फिर यह प्रार्थना की जाती है कि जो कुछ हमारी तरफसे आपकी आगतस्वागतमें कमी हुई हो उसके लिये क्षमा करें.

बंधुओ ! जैसे नावको चलानेवाला मल्हा अच्छा होनेसे नाव मंजिल तैकर लेती है– वैसे ही इस कान्फरेंसका काम काज ठीक तोरपर चले उसके लिये किसी अच्छे श्रावकको अपने प्रेसीडेन्ट मुकर्रर करके काम चलानेकी जुरूरत है, इसलिये में आशा करताहूं कि आप अपने इस कान्फरेंसका प्रेसीडेंट पसंद करेंगे–

५ कान्फ्रेंसके प्रेसीडेंटकी चूंटणीमें शा. कुंवरजी आणंदजीकी दरखास्त

शेठ हीराचंदजी सचेती की तरफसे मिष्टर गुलावचंदजीका दिया हुआ भाषण समाप्त होनेपर शेठ कुंवरजी आणंदजी भावनगर (काठियवाड) वाले श्री "जैनधर्मप्रकाश" पत्र के अधिपतिने वहुत उम्दगीके साथ दरखास्तकी कि यह प्रथम कान्फ्रेंस इस फलोधी तीर्थपर मरुधर देशमें स्थापन की गई है और इसका सर्वप्रकार का मान श्रीफलोधीतीर्थोन्नतिसभा को घटता है, इसलिये इस कान्फ्रेंस का काम चलानेके लिये इसही सभाके सभासदोंमेंसे प्रेसीडेंट चुना जावे तो वहतर है; और चूंकि महता वखतावरमलजी जोधपुर निवासी इस सभाके पेटरन हैं, और जोधपुर (राज्य) में एक उच्च पदको धारण करते हैं, इसलिये इस कान्फ्रेंस का कार्य अच्छीतरंह चलाने के लिये महता वखतावरमलजी मुकर्रर किये जावें–

६. पटवा कानमलजी की ताईद

इस दरख्वास्त की ताईदमे पटवा कानमलजी जोधपुर निवासीने प्रकट कियाकि जो दरख्वास्त शेठ कुंवरजी आणदजीने कीहै वह बहुत ठीक है क्योंकि मैं महता वखतावरमलजी को अच्छी तरह जानताहूं और राजपुतानामें महता वखतावरमलजी प्रसिद्ध हैं इनकी इस तीर्थकी तरफ धर्मलागणी सराहने योग्य है और उन्नति (तरक्की) के काम में यह साहब कमरबांधकर तन, मन, धनसे तैय्यार रहते हैं इस वास्ते ऐसे भाग्यशाली और चतुर महाशयको इस कान्फ्रेंसका प्रेसीडेंट किया जाना बहुत ही ठीक है.

७. महता वखतावरमलजीने प्रेसीडेंटका पद धारण किया।

इस दरख्वास्तको सबने एक मन होकर स्वीकार की इस वास्ते सभासदों की हर्षगर्जना होते हुवे महता वखतावरमलजीने प्रेसीडेंटकापद धारणकिया और कब्ल इसके कि वे अपना प्रेसीडेंशल स्पीच दें उन्होंने मुनासिब समझा कि हिंदुस्थानके भिन्नर विभागोसे जो प्रतिनिधि पधारे हैं उनकी परस्पर ओलखाण कराई जावे इसलिये प्रेसीडेंटकी आज्ञानुसार मिष्टर गुलाबचंदजी ढढ्ढा जयपुर निवासीने सभामें नीचे मुजिब सदगृहस्थों की ओलखाण कराई—

८. प्रतिनिधियोंकी ओलखाण

श्री मुम्बई.
शेठ दीपचंद माणकचंद
जोहरी साकरचंद माणकचंद
घडियाली(शुभेच्छकमित्रमंडलकीतरफसे)
श्री सूरत
जोहरी गुलाबचंद धर्मचंद उदयचंद
श्री अहमदाबाद
मिष्टर भगुभाई फतहचंद कारभारी
मि. मोतीलाल कुशलचंद शा.
शा. पुरुषोत्तम अमीचंद दलाल
शा. दलसुख भाई लल्लूभाई हाजी
शा. जैसिंघ भाई कालीदास
मिष्टर गोकल भाई अमथाशा
(तत्वविवेचक सभाके प्रतिनिधि)
शा. मणीलाल छगनलाल
शा. अमृतलाल रतनचंद
श्रीभावनगर
शेठ कुंवरजी आणंदजी
श्रीमाणसा
शेठ हाथीभाई मूलचंद
श्रीसादरा
वकील छोटालाल लल्लूभाई
शेठ हरजीवन हेमचंद
श्रीमहुवा
प्रोफेसर नत्थुभाई मंछाचंद

श्रीसिकंदराबाद
मिष्टर जवाहरलाल जैनी
श्रीदेहली
लोढा हीरालालजी
श्रीसिरोही
मिष्टर अमरचंद पीपरमार
संघवी जवानमलजी
श्रीपोकरण फलोधी
शेठफूलचंदजी गोलेछा
श्रीसवाई जयपुर
मिष्टर गुलाबचंदजी ढड्ढा एम्. ए.
शेठ केसरीमलजी चोरडीया
शाह सुजाणमलजी ललवाणी
शेठ धनरूपमलजी गोलेछा
शेठ चांदमलजी कवाड़
जोहरी नेमीचंदजी भागा.
जोहरी कन्हैयालालजी बहोरा
जोहरी जीवणमलजी डागा
श्रीझूझणू
श्रीमाल गंगारामजी
श्रीखेतड़ी
शेठ सोभागमलजी श्रीमाल
श्रीजोधपुर
महता बखतावरमलजी
भंडारी मंगलचंदजी
भंडारी स्वरूपचंदजी

भण्डारी केवलचदजी
कांसटिया सूरजमलजी
महता लक्ष्मीराजजी
पारख दीपचदजी
महता रामराजजी
भण्डारी आणंदराजजी
महता शिवराजजी
पटवा कानमलजी
पटवा जुवानमलजी
महता फोजराजजी
महता रतनराजजी
पारख सूरजमलजी
ढढ्ढा मनोहरमलजी

श्रीवाली

भण्डारी सूरजचदजी

श्रीजैतारण

शेठ केसरीमलजी गणेशमलजी

श्रीसोजत

भण्डारी मंगलचंदजी

श्रीपाली

पोरवार तेजमलजी
शेठ लखमीचदजी

श्रीमेड़ता

भणसाली सेसमलजी
" सुगन मलजी
धाड़ीवाल सरदारमलजी
भाभावत रिखबदासजी
कोठियारी शिवदानमलजी
महता समीरमलजी
भण्डारी वीरचदजी

श्रीनागोर

चोरड़िया वछराजजी
खजानची मुकदचदजी
तोलावट गुलजी
भागा छगनजी
चोरड़िया फुलचंदजी
महता जेठमलजी
चोधरी गुलाबचदजी
सुराणा भोगमलजी
लोढा अवीरमलजी
भण्डारी बखतावरमलजी

श्रीअजमेर

शेठ हीराचदजी सचेती
लूणया केसरीचंदजी
धाडीवाल हीराचदजी
वांठिया मगनमलजी
भांभावत कानमलजी
मोणोत किशनचंदजी
महता धीरजमलजी
धाड़ीवाल सुगनचदजी
कांसटिया धनराजजी

श्रीमूरपुरा

धाड़ीवाल शिवचदजी

श्रीबीकानेर

शेठ पूनमचदजी सावणसुखा
शेठ रतनलालजी ढढ्ढा
दफ्तरी मोहनलालजी
बद्धी बीकणचंदजी

जिन सद्गृहस्थों का नाम ऊपरि लिखा हुआ है, उनके सिवाय सैंकड़ों गावों के आए हुए जैनी भाई शामियानेमें चकाचक भरे हुए थे.

सभापति (प्रेसीडेंट) का भाषण.

इस परस्परकी ओलखाण के बाद महता बखतावरमलजी जोधपुरवालोंने भाषण दिया जिसका खुलासा यह है—

प्रिय सुशील स्वामी भाइयो ! जैन धर्म एक विनयमयी धर्म है. विनयसे सब कुछ प्राप्त हो सकता है. विनयभक्तिसे सब प्रसन्न होते हैं और इस विनयकोही मुख्य समझकर मैनें आपकी आज्ञाका पालन किया है. जैन समुदायके प्रतिनिधियोंकी कान्फरेंस एक ऐसी जिम्मेवारी की महासभा है कि जिसके सभापतिका पद धारण करना मुझ जैसे साधारण मनुष्यका काम नहीं है. इस पदके लिये कोई परोपकारी बुद्धिमान् पण्डित और जैनशास्त्रवेत्ताकी आवश्यकता थी क्योंकि इस पदधारी मनुष्यकी जिम्मेवारीका कुछ पता नही है. और में अपने अंदर इस पदकी यथोचित योग्यता नही समझता हूँ परन्तु जब कि गम्भीर बुद्धिमान् सज्जनोंने कृपापूर्वक यह पद मुझको प्रदान किया तो मुझको अवश्यमेव हर्षपूर्वक अन्तःकरणसे स्वीकार करना लाजमी आया—यद्यपि मेरे पूर्वकथानुसार मैं अपनेको इस पदके योग्य नहीं समझता और न इस महामंडलके उद्देश्य अभिप्राय तथा दृढ विचारोंको प्रकट करनेकी और सर्व साधारणको भली भांति समझानेकी मेरे अन्दर शक्ति है तथापि अपनी शक्तिके अनुसार कुछ न कुछ इस मामलेमें कहूंगाः—

॥ दोहा ॥

जैसी जाकी बुद्धि है तैसी कहत बनाय ॥
सज्जन बुरा न मानिये अधिक लेन कहां जाय ॥ १ ॥

आप सब सज्जनोंने एक चित्त होकर मुझको इस महासभाके सभापतिका उच्च पद देकर मान दिया है जिसका मैं कोटिशः हार्दिक धन्यवाद देकर अपना कथन शुरु करताहूंः—

प्रिय धर्मबांधवो ! आप सब साहिबोंको अच्छीतरंह मालुम होगा कि अपनी सर्वोत्तम जैनजाति पहिले किस प्रकार उन्नतिके शिखरपर विरा-

जमान थी, किसतरंह कटिबद्ध होकर परोपकार और धर्म रक्षाकररहीथी और अपने मान, गौरव, समाज, परमार्थ, व्यवहार तथा देशके अभ्युदयके अर्थ परमदृढतासे कैसे कैसे उपाय करती थी कि जिसीके कारण जातिवान्धवोंमे विद्या, बल, पराक्रम, सत्य, ज्ञान, ऐक्यता और परस्पर प्रीति दृष्टिगोचर होतीथी–

यदि आपलोग मुनसिफाना जांच परताल करेगे तो आपको मालुम होगा कि अपनी जातिकी भूत और वर्त्तमान अवस्थामे क्या फरक आगया है अर्थात् हम लोग किस उन्नतिके शिखरसे गिरकर कैसी अवनतिके नीचे आ पहुंचे है

प्रियमित्रो ! यह वहही जाति है कि जो अपने धर्म, विद्या, एकता और परस्पर प्रीतिभावके बलसे बादशाहके बराबर दर्जेपर गिनी जातीथी जिसकी कहावत अबतक इस प्रान्तमे प्रचलित है "कै शाह कै बादशाह"

हे मेरे परम दयालु सज्जनो ! यदि आप विचार कर देखें तो परोपकारमें तथा धर्ममे यह जाति संसारभरमे एकहीथी, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण श्री आबुराजके मंदिर, श्रीसिद्धक्षेत्रके मदिर श्री राणकपुर और श्री तारंगाजी वगेरह तीर्थोके मदिर हैं– आबूराज और राणकपुरके मंदिर कैसे अपूर्व है यह आप सब साहब अच्छी तरह जानते है तथा इनको बनवानेमें कितना रुपया खर्च हुआ यह अनुमान करना कठिनही नहीं किन्तु असंभव प्रतीत होता है अब आप जरा उन देवमूर्तियोंके निवास स्थानकी तरफ कि जिन्होने ये मन्दिर बनवाये दृष्टि दीजिये कि वे कहां है ? आपको हजारो पते लगानेपरभी उनके निवासगृहका पता नहीं लगेगा अहाहा हा ! क्या आप लोग उसको सच्चा धर्म और परोपकार नहीं कहेंगे आपको अवश्य कहना पडेगा कि वे सच्चे धर्मप्रेमी और परोपकारी पुरुष थे कि जिन्होने असंख्य रुपये ऐसे ऐसे महामंदिर बनवाकर खर्च किये और अपने रहनेके मकानके लिये कुछभी रुपया खर्च नहीं किया

इसही प्रकार अनेक मनुष्य इस जातिमे होगये है जो परोपकारहीको अपना मुख्य कर्त्तव्य समझतेथे बस उसीसे यह जाति उन्नतिकी

दशामें विराजमानथी और अब जबतक इस जातिके बडे २ योग्य और धनाढ्य पुरुष पहिले कीसीतरंह कटिबद्ध हो परोपकारको अपना मुख्य कर्त्तव्य न समझकर विद्यादि सद्गुणोंके प्रचारका प्रयत्न इस जातिमें न करेंगे यह जाति अपनी पूर्वकालकी उन्नति अवस्थाको प्राप्त नहीं हो सकती है.

प्रिय सधर्मी भाइयो! जैसे यह जाति पहिले धर्मकार्योंमें कटिबद्धथी वैसेही सांसारिक धनोपार्ज्जन आदि कामोंमें लगी रहतीथी और अपने नियम " अहिंसा परमो धर्मः " को पूर्णरीतिसे पालती हुई व्यापारमें उच्चपदको धारण करतीथी परन्तु जब हम व्यापारकी तरफ इस समय ध्यान देते हैं तो कुल व्यापार जो उस समय हमारे बुजुर्गोंके हाथमें था वह सब अंगरेज, पारसी आदि कोमोंके हाथमें चला गया, दूध और मक्खन आदि उत्तम पदार्थरूपी व्यापार परजातिमें प्रवेश कर गया और केवल छाछरूपी वह व्यापार अपने हातमें रह गया कि जिससे पेट पालनभी कठिनाईसे होता है, फिर परोपकार और धर्म पहिलेके अनुसार कहांसे होवे और व्यापारके न रहनेसे इस जातिका गौरव कितना कम हो गया है यह आप पुराने इतिहासोंके देखनेसे अनुमान करसकते हैं.

जो धर्मज्ञता, एकता, परोपकार और परस्पर प्रीतिभाव आदि गुण पहिले इस कोममें थे वे इस समय बहुत कम हो गये इसका कारण क्या है यह आप यदि विचारेंगे और ध्यानपूर्वक देखेंगे तो इसका मूल कारण धर्मको अधर्म, बुद्धिको निर्बुद्धि, सत्यको असत्य, बुद्धिमानको मूर्ख शुभको अशुभ आदि करनेवाली एक अविद्याही आपको मिलेगी कि जिसके प्रचारसे कई प्रकारकी हानियें आपको सहनी पडीं और जब-तक इसका डेरा आपके विराजमान रहेगा तबतक कई प्रकारकी हानि-यां आपको औरभी सहनी पडेंगी. विद्याके क्या क्या गुण हैं उनको सम-झानेकी मुझे कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि इसके प्रचारका आन्दो-लन सब भारतवर्षमें हो रहा है और इस विषयमें हजारों व्याख्यान हो चुके हैं तथा सैंकडों पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं, अतः मेरी आपसे यहही प्रार्थना है कि जैसे अन्य जातियां विद्याप्रचार करके तरक्की

कर रही है वैसेही अपनी दयालु जैन कोममें विद्याका प्रचार करके तरक्की करे कि जिससे अपनी कोम उस उच्च पदको फिर धारण करे जिससे कि हमलोग अभी नीचे गिरे हुए है–

आज अहोभाग्यसे मेरे हर्षकी सीमा नही है और इस समयको मैं धन्य समझता हूं कि जिसमे अवनतिको दूर करनेके लिये इस तीर्थ भूमिपर आप सब सज्जनोंकी कृपासें उस उत्तम महलकी पुख्ता तोरपर नीव डाली जाती है कि जिसके नियत होनेकी इस अवसरपर बहुतही आवश्यकताथी, इस महासभाके नियत होकर जारी रहनेसे आयंदा अनेक प्रकारके फायदे होते रहेंगे जिनका कि इस समय स्वप्नमेंभी ध्यान नहीं है, परन्तु जेसे जेसे समय व्यतीत होता जावेगा और इस सभाकी उन्नति होती रहैगी वेसे वैसेही वे फायदे प्रकट होते जावेगे और अपने भाई बन्धु तथा अपने पीछे होनेवाले सतान इस शुभ मुहूर्त्तको बहुत धन्यवाद देगे कि जिसमे यह साक्षात् कल्पवृक्षका बीज बोया गया है इस कान्फ्रेन्ससे वह संप और इत्तफाक बढेगा कि जो इसके अभावमे दृष्टिगोचरभी नही हो सकता है भिन्न २ मनुष्य कुछ नही कर सकते है परन्तु एक मनुष्यके साथ दूसरेके मिलनेसे दोनोंका मिला हुआ बल कई दर्जे ज्यादा हो जाता है इसही प्रकार जब अधिक म नुष्योंका समूह होकर एक यूथ (जुथा) हो जाता है तो वह जमाअत अपने धारे हुए कामको बहुत शीघ्र और आसानीके साथ पार पटक सकती है और यह बातभी आपको अछीतरह मालुम रहै कि यह कान्फ्रेन्स किसीकी खुदगर्जीसे नहीं कायम हुई है कि जिससे यह नतीजा पैदा हो कि सैंकडोका नुकसान होकर एक दोका फायदा हो अथवा इस गरजसे नहीं कायम की गई है कि सैंकडोंकी वे इज्जती होकर एक दोकी इज्जत बढे किन्तु यह कान्फ्रेस इस शुभ परिणाम और हेतुसे नियत की गई है कि इसके कारणसे सांसारिक तथा धार्मिक कार्योंकी उन्नति हो और जो जो अवनतियां इस समय देखनेमें आती है उनका सुधारा किया जावे और जब अपने परिणाम बुरे नहीं है किन्तु जातिकी उन्नति करनेके है तो अन्तमे इस उत्तम कामका उत्तमही फल होगा और श्रीपार्श्वप्रभुसे प्रार्थना है कि

जिस प्रकार इस शुभ कार्यका पाया इस पवित्र भूमिपर डाला गया है उसी प्रकार इस शुभ कार्यका फलभी सदा शुभ होता रहै—

मैं ऊपर कह चुका हूं कि प्रथम फायदा इस कान्फ्रेंससे संप और हित वढ़नेका है. प्रायः जवतक भिन्न भिन्न स्थलके मनुष्योंका मिलना जुलना न हो उस समयतक आपसमें हमदर्दी नहीं वढती है और यह वात स्वयं सिद्ध है इसका सुवूत पेश करनेकी जरुरत नहीं और जहां पर जुदे जुदे स्थलोंके डाहे चतुर मनुष्य इकठे होकर कार्य करेंगे तो वहांपर वुद्धिकाभी प्रकाश होगा क्योंकि जुदे जुदे दिमागकी जुदी जुदी वुद्धि होती है और जहांपर चुने चुने आली दिमाग श्रावक इकठे होकर जो जो उत्तम वातें प्रकट करेंगे वे प्रत्येक मनुष्यको साधारण रीतिसे मिलेगी अर्थात् सेंकडो हजारों रुपये खर्च करके यदि उन एकत्रित मनुष्योंकी सम्मति कोई पुरुष लेना चाहे तो उसको प्राप्त नहीं हो सकती जैसी कि इस महासभामें शामिल होनेसे हो सकती है इस भिन्न २ दिमागकी वुद्धिको एक जगंह लानेकी तदवीर हमारे प्यारे मित्र और हमारी श्रीफलोधीतीर्थोन्नति सभाके जनरल सेक्रेटेरी मिष्टर गुलावचंदजी ढढ्ढाने विचारी है और इस कान्फ्रेंसके एकत्र करनेका मान उनको घटता है. हमको और आपको अछीतरंह मालुम है कि उन्होंने अपने मुतालिक वडी जिम्मेदारीके राज्यकार्यसे समय निकालकर सच्चे दिलसे पैसा खर्चकर अपनी जाति और धर्मकी उन्नतिके लिये अपार परिश्रम किया है. गुजरात काठियावाड़की तरफ जाकर कान्फ्रेंसके लिये सम्मति लेना तथा सेंकडों पत्र और तार देकर इस कार्रवाईको अछीतरँह पार पटकना वगैरह वगैरह यह काम उनकाही है, यहांतक कि इस समय उनके माता और वडे भाईके वीमार होनेकी हालतमें भी उन्होंने इस शुभ कार्यमें जो मदद दीहै और उनको अपने घरपर वीमार छोडकर इस कान्फ्रेंसमें शामिल हुए हैं. इस कुल कार्रवाईके वास्ते इस कान्फ्रेंसकी तरफसे मैं उनको धन्यवाद देता हूं (हर्षकी तालियां)

अलावा इत्तफाक और अक्ल वढनेके इस कान्फ्रेंसके कायम रहनेसे विद्योन्नतिभी होगी, क्योंकि आजकल अपनी जातिमें विद्याका सर्वथा अभाव है. जिस दर्जेपर अपने वुजुर्गोंका ज्ञान चढा हुआ था अव उस-

के विरुद्ध हमलोग इस विद्याखातेमें उतनेही गिरे हुए हैं जैसा कि अपने आवकार कमीटीके प्रेसीडेन्टकी तरफसे मिष्टर ढड्ढाने कहा है अपनी जातिकी तरफसे सम्पूर्ण हिन्दुस्थानमें एकभी कालेज हाईस्कूल वा बोर्डिंग हाऊस देखनेमें नहीं आता इस विद्याके फैलाव और तरक्की-की तरफ खास तवज्जाह देना अपना काम है और जब अपनी जातिमें विद्याका प्रचार जैसा कि चाहिये हो जावेगा तो उस समय अपनेको जो देशोन्नति और धर्मकार्यमें आगेवाणीका हिस्सा लेनेकी आवश्यकता है वह स्वयमेव सिद्ध हो सकती है जैसे प्रत्येक मनुष्य अपने पुत्रको अच्छी स्थितिमें देखनेकी इच्छा रखता है उसी प्रकार मेरीभी यह आ-न्तरङ्गिक इच्छा है कि मैं जैन समुदायकी आगे आनेवाली संततिको अपने नेत्रोंसे ऐसी देखूं कि जो अपने बुजुर्गोंका नाम रखनेवाली हो (खुशीकी तालियां)

अपने मुनिराजोंसे धर्म चल रहा है और जहां जहां उनका अभा-व है वहां वहां धर्ममें हानि पहुचती है उनके धर्मकार्यमें चाही हुई सहायता देकर धर्मको फैलाना यह अपना काम है इस विषयमें आप लोगोंका ध्यान मिष्टर ढड्ढाने खैंचा है वह सही है, मुझे इसपर अधिक कहनेकी आवश्यकता नहीं है

मंदिरों तथा तीर्थोंपर जो जो आसातनायें होती हैं वे सबको मालुम है इस विषयपर विशेष विवेचन करनेकी आवश्यकता नहीं हरएक जैनीका मन ऐसी आसातनायें देखकर दुखता है परन्तु भिन्न भिन्न होनेकी दशामें कोई मनुष्यभी इस तरफ कमर बधी नहीं करसकता है अब आपसमें एकता होनेसे आशा होती है कि वे आसातनायें अवश्य दूर हो जावेगी

सबसे अधिक गौर करनेका काम अपने 'ट्रष्ट फण्ड" की व्यवस्थाका है, अपनलोग इस फंडकीतरफ सर्वथा ध्यान नहीं देते हैं और इसही कारणसे अपने इस फण्डसे ट्रष्टीसाहबभी बेदरकार रहते है, इस फण्डकी ठीक तोर पर कार्रवाई होना बहुतही जुरूरी बात है क्योंकि इसका हिसाब साफ न रहनेसे उस ट्रष्टीको बहुत धर्मविरुद्ध आचका आता है देव

साधु अथवा प्रतिमा वगैरहका जो ट्रष्ट है वह ऐसा नहीं है कि जिसमें एक पाईकीभी गफलत और भूल रक्खी जावे. शास्त्रोंद्वारा मालुम होता है कि विना उपयोगके ऐसे फंडमेंसे यदि एक पैसाभी अपने काममें लग जाता है या अपने पास रह जाता है तो भवांतरमें अत्यन्त दुःख सहन करना पडता है अतः इस ट्रष्ट फंडकी तरफ शीघ्र ध्यान देना अपना परम कर्तव्य है.

इन विषयोंके अतिरिक्त और जो जो उपयोगी विषय अपनी जाति और धर्मकी उन्नति करनेवाले हों उनपर चर्चा करके अपनी तरक्की करना अपना फर्ज है.

अब मेरे हाथमें समय बहुत कम है और आज विषय नक्की करनेके लिये सब्जेक्ट कमीटीका कायम होना जुरूरी है इसलिये अपने इस ऐड्रेसको मैं इस श्लोकके साथ समाप्त करताहूं:—

प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः
प्रारभ्य विघ्नविहता विरमन्ति मध्याः।
विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः
प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति ॥ १ ॥

और आशा करता हूं कि जो शुभ कार्यका बीज इस तीर्थभूमिपर डाला गया है वह हमेशा कायम रहकर तरंह तरंहके उत्तम और रंगतदार वृक्षोंको सर सब्ज रक्खैगा. और इस बीजके बोनेवाले हाजरीन जल्साको कि जो कृपाकरके यहां पधारे हैं मैं धन्यवाद देता हूं.

१० सद्गृहस्थोंके दिलसोजीके तार और पत्र.

प्रमुख साहबको अपनो भाषण सभासदोंकी हर्षगर्जना और तालियोंके साथ समाप्त करतेही मिष्टर मोतीलाल कुशलचंद शाने चुने हुए पत्र और तार जो उन परदेशीय सद्गृहस्थोंकी तरफसे आयेथे कि जो कई कारणोंसे इस प्रथम कान्फ्रेंसमें शामिल नहीं हो सकते थे परन्तु जिन्होंने उन पत्रों और तारोंद्वारा इस सभाके साथ एकता और दिलसोजी बतलाईथी और जिनका विशेष वर्णन इस रिपोर्टके प्रथम भागमें किया

गया है सभाके समक्ष पढ़कर सुनाये कि जिनके सुननेसे सब सरदारोको बड़ी खुशी हांसिल हुई क्योंकि वे पत्र और तार हिन्दुस्थानके आगेवान सद्गृहस्थोंकी तरफसे आये थे और वे सब यह सूचना देते थे कि जो कार्य इस कान्फ्रेसमें किया जावेगा उसमें उनकी सम्मति है

११ जैन विवाहविधि.

इसके पश्चात् बड़ोदानिवासी वैद्य मगनलाल चुन्नीलालकी तरफसे जो जैन विवाहविधिकी पुस्तक प्रथमवार राजपुतानेमें इसजगह आई उसकी सूचना सभामे दी गई

१२ सब्जैक्ट कमीटी

कान्फ्रेंसका जल्सा विसर्जन होनेके पीछे उसही शामियानेके नीचे करीब२५ सद्गृहस्थ एकत्रित होकर विषय नक्की किये और दूसरी बैठक आजही रात्रिके समयमें नियत की गई

प्रथम बैठकका जल्सा करीब ३॥ बजे विसर्जन हुआ और कुल सभासद श्रीपार्श्वनाथ स्वामीके मंदिरजीमे जो नवपदजीकी पूजा होती थी उसमें शरीक हुए

कान्फ्रेंसकी दूसरी बैठक.

ठहराव पहिला

इस महासभाका नाम " जैन कान्फ्रेस" रक्खा जावे

आशातना दो प्रकारकी होती है एक वह कि जो हम खुद जान बूझ कर या अज्ञानतासे करें दूसरी यह है कि जो किसी दूसरेकी तरफसे लालच माया अथवा कपटांईके सबबसे हो ये दोनो प्रकारकी आशातनाये दिल दुखानेवाली है और दोनों आशातनाओंका बंद करना इस रीजोल्यूशनका मतलब है

उदाहरण तरीके अपने परमपवित्र शास्वता श्रीसिद्धक्षेत्रको लिया जावे यहां पर इन दोनों प्रकारोकी आशातनायें देखनेमे आती है जो कि संक्षेपसे इस तरहपर है—

इस परमपवित्र तीर्थपर चढ़ते हुए पैरमें जूता (उपानत्) न पहना जावे इस समय हम देखते है कि झोलीवाले जूता पहन कर चढते है और हम लोग उनकी डोली किराये करके उनको जूता पहनकर चढ़नेकी हिम्मत दिलाते है—

इस परमपवित्र तीर्थपर खाना, पीना, थूकना, पेशाव करना, पाखाना फिरना बिलकुल मना है परंतु जगह २ पानीके पो लगाकर हम आनन्द मानते है जो डोलीवाले और अन्यधर्मी वहां चढते हैं वे खाना भी खाते हैं पानी भी पीते है थूकते भी हैं सब ही काम करते है और इस तरहपर हमारी धर्म लागणीको दुखाते है और वे क्या दुखावेगे वेतो अन्यधर्मी है परंतु हमारे स्वधर्मी भी ऐसी ऐसी कारवाईको करके उस पवित्र स्थानपर अपवित्रता फैलाते हैं और बड़ी भारी आशातना करके निकाचित कर्म बांधते है यह बात हमने अप-

नी आँखोंसे देखा है कि एक महाशय अपने तीन चार वर्षकी वयवाले पुत्रको लेकर डूंगरकेऊपर चढ़े तो उसके खानेके वास्ते रोटी एक कटोरदानमें साथ ले चढ़े और दर्शन करनेके बाद उसको रोटी खिलाकर पानी पिलाया क्या इस तरंहपर बच्चेके रोटी खानेसे आशातना नहीं हुई? जब बच्चा रोटी खावेगा और पानी पीवेगा तो उसको जरूर पाखाना पेशाबकी हाजत होगी. हम अफसोसके साथ जाहिर करते हैं कि हमने अपनी आंखोंसे इन दोनों बातों को भी देखा है और मर्द स्नान करते हैं वहांपर एक आठ सात वर्षके लड़केको पेशाब करते हुए देखा है—खयाल करना चाहिये कि जिस जगंह स्नान करके पवित्र होकर पूजाके लिये जाते हैं वहां पर लड़का पेशाब करता है इसके अलावा हाथीपोलके पास एक बच्चेने वडी नीतभी करदी थी—गरज यह कि जो जो कार्य उस पवित्र स्थानपर न होने चाहियें वे सब कार्य हम लोगोंकी भूलसे वहांपर देखनेमें आये हैं परन्तु बच्चेही इसके गुनहगार नहीं हैं बल्कि वृद्ध २ श्रावकभी बच्चोंसे ज्यादा गुनहगारीके काममें प्रवृत्त होते हैं थूंकनेकी या कुरले करनेकी डूंगर पर बिल्कुल मुमानियत है हमने अपनी आंखसे देखा है कि जिस कुंडमें पानी लेकर स्नान करते हैं उस कुंडको बिल्कुल अपवित्र करदेते हैं वह इस तरंहपर कि एक शख्स जो पहले स्नान करता है वह अपने पहननेकी धोती या गमछा या रुमाल उस ही कुंडमें धो डालता है जब दूसरा शख्स स्नान करनेको आता है तो उसही कुंडको उठाकर उसमें पानी भर कर उस पानीसे पहले कुरला करता है उस कुरलेका कुछ पानी नीचे गिरता है कुछ उस कुंडमें गिरता है और फिर उसही जूंठे पानीसे स्नान करके पूजा करनेको चला जाता है यह काररवाई बहुलताके साथ नहीं होती परंतु सर्पका विष क्या ज्यादा क्या कम एक तासीर रखता है इसलिये इस परम पवित्र तीर्थपर ऐसी आशातना देखकर दिल बहुत दुखता है कोटके अंदर बीड़ी चुरट दूध वगैरह पीता हुवा भी एक सद्गृहस्थ देखा गया अलबत्ता बडे २ आदमियोंको अभी रोटी खाते नहीं देखे हैं सो अगर जो प्रवाह अबतक रहा है वह ही रहा तो जमाना नजदीक आता है कि जब रोटी भी खाने लगेंगे इस बातको हम मु-

वखिगेके साथ नहीं कहते है बल्कि जैसी हालत देखी है वह कहते है और इसके प्रकट करनेकी यों जरूरत है कि पवित्र स्थानपर पवित्रतासे ही आचरण होना उचित है

और जब मर्दोंकी यह हालत है तो औरतोंकी हालत इससे ज्यादा खराब हो तो क्या आश्चर्य है उनकी हालत वह जाने या ज्ञानी महाराज जाने–

इस कथनसे यह न समझा जावे कि समझदार, पवित्र और श्रद्धालु यात्रियोंकी नेसती है ऐसे २ श्रावक पुण्यप्रभावक भी देखनेमे आये है और धन्य है उनकी माताओंको कि जिन्होने ऐसे ऐसे नररत्नोको अपनी कोखमे धारण किये हैं कि जो उपवास करके धैर्यता, गम्भीरताको धारण करते हुए नगे पैर सूर्यकी आतापना लेते हुये गिरिराजपर चढ़ते है और सर्व दोष टालकर सेवा पूजा करते है–

स्नान करके पूजा करनेका मतलब यह है कि इस मलिन देहको पवित्र करके देवकी प्रतिमासे स्पर्श किया जावे और जब स्नान करे हुवे और विना स्नान किये हुवे एकमेक हो जाते है तो फिर क्यों पानी व्यर्थ ढोला जावे इस बातका पुख्ता इन्तजाम होना मुनासिब है कि स्नान किये हुए और विना स्नान किये एकमेक न हो सकें–

जब किसी राजा महाराजाकी सेवामे हाजिर होते है तो कायदेके साथ हाजिर होना होता है. परमात्मा राजा महाराजाओंके भी महाराजा है उनकी पवित्र सेवामे जब हाजर होवे तो उस वक्त सम्पूर्ण विवेक रखनेकी जरूरत है–परंतु देखा जाता है तो उसके हुजूरमे बहुत ही अविवेकतासे जाते है अव्वलतो मर्द औरतोंकी धाम धूम इस कदर होती है कि एकके उपर दूसरा पडता है कितनी बडी शरमकी बात है कि देवद्वारमे परमेश्वर परमात्माके रोबरू जुदे जुदे स्थलके मर्द औरतमे अविवेकपनेसे धक्का धूम होवे साधारण तोरपर ही एक पुरुषका संघटा अन्य स्त्री गवारा नहीं कर सकती तो इस स्थानपर अविवेकतासे ऐसी चेष्टा क्यों होवे– इसके उपरांत परमेश्वर परमात्माकी प्रतिमाका पूरा २ अविनय होता है क्योंकि इस धूम धाममे ठोकर लगना संभव है धोवती, लहंगेका पल्ला लगना एक आसान

बात है बल्कि अकसर धक्का धूममें उस प्रतिमाका सहारा लेना पडता है क्या ये कुल काररवाइयें आशातनामें दाखिल नहीं हैं ? और क्या इनका सुधार करना जरूरी नहीं है और क्या सुधार हो नहीं सकता है ? और क्या ऐसी हालत हांसीके काबिल नहीं है ? और क्या हम लोगोंको इस काररवाईको गवारा करना वाजिब है ?

पुष्पोंकी तर्फ निगह डालिये उस परम पवित्र प्रतिमाके धारणकरनेमें जो पुष्प आते हैं उनकी क्या गति है और उनको कौन किस हालतमें ले जाते हैं इसका प्रबन्ध यही किया जावे कि बिना स्नान किये हुये माली पुष्प न लेजाने पावें—

प्रक्षालन और पूजाका हाल नहीं वर्णन किया हुआ ही ठीक है इस विषय पर बिचार और खयाल करते हुए हमारा हृदय फटता है—प्रक्षालन और पूजा जैसी कि होनी चाहिये नहीं होती है—लाखों रुपये लगाकर बडे २ मंदिर बनाये जाते हैं परंतु पूजा सेवाके वास्ते कुछ इंतिजाम वाजिव तौरपर नहीं किया जाता है जिस वैभव और ठाठके साथ जैसी कि पूजा होनी चाहिये नहीं होती—जैसा कि अपने रीसेप्शन कमीटीके प्रेसिडेंट साहबने कहाहै एक २ पूजारीके चार्जमें कई प्रतिमायें होती हैं और वह उनकी एक तर्फसे पूजा प्रक्षालन करना शुरू करता है और ठेठतक प्रक्षालन खसकुंचीके साथ घस्से देकर करता हुआ चला जाता है कि फिर उसको अंगलूणा करनेकी जरूरत नहीं रहती प्रचंड वायु, उसकी मददगार बन जाती है—क्या इस प्रकारकी पूजा अफसोस दिलानेवाली नहीं है ?

इस ही तरंहपर अनेक प्रकारकी आशातना तीर्थोंपर देखनेमें आती हैं उनका मिटाना तथा जो जो गैर व्यवस्था तीर्थोंपर चल रही है उसका इंतिजाम करना जरूरी है और इस बातका नोट लेना इस कान्फरेंसका फर्ज है.

इस रीजोल्यूशनकी ताईद करते हुए अहमदाबादनिवासी. शा पुरुषोत्तम अमीचंद दलालने बिवेचन किया कि वाकइ तीर्थोंपर बहुत ही घोटाला चलता है जब यात्रानिमित्त जाते हैं तो अव्वल तो इतनी धर्मशालायें मोजूद होनेकी हालतमेंभी बडी गडबड मचती है अकसर धर्मशाला-

ओंके मुनीम वहुत खेचल करते है अकसर नाणाका खर्च होता है शेठ आणंदजी कल्याणजीके मेनेजर इस तर्फ कुछ लक्ष्य नहीं देते है उनको शिकायत की जाती है तो वे कुछ नही सुनते ट्रस्टीसाहवानकी सेवामे निवेदन किया जाता है तो वे भी वेदरकारीसे कुछ नही सुनते हैं हिसावमें वहुत गैर व्यवस्था होती है उसमे वहुतसा घोटाला देख नेमे आता है देवद्रव्यका कोई रक्षक नहीं है और यह ऐसा पैसा है कि जिसका उपयोग वाजवी होना चाहिये–

इस दरखास्तको प्रेसीडेन्ट साहवने सभाका मतलेनेको सभाके सामने रजु की जिसपर सवका मत एक रहनेसे यह रीजोल्युशन पास किया गया

॥ ठहराव दसवां ॥

"जैन कोममें प्रचलित हानिकारक सांसारिक रीतिरिवाजोको दूर करनेके लिये वाजवी प्रयत्न करना चाहिये"

इस दरखास्तको पेश करते हुए सिरोही निवासी मिष्टर अमर चद जी पी परमार ने एक पुरजोश व्याख्यान दिया और अपने स्वाभावि-क अच्छे और हास्यकारक दृष्टान्त देकर अपनी हमेशाकी वक्तृत्व श-क्तिसे श्रोताजनोको आनन्दित किये उनके भाषणका सारांश इस प्रमा-ण है–

प्रिय जैनवान्धवो देशान्तरके जैन वान्धवोको जैन कान्फरेन्स अर्था-त् जैन महासभा या जैन महामण्डलमे मिले हुए देखकर वड़ा हर्ष उत्पन्न होता है

वान्धवो! एकजमाना ऐसा था कि जिसमे खगोल, गणित, न्याय, व्या-करण, साहित्य, धर्मशास्त्रादिके अनेक ग्रंथ हमारे पूर्वाचार्य और विद्वा-न् श्रावकवना गये है एक समय ऐसाथा कि सर्वत्र "अहिंसा" "अहिंसा" शब्दकी ध्वनि फैल रहीथी और प्राणीमात्रको किसी किसमका भय नहींथा एक समय ऐसा था कि तमाम जैनी अपना कर्तव्य समझकर न्यायोपार्जित धन सपादन करके अरबोंकी दोलतके मालिक वनकर धर्मकार्य और परोपकारमें कटिवद्धथे परन्तु हाय अफसोस आज समय

और ही रंगका नजर आताहै कि जिसमें उन ही पुस्तकोंके नाम तक हमको मालुम और याद नहीं है तो फिर उनको पढकर समझना तो दूर रहा हमारे बुजुर्गोंने जो अटूट दौलत ज्ञानकी हमारे लिये छोडी है उसकी अगर कुल जैन समुदाय इकट्ठा होकर बैठे तो भी टीप तक संपूर्ण नहीं कर सकता है—हमारे बुजुर्गोंकी वाणी और ज्ञानकी यह शक्ति थी कि जिसके सुननेसे हमको अनुभव होताहै कि केवल इसही पवित्र जैन धर्ममें उत्तम ज्ञान मिल सकताथा—तफसीलन यहां पर उदाहरण दिया जाताहै कि "राजानो ददते सौख्यम्" इस एक वाक्यके नव लाख श्लोकमें नव लाख अर्थ करके श्याम सुंदर आचार्यने "नवलक्षी" ग्रंथ द्वारा अपनी विद्वत्ता प्रकट की है और तपगच्छाचार्य श्रीमदात्मारामजी महाराजने भी इसका हवाला अपने बनाए हुए "अज्ञानतिमिरनाशक" ग्रंथमें दिया है—अब वह समय नजर आता है कि जिसमें जगंह जगंह हिंसा नजर आरही है आज वह जमाना आगयाहै कि जिसमें येन केन प्रकारेण धन उपार्जन करनेमें अपना मुख्य कर्तव्य समझा जाता है हालांकि अपना स्वामी भाई तथा अपना सगा भाई भूखा क्यों न मरता हो—यह काररवाई कालके फेरफारसे है और ज्ञानी महाराज के सत्य बचनको ठीक तौरपर दिखला रही है—

पूर्व पुन्यके उदयसे हमने मनुष्य देह, आर्य क्षेत्र, उच्च कुल, जैनधर्म, सच्चे देव, गुरु, सम्य क्त्व, तथा शुद्ध अंगोपाङ्ग पाये हैं तो हमारा जरूरी फर्ज है कि इस उत्तमोत्तम सामग्री और जोगवाईका सदुपयोग करें—ऐसा न करनेसे और इस मोकेको हाथसे व्यर्थ खोदेनेमें उस मूर्खकसा हाल हमारा होगा कि जिसको शुभ कर्मानुसार चिंतामणि रत्न हाथ लगाथा परंतु उसने काकके उडानेमें उस रत्नको कंकरके मुवाफिक समझकर अपने हाथमेंसे फेंक दिया "फिर पछताये होय क्या जब चिडिया चुग गई खेत" जो बन्दोबस्त करना हो फौरन करना चाहिये पानी पहली पाल बांधना चाहिये—हमारे शासननायक परम पूज्य श्रीबीर परमात्मा जो उपदेश कर गये हैं उसके मुवाफिक वरताव रखना हमारा कर्तव्य है—उनकी आज्ञा भंग करनेसे सम्यक्त्व

रूप चिंतामणि रत्न हाथसे चला जाता है और आज्ञाबराधक दोषसे दूषित करार पाकर नरकगामी होना पडता है—

बान्धवो! आपने जरूर विचार किया होगा कि हमारी कुलपरंपरा क्या है? हमारा सांसारिक व्यवहार कैसा होना चाहिये और इन दिनोंमें हम लोग अन्यमतियोंके संसर्गसे विना सोचे समझे देखा देखी कैसे कैसे निदनीय और दुष्ट सांसारिक और अधार्मिक रिवाजोंको ले बैठे हैं अगर उनकी गिनती की जावे तो उनका हिसाब नहीं हो सकता इतने हानिकारक रीति रिवाज हमारी कोममें दाखिल हो गये हैं—बमुकाबले पुरुषके स्त्रीवर्गमें ज्ञान कम है—पुरुषसे स्त्री कमजोर होती है इस लिये उस वर्गमे मामूली तौरपर वहम वगैरह ज्यादा होता है अगर कोई बच्चा बीमार हुआ तो बजाय इसके कि वह उस बीमारीका इलाज करावे भुवाके पास दौड कर जावेगी और नजर बधावेगी, खेतला, हनुमान, माया, शीतला, महादेव, पीर, बीर, ताजिया, फकीर वगैरहकी मानता करेगी—एकके देखा देखी दूसरी भी वैसा ही वर्ताव करेगी—यहांतक कि यह एक पुश्तैनी रिवाज समझा जाकर औरतोंके दिलोंमे ऐसा मजबूत होकर जम जाता है कि फिर उनके सामने दलील और मतिकका कुछ गुजर नही होता है

उस ही फलौदीके जैनमंदिरमें सेंकडो लोग अपने बच्चोंका जडूला उतारनेको आये हैं इस स्त्रीवर्गकी समझ पर कहांतक कहा जावे और कहांतक अफसोस किया जावे वह इतनी भी तो कम अक्ल है कि अपने स्वामीको वश करनेके अनेक उपाय करनेमे गुप्तरीतिसे हजारों रुपया, जोगदूधुतारोंको खिला देती है पुत्र होनेकी अभिलाषामे बाज बाज ओरत अपना अमूल्य शील भी भङ्ग कर देती है—यह नहीं समझतीकि सिवाय कर्मके कुछ नहीं बन सकता और सिवाय अरिहंतके और कोई देव नहीं हो सकता है—

मिथ्यात्वी अन्य दर्शनियोकी शोबतसे कितनेही कार्य हमारे जैनी भाई अपने शास्त्रसे विरुद्ध करते हैं—होलीको भूखा मरना, या धूल उछालना या बुरे बुरे गीत गाना, या पानी उछालना, शीतलाष्टमीके दिन ठंडा खाना, शीतलादेवीको पूजना उससे अपने बच्चेका सुख

चैन मांगना, श्राद्ध करके पित्रोंको तृप्त करनेकी श्रद्धा रखना, ग्रहणको देव कार्य समझ कर सर्व विधि पालना, गंगाजी स्नानको जाना, बेदोक्त बिधिसे लग्न करके दुष्ट कर्म बांधना, क्षेत्रपाल, दई देवताको पूजने जाना, अपने सदाकालके सोलह संस्कारोंको छोड़ बैठना, चैत्रमासमें सुहागके कारण गणगोरको पूजना, उसके शृंगार करना, उसमें देवकी शक्ति मानना, वैष्णवोंकी देखा देखी वदि ४ चौथका व्रत रख कर रातको चांद उगने पर भोजन करना, कृष्णाष्टमीका व्रत करना, बछबारसके त्योंहारको मानना, गोगाकी पूजा करना, भादों सुदि ४ चौथके दिन अपनी धर्म क्रियाको छोड़ गणेशकी पूजा करना, अनंत चतुर्दशीका वैष्णवोंके मुवाफिक व्रत रखना, नवरात्रिमें दुर्गा माताकी सेवा करके मानता करना, दिवालीके दिन अपने शासन नायकके स्मरण और उनके कल्याणकको छोड़ कर और रत्नदीपक जो कि उनके मोक्षपधारने पर बुझेथे उनका अनुभव न करके लक्ष्मीकी पूजा करना, और धन वृद्धिके हेतु दीपक जोना, देव झठनी ग्यारसको मानना, पुष्कर स्नान करना, शिवरात्रिका व्रत करना, शिवजीकी सेवा करना, शनिवारादिकके व्रत करना, इत्यादि अनेक अकार्य हम लोग आजकल ऐसे कर रहे हैं कि जो हमारे शास्त्रके बिल्कुल खिलाफ हैं—हर सच्चे जैनीका फर्ज है कि इन कुरीतियोंको तथा दुष्ट रिवाजोंको छोड़ कर श्रीजिनाज्ञाके मुवाफिक आचरण करे—

बिबाहशादीमें हजारों रुपयोंका धूमाका करडालते हैं बेश्याका नाच कराकर ऐसे प्राणीको सहायता देते हैं कि जिसका आचरण निन्दनीय हैं आतशबाजी छोड़ कर सैंकडों हजारों रुपयोंका सत्यानाश कर देते हैं तथा चीकणे कर्मको बांधते हैं हजारों आदमियोंकी ज्योंनार करके भट्टी वगैरह खुदवाते हैं—असंख्य जीवोंको होम देते हैं इत्यादि कामोंके करनेसे कर्जदार हो जाते हैं नीतिभ्रष्ट और हिंसक बन जाते हैं अपनी बहन, बेटी, माता, स्त्री, वगैरहसे बुरे गीत गाली गवाकर आनंद मानते हैं अगर कोई समझदार औरत गाली नहीं गाती है तो बुरा मान कर कहते हैं कि हमारी ब्याहण तो हमको गाली भी नहीं गाती है—क्या यह बातहीं अफसोस और शरम भरी हुई न है

कि वाप, जाई, रिश्तेदारोंके रोवरू औरतें बुरी बुरी गालियां गावे और मर्द उनको सुन कर खुश होवे ? शरम? शरम? शरम? स्त्रियोका जंगलमे घास काटनेको जाना, या गोवर वीन कर लाना, या सिर पर पानीका मटका लाना जी खोटे रिवाजोंमे दाखिल है और वद होना चाहिये—

मरणेके वाद सोग पालनेमे जी हमारे जैनी जाई सूरवीर है वारह वारह महीनेतक काण (मोकाण) जाना, दो तीन वरसतक रोना, पीटना, सुवहके वक्त उठकर औरतोंका वासी पल्ला लेना ये सव धर्मविरुद्ध हैं और ऐसे रोने पीटनेके सुननेसे कच्ची छातीवाला आदमी जयजीत हो जाता है—गुजरात देशमे मरणोके पीछे औरतें इस कदर छाती कूटती है कि वाज वाज वक्त उनकी छातीसे रक्त वहने लगता है और उस स्त्रीके पतिको उसकी छाती सेकनी पड़ती है—कहो किस कदर मोहनीकर्मका वध किया जाता है १ क्या यह रिवाज सांसारिक और धार्मिक खयालातोंसे एकदम वद करदनेके लायक नहीं है ? एक गांवसे दूसरे गांव जव मौकाणको जाते है तो उसका मतलव तसल्ली देनेका है—परंतु वह हेतु तो अव नहीं रहा अव तो चाहे जैसा जवान आदमी क्यों नहीं मरे मोकाण आने जानेवाले आदमी तो कई दिनतक रहकर खिचड़ी घी खाते हैं—विशेष रोनेसे न मरनेवाला पीछा आसकता है—न उसकी खोटी गतिसे अच्छी गति हो सकती है वल्कि रोनेवालेका धर्मध्यान छूट कर आर्तध्यानमे पडना होता है—साधु मुनिराजोने वहुत जगह इस वुरे रिवाजको कम करायाहे परतु अव जी वहुत सी आवश्यकता है—जवतक औरतोंको तालीम देकर उनकी ज्ञान चक्षु न खोली जावे उनको एकदम इन खोटे रिवाजोंके छोड़नेमे दिक्कत होती है पतिके मरणेपर औरतें मदिर उपासरे जाना और धर्म श्रवण करनातक छोड़ देती हैं यह विल्कुल खराव वात है—जो शख्स इस ससारमे पैदा हुआ है जुरूर मरेगा फिर अफसोस करना कुदरतके खिलाफ है—देखो कैसा अज्ञानरूपी अधकार उनके ऊपर छा गया है—

मरणेके वाद जीमनमें हमारे जैनी जाई हजारों रुपये खर्च कर देते हैं—वहुत जगंह पर ऐसा दुष्ट रिवाज देखनेमें आता है कि चाहे जैसा

जवान शख्स मरजावो तो भी उसके पीछे जीमन जरूर करना ही पड़ता है—अकसर ऐसा देखनेमें आता है कि जब मरनेवालेके घरमें शादीका मौका आजाता है तो जबतक उस मरणेवालेके नुकतेकी ज़मानत दाखिल नहीं हो जाती है तबतक उसको शादीकी इजाजत नहीं दीजासकती है हमको श्रीमान् जोधपुर दरबारका पूरा उपकार मानना चाहिये कि उन्होंने सायरका पूरा नुकसान उठाकर भी अपनी प्रजामें मोसर वगैरहका जीमन बंद कर दिया है—हमको भी श्रीमान्के पंथमें चलकर कुल बिरादरीमें एक ठहराव करना चाहियेकि—यह रिवाज धार्मिक और सांसारिक व्यवहारके खिलाफ होनेसे बिल्कुल बंध होनेके काबिल है—अधरणीके निर्लज्ज जीमनका भी जैनियोंमें प्रचार देखा जाता है—जगंह जगंह ब्रह्म भोजन भी होता हुआ देखनेमें आताहै, यह तमाम खोटे रीति रिवाज बंध होनेके काबिल हैं—

इनके अलावा और और जो हानिकारक रीति रिवाज जैनियोंमें देखनेमें आते हैं वेभी बंद करनेके काबिल हैं क्योंकि उनके जारी रहनेसे बहुत शरम उठानी पड़ती है—

मसलन् अतिनिन्दनीय कन्याविक्रय, कमजोर करनेवाला और सत्यानाशमें मिलानेवाला बाललग्न, हास्यजनक और दुराचार फैलानेवाला वृद्धविवाह, और एक स्त्रीके मोजूद होते हुए दूसरी तीसरी स्त्री का घरमें लाना—

कन्याविक्रयका ज्यादातर रिवाज काठियावाड़, गुजरात, गोरूवाड़ वगैरहमें बहुत ही प्रचलित है इसका कारण बहुलता करके तो गरीबांईकी दशा और मूर्खता ही हो सकता है—धनके लोभसे—माता पिता अपने पेटकी प्रिय पुत्रीकी वृद्ध, अपंग, मूर्ख, परदेशी वगैरहके साथ शादी कर देते हैं बाज वक्त सोदा बहुत महंगा होजाता है और कन्याकी कीमत खरीददारकी जरूरत और अवस्था और द्रव्यस्थितिके मुवाफिक दश दश पंदरह पंदरह हजार रुपया तक कायम होजाती है कहावत मशहूर है कि "बेटी और गाय जहां देवे वहां जाय" गौ जैसी गरीब पुत्रीको इस तरंह बेच कर खड्डेमें डाल देने सिवाय और क्या पाप होगा—नामदार ब्रिटिशगवर्नमेन्टने बहुत प्रयास लेकर गुलामी धंधे

और सौदागरीको बद करदी. परंतु यह खेदकारक आवरूका लेनेवाला कसाईके धधेसे भी महाबुरा रोजगार अभीतक बद नहीं हुआ—जानत है ऐसे माता पिताओंको—हरेक आदमीको इसका अनुभव हो सकता है कि कन्याकी बिचौतीका पैसा स्थिर नही रहता है और कन्याके बेचनेवाले माता पिता भी हमेशा भिखारीपणेकी हालतमे ही देखे जाते है—यह धन न्यायोपार्जित नहीं होनेसे ठहर नहीं सकता है—धनके लोभसे कन्याकी वक्तपर शादी नहीं करते हैं और ज्यादा उमरकी कन्या हो जानेपर बाज कन्याओंके शील खण्ड होजानेका भी भय रहता है—एक शख्सने ५०० पांचसो रुपये देकर शादी कीथी—दूसरेने पूछा आज कल क्या व्यौपार चलता है उसने कहा "पांचसौका पंधरासौ भयो और माल अमानतको अमानत रह्यो' याने तीन लडकिये पैदाहुई जिनके खानेको पदरासौ रुपया लिया फिर औरतके सलामत रहनेसे माल अमानत रहा है—

कन्याविक्रय चार प्रकारसे बंद हो सकता है— राज्यके कानून कायदेसे, जातिके पंचायत कानूनसे, गरीबांईकी स्थिति दूरकरनेसे और अज्ञानता दूर करनेसे— इन चारों उपायोमें जातिका प्रबन्ध ज्यादा असर कर सकता है— और सबसे पहले अपने भाइयोंकी गरीबांईकी हालत दूर करना अपना कर्तव्य है— कई जगहं ऐसा भी रिवाज है कि— कन्याका पिता चाहे जितना दोलतमंद हो तोरणके वक्त पुत्रके बापसे लागके सैकडो रुपये खर्चा लेता है यह कार्य भी कन्याविक्रयमे ही शुमार किया जा सकता है

और कन्याविक्रयके बद होनेसे वृद्धविवाह भी स्वयमेव ही बद हो सकता है क्योंकि जब कन्याका दाम लेना बंद हो जावेगा तो फिर अपनी पुत्रीको कोन सख्स वृद्ध पुरुषको देनेको रजामंद होगा—

बाललग्न कई अनर्थोका मूल है इस ही बाललग्नसे विधवा ज्यादा होती हैं कमजोरी ज्यादा देखनेमे आती है अगर एक पहलवान अपने सौ आदमियोंके अदर आ जावे तो उससे डरकर सब भाग जावे—यह बाललग्न गोया गुढियोंका विवाह है—इस बाललग्नसे आयुष्य कम हो जाता है— हमेशा बीमारी बनी रहती है— और धर्म ध्यान नहीं बन सकता है—

वृद्धविवाहका रिवाज बहुत हानिकारक है और हास्यजनक बात है– इधरको बेचारी दस बारह वरसकी कन्या, उधरको साठ सत्तर वर्षका नाड़ हिलाता हुआ हाथ पैर धुजाता हुआ, सफेद बालोंका उस कन्याके दादा पड़दादाकी उम्रका वर तोरण पर आताहै होस हवास उसके दुरुस्त नहीं होते हैं अकसर देखा गया है कि फेरे फिरते फिरते गरमीके मारे दुल्हा बेहोश हो कर गिर पड़ा है–क्या ऐसे बूढे महात्माके साथ कन्याकी शादी कर देनेसे उस कन्याको सुख मिल सकता है? एक दफे एक बूढा वर एक बालकन्याको शादी करके ले जाता था रास्तेमें कटोरा लेकर सत्तू फांकने लगा इतनेहीमें चीलने झपट कर उस कटोरेको गिरा दिया जो आस पासके लडके लड़की ये कहने लगे "काकानो बाटको कागडो लइ गयो"– "काकानो बाटको कागड़ो लइ गयो" इस तरहं पर लड़के लड़कियोंको कहते सुन कर वह कन्या वधू भी कहने लगी "काकानो बाटको कागडो लइ गया" क्योंकि वह कन्या उस वृद्धको उस वक्ततक अपना काका ही जानती थी– वृद्ध पुरुषोंको विचारना चाहिये कि जब उनके संतान मोजूद है तो फिर दुबारा शादी करना भव बिगाड़ना है– आपसमें भाई भा और पहलेकी स्त्रीकी संतानके झगड़ा हुए विना नहीं रहता है– और अकसर कन्याके शीलमें फरक आनेका मौका रहता है– सुखसंपत्तिकी प्राप्ति सरखी जोडीसे ही हो सकती है– अगर चालीस वर्षकी उम्र बाला मनुष्य शादी करना चाहे तो उसें जातिकी आज्ञा लेनी चाहिये जोधपुर राज्यमें भी वगैर मंजूरी राज्यके ऐसी शादी नहीं हो सकती है–

एक औरतके जीतेहुये किसी कबी सबबके वगैर दूसरी शादी करना, और वगैर रजामंदी औरत मोजूदा के शादी करना भी टंटा फसादका पैदा करनेवाला है– घरमें हमेशा कुसंप चलता रहता है धर्म ध्यान बनता नहीं और वह प्राणी इस भव तथा परभवमें दुखी होता है.

इस कानूफरेंसकी ऐसी नीम डाली गई है कि जिससे बजरये उपदेशक वगैरह, ऐसे ऐसे हानिकारक रिवाज बिल्कुल बंद हो जावेंगे–साधु मुनिराजोंको भी इस कार्यका अपने विहारमें खयाल रखना चाहिये–क्योंकि उनके उपदेशसे ज्यादा उपकार हो सकता है–

आज कल हमलोगोंमें और खासकरके श्रीमन्तोंमें और मुत्सद्दी वर्गमे शरावपीनेका दुर्विसन पड़ गया है शराबको ज्ञानी महाराजने अभक्ष्य कही है– अनेक जीवोंकी हिंसासे यह पैदा होती है– ससारमें शरावखोर वे इज्जत होते है भाइयो क्या यह शराव खोरी अपने जैनियोंके उच्च कुलमे ठीक कही जा सकती है–

अज्ञानदशा दूर करनेकी कोशिश प्रथम करनी चाहिये ताकि खोटे रिवाज, वहम और मिथ्यात्व आप ही आप दूर हो जावे–और सम्यक्त्वका दरवाजा खुल जावे–

अपनलोगोंमें जैनशास्त्रानुसार जन्मसे लेकर मरणपर्यन्त १६ संस्कार होते है– परन्तु उन सवको इस वक्त छोड रक्खे हैं– उनमें एक संस्कार विवाहविधिका है–जैन तीर्थंकरों और समक्त्वी देवताओंके नाम जैनके वेदमन्त्रोंमे विद्यमान हैं मंगल, चोंरी, मातृकागृह, सप्तकुलकर स्थापना आदि तमाम विधिपूर्वक हो सकता है–यह विधि विस्तारसे स्वर्गवासी सूरिमहाराज श्रीआत्मारामजी महाराजके वनाये हुये– "तत्वनिर्णयप्रासाद" ग्रंथमें जो कि मेरी तर्फसे थोडे ही समयमें प्रकट होगा लिखी हुई है

मेरा वोलना इस अर्जके साथ समाप्त करता हू कि जितना जिससे वन सके उतना गावमें जातिमें अपने मित्रवर्गमें और अपने कुटुम्बमें तो अवश्य करके बुरे रिवाजोंको वद करना चाहिये– थोड़ा थोड़ा करनेसे भी वहुत हो जाताहै–इसलिये समस्त स्वामी भाई हमारी शास्त्रीयरीतिपर कायम होकर निकट भव्य होकर मोक्षके भागी होवें यह ही हमारी परम इच्छा है–

मिष्टर परमारके इस दिलचस्प भाषणको हर्पनादकी तालियोंके साथ खत्म करने पर इस दरख्वास्तकी ताईदमें जोधपुरनिवासी शेठ मनोहर मलजी ढढ्ढाने विवेचन किया कि वाकइ जो कुरीतिया और दुष्टरिवाज मिष्टर परमारने वतलाये है ये ऐसे हैं कि इनको हरसचे जैनीको फौरन छोड़कर इनसे कनारा कश होना चाहिये–अन्य देवको पूजने या मिन्नत करनेसे कोई फायदा नहीं हो सकता है वल्कि सम्यक्त्वके वट्टा लगता है और इससे संसारमें ज्यादा भ्रमण करना पड़ता है– होली

वगैरहपर ज्ञांमोंकी जैसी कुचेष्टा करनेसे बुरे कर्मोंका बंध होता है-ब्याहशादीमें या मरने पीछे नुकता व जोनार करनेंमें हजारों रुपयोंको व्यर्थ खोकर कर्जदार होना पडता है-चोरी करनी पडती है इसलिये मेरे मिस्टर परमारने जो जो बातें कही हैं उनके साथ मैं अपनी सम्मति प्रगट करके सब स्वामीभाइयोंसे प्रार्थना करता हूं कि इस रिज्योल्यूशनको पासकरके इसके मुआफिक पाबंद रहेंगे-

सभाकी सम्मतिसे प्रेसीडेन्ट साहबने इस रिज्योल्यूशनको पास किया.

ठहराव ग्यारहवां.

इस कान्फरेन्सके मुताल्लिक तमाम काम काज करनेके लिये जनरल सेक्रेटेरी तथा प्राविंशियल (प्रांतिक) सेक्रेटेरी मुकर्रिर किये जावें-

इस रिजोल्यूशनको सभाके सन्मुख पेश करते हुए मुंबई निवासी शेठ दीपचंद माणकचंदने दरख्वास्त की कि इस कान्फरेन्सका काम साधारण नहीं है बल्कि बडा जिम्मेदारीका काम है और चूंकि यह कान्फरेन्सका जलूसा साल दरसाल अनुकूल स्थलपर अपने दूसरे ठहरावके मुवाफिक होता रहेगा इसलिये इसके काम काज चलानेके लिये सेक्रेटेरियोंका मुकर्रिर होना बहुत जरूरी है. इस कान्फरेन्सके अंदर कुल हिन्दुस्थान शामिल है और जैसे किसी बडे कारखानेका इंतिजाम मेनेजर, सबमेनेजर, हेडक्लार्क, वगैरहकी तकरूरीसे होता है, इसही तरंहपर इस महासभाके कामका इन्तिजाम जनरल और प्रान्तिक सेक्रेटेरियोंकी तकरूरीसे होना मुनासिब है ताकि वे लोग अपने अपने सरकिलमें कान्फरेन्सके बिचारे हुए कर्तव्योंको पार पटकनेका प्रयत्न करें इस कार्यके लिये दो जनरल सेक्रेटेरी मुकर्रिर किये जावें उनमेंसे एकको अपर इण्डिया अर्थात् उत्तरीय हिन्दुस्थानका चार्ज दिया जावे और दूसरेको लोअर इण्डिया अर्थात् दक्षिण हिन्दुस्थानका चार्ज दिया जावे और इन दोनोंके साथ काम करनेको तथा अपने अपने सरकिलमें कान्फरेन्सके कर्तव्य पार पटकनेको मुनासिब तौरपर प्रान्तिक सेक्रेटेरी मुकर्रिर किये जावें-और हर जनरल सेक्रेटेरीके मुताल्लिक प्रान्तका प्रान्तिक सेक्रेटेरी उस जनरल सेक्रेटेरीके साथ खत किताबत रक्खे और दोनो जनरल सेक्रेटेरी आपसमें खत कि-

तावत रक्खें इस कामके लिये मेरी रायमें नीचे लिखे मुजव साहव चुने जावें:—

"अपर इण्डियाके जनरल सेक्रेटरी जयपुरनिवासी मिस्टर गुलावचंद जी ढढ्ढा एम ए

लोअर इण्डियाके जनरल सेक्रेटरी अहमदावादनिवासी शेठ लालभाई दलपतिभाई

प्रान्तिक सेक्रेटरी नीचे मुजव

शेठ फकीरचंद प्रेमचंद रायचद जे पी जोहरी माणकलाल घेलाभाई	वम्बई प्रान्त
शा मोतीलाल कुशलचद	अहमदावाद (गुजरात)
शेठ कुवरजी आणंदजी	भावनगर (काठियावाड़)
शेठ नानचंद भगवान्	पूना (दक्षिण)
शेठ नथमलजी गोलेछा	ग्वालियर (सी आइ ए)
शेठ लक्ष्मीचंदजी सीयाणी	इन्दोर (मालवा)
मिष्टर जसवंतराय जैनी	लाहोर (पंजाव)
जोहरी मोतीचद लालचंद शेठ जेठाभाई जयचद	कलकत्ता (वङ्गाल प्रान्त)
शाह सुजाणमलजी ललवाणी	जयपुर (ढूढाड़–प्रान्त)
पारख दीपचदजी	जोधपुर (मारवाड–प्रान्त)
शेठ हीराचदजी सचेती–	अजमेर (राजपूताना)
पूजावत मगनलालजी	उदयपुर (मेवाड–प्रान्त)

इन नामोंको प्रकट करके शेठ दीपचद माणकचंदने यह भी कहा कि ये जनरल सेक्रेटरी अगर जरूरत समझे तो प्रान्तिक सेक्रेटरियोंमें फेरफार करसकते हैं तथा उनकी जगहपर या और नये प्रान्तिक सेक्रेटरी मुकर्रिर करनेका अख्तियार रखते हैं और प्रान्तिक सेक्रेटरी अपने अपने सरकिलमें योग्य गृहस्थोंकी कमीटी नीमनेका अख्तियार रखते हैं"

इस दरख्वास्तकी ताईद करते हुए शेठ गणेशमलजीने जाहिर किया

कि इस दरख्वास्त शेठ दीपचंदजी जनरल और प्राविन्शियल सेक्रेटरी मुकर्रिर किये जावें

लादराके वकील छोटालाल लल्लुभाईने इस दरख्वास्तकी अनुमोदना की जिस पर प्रेसीडेन्ट साहव इस दरख्वास्तको सभाके मत लेनेको सभाके सामने पेश करके सर्वानुमतिसे पास की.

ठहराव बारहवां.

"आवती दूसरी कान्फरेन्स श्रीपालीताणे- अनुकूल वक्त पर भरे"

इस ठहरावको सभाके सन्मुख पेश करते हुए शेठ कुंवरजी आणंदजी भावनगरवालोंने दरख्वास्त की कि यह प्रथम कान्फरेन्स इस फलोधी तीर्थ भूमिपर भराई गई और यह बात सच है कि- ओसवाल जातिकी उत्पत्ति इस मरुधरभूमिसे ही है इस ही तरह पर इस श्रेयकामकी बुनियाद भी इस मरुधर भूमिके जगत्विख्यात तीर्थपर ही डाली गई है इससे आशा होती है कि जिस तरह ओशवंशकी दिन व दिन तरक्की होती गई वैसे ही इस जैनमहासभाकी भी दिन व दिन तरक्की होगी और जिस तरहपर मरुधर भूमिसे ओशवंशका फैलावडा गुजरात काठियावाडकी तरफ हुआ वैसे ही महासभाको यहां शुरूकरके गुजरात काठियावाडकी तरफ ले जाना ठीक है- और जिस तरहसे यह फलोधीका स्थान एक तीर्थ स्थान है वैसे ही दूसरी कान्फरेन्स भी तीर्थभूमि पर हो तो ठीक है क्योंकि तीर्थभूमि पर होनेसे कई प्रकारकी सगवड़ रहती है और जो मनूशा हमारी यह है कि इस महासभाके फायदोंको देशदेशके मनुष्य अछी तरह जान कर अपने अपने मुल्कमें इसके साथ हमदर्दी पैदा करें वह हमारा इरादा और बिचार इस तरहपर तीर्थ भूमि पर महासभाका जल्सा करनेसे शीघ्र पार पड़ सकता है- श्रीपालीताणामें अपना परम पवित्र तीर्थ श्री सिद्ध क्षेत्र है वहां पर सैंकडों हजारों यात्री नानादेशके आते हैं और समझदार दौलतमंद, आगेवान गृहस्थ भी बहुतसे आते हैं पस वहांपर अपनी दूसरे कानफरेन्सके भरनेसे बहुत लाभ होगा इसलिये मेरी यह दरख्वास्त है कि दूसरी कान्फरेन्स पालीताणामें भराई जावे.

इस दरख्वास्तकी ताईद मिस्टर मोतीलाल कुशलचंद शा. अहमदावाद निवासीने की और इस्व दरख्वास्त शेठ कुंवरजी आणंदजीने इस वात पर जोर दिया कि कान्फरेन्सका काम शुरू होना ही मुश्किल था कि जिसको यहां श्रीफलोधी तीर्थपर शुरू कर दिया गया है अब इसका काम वहुत अछी तरंह चल सकता है और इस कान्फरेन्सके लिये हमदरदी पैदा करनेके लिये दूसरी कान्फरेन्स श्रीपालीताणामे नराना अछा साधन है

इस दरख्वास्तकी मिस्टर नगुनाई फतहचंद कारनारी अहमदावाद निवासीने अनुमोदना करते हुए जाहिर किया कि हम गुजरात काठियावाडके जैन आप लोगोकी सेवामें हरवक्त हाजिर रहेंगें कोई कोताई न करेंगे दूसरी कान्फरेन्स श्रीपालीताणामें नराई जावे—

सव सनाका मत लेकर प्रेसीडेन्टसाहवने इस ठहरावको पास किया—

ठहराव तेरहवां.

“इस जैनवर्गके सम्पूर्ण हितकारक कार्यके लिये पूरा प्रयास करनेवाली “श्रीफलोधी तीर्थोन्नति सना” का और उसमे नी मुख्यपनेसे गुलावचंदजी ढढाका यह सना उपकार मानती है”—

इस दरख्वास्तको पेश करते हुए महुआवाले प्रोफेसर नथुनाई मंछाचंदने जाहिर किया कि जो प्राणीमात्र इस संसारमे न्रमण करते है वे अपनी अपनी जीविका चलाते हैं सवको अपना अपना लोन लालच सूफ रहा है— फायदेकी सूरत देख कर सुख संतोपको छोडकर दुःख सहन करनेपर मनुष्य कटिवद्ध होता है अपने जाती फायदेके वास्ते मनुष्य अनाचार दुराचार कर वैठते हे— परन्तु फलप्राप्ति इतनी ही होती है कि जितनी कर्ममें लिखीहुई है उससे ज्यादा कमी नही हो सकती है तो नी मनुष्यकी हाय पिछला खत्म नहीं होती है— हमने अपनी आंखोंसे देखा है कि कई आदमी अछा और सुकृतका काम करनेमे पस्त हिम्मत हो जाते हैं और जरूर कुछ न कुछ वहाना निकाल लेते हैं और जव किसी काममें दो पैसेकी प्राप्ति देखते हैं तो सो सो जरूरी कामोंको छोडकर दुःख सहन करके नी सैकड़ों हजारों कोस पहुंच जाते हे— परन्तु हाय अफसोस धर्मके कामोंके लिये तो

शेठजी साहवको घोर निद्रा आ जाती है अगर अपने वुजुर्ग ऐसे ही होते तो लाखों किरोडों रुपयोंकी लागतके आलीशान मंदिर जो इसवक्त जैनधर्मकी जाहोजलालीको प्रकट कर रहे हैं हरगिज दे-खनेमें नही आते परन्तु हम अगचें पुत्र उनहीं के हैं– तोजी हमारे और उनके अंदर बहुत फर्क पड़ गया है वे धर्म कार्यमें चुस्त थे हम पाप कर्ममें चुस्त हैं– ऐसी चारों तरफकी सहोवतको गेड़कर इस "श्री फलोधीतीर्थोन्नतिसजा" ने जो कोशिश की है और हमारी कुल सम्प्र-दायके सुधारेका बीज वोया है, इस कोशिश और मिहनतका आजार यह सजा मानती है और इस "श्रीफलोधीतीर्थोन्नतिसजा" में जी मुख्य-त्व करके मिस्टर गुलावचंदजी ढढाको ज्यादा धन्यवाद देनेकी यों आ-वश्यकता है कि उन्होंने अपने वेशुमारीके जिम्मेवार राज्यकार्यसे जव जब जरूरत समजी तव तववक्त निकालकर अपने पैसेका व्यय करके अ पनी धार्मिक और सांसारिक उन्नतिके लिये देश विदेश फिरकर इस म-हासजाका सामान इकठा किया–इस समय धर्मकार्यमें इस तरंह कमर बांधनेवाले कम नजर आते हैं इसलिये इस फलोधी सजाका और मिष्टर गुलावचंदजी ढह्वाका जितना उपकार माना जावे उतना ही थोरा है (हर्षकी तालियां!) मैं उम्मेद करताहूं कि आप सव साहव मेरेसाथ एकमत होकर इनको वधालेवेंगे और प्रार्थना करेंगे कि जि-स तरंहसे धर्मकार्यमें इन्होंने अवतक प्रवीणता दिखलाई है वैसीही हमेशा नीरोगताके साथ दिखलाकर अपनी जाति और धर्मकी उन्नति क-रते रहेंगे–

इस दरख्वास्तकी ताईदमें अहमदावाद निवासी शा. मोतीलाल कु-शलचंदने जाहिर किया कि मेरी मुलाकात मिष्टर ढह्वासे पहले ही पहल अहमदावादमें हुई थी कि जव चैत्र मासमें इन्होंने नगरशे-ठके बंगलेमें जाषण दिया था इनके जाषणको सुनकर और इनके अ-जिप्रायोंको देखकर मुझे वडा जारी संतोष पैदा हुआ था कि जिन जिन खयालोंको मैं अपने दिलमें घरू रहा था और उनको प्रकट क-रना मुश्किल समझता था वे वे खयालात इन महाशयोंने प्रकट क-

रके एकदम इस महासभाको इकठी करी- इसलिये हम जितना उपकार इनका मानें वह ही कम है-

इस दरख्वास्तकी अनुमोदना करते हुए मिष्टर अमरचंद पीपरमारने जाहिर किया कि मुझे ज्यादातर खुशी इस वातकी है कि यह सर्वोपकारी कार्य मरुधरभूमिसे शुरू हुआ है-

और एक मारवाडीके प्रयाससे यह सब कार्रवाई हुई है इसलिये हम सब लोगोको इस "श्रीफलोधी तीर्थोन्नति सभाका ' और मिष्टर गुलाबचदजी ढढ्ढाका आभार मानना चाहिये-

सारी सभाका एकमत होनेसे प्रेसीडेन्ट साहबने इस रिज्योल्यूशनको पास कियाः-

ठहराव चोदहवां.

"अपने अपने अमूल्य समयको खोकर जो जो जैनवर्गके आगेवान सद्गृहस्थ यहां पधारे हैं उनका आभार माना जावे"

इस दरख्वास्तको पेश करते हुए जयपुरवाले गुलाबचंदजी ढढ्ढाने प्रकट किया कि मैं इस सभाका आभार मानता हूं कि इस रिजोल्यूशनके पेश करनेकी इज्जत मुझे वक्षी गईहै-मेरे चित्तकी आल्हादवृत्ति मै ही जानताहू उसको प्रकट करनेको असमर्थ हू "श्रीफलोधी तीर्थोन्नतिसभा" के जनरल सेक्रेटरीकी हैसियतमे मैने अपने गुजरात काठियावाड़ निवासी भाइयोंको रोवरू जगह वजगह मिलकर और पूर्व पजाव राजपूताना मालवाके भाइयोंसे पत्रव्यवहार करके इस जैनमहासभाकी प्रार्थना की और वह प्रार्थना आप साहवान हाजरीन जलसाने कृपाकरके सफल की और अपने धर्म और जात्युन्नतिके लिये अपने अमूल्य समयको इस तर्फ लगाया इसलिये आप सब साहबानका इस कार्यके लिये आभार माना जाता है

अजमेर निवासी कांसटिया धनराजजीने इस दरख्वास्तकी ताईद करते हुवे जाहिर किया कि हमलोगों पर जो आपसाहवानने कृपा की है उसका तो हम आभार मानते है और हमारी तर्फसे जो कुछ कमी वेशी देखनेमें आई हो उसकी माफी चाहते हैं.

सब सभाकी संमत्यनुसार प्रेसीडेन्ट साहबने इस रिजोल्यूशनको पास किया.-

ठहराव पन्द्रहवा.

"इस कान्फरेन्सके प्रमुख तरीके शेठजी वखतावरमलजी महताने वहुत संतोषकारक काम किया है इस लिये उन साहवोंका आजार माना जावे"

इस दरख्वास्तको पेश करते हुवे वम्वई निवासी शेठ दीपचंद माणकचंदने वहुत खुशी प्रकट करके जाहिर किया कि इस कान्फरेन्सकी कुल कार्रवाई निर्विघ्नतापूर्वक और आपसके इत्तिफाकसे समाप्त हुई और अपने विख्यात प्रमुख महता वखतावरमलजीने इसमें वहुत परिश्रम करके और कोशिशके साथ काम किया इसलिये कुल हाजरीन जल्सा इस संतोषकारक कार्रवाईके लिये महता वखतावरमलजीका आजार मानते हैं

इसकी ताईदमें जावनगरवाले शेठ कुंवरजी आणंदजीने प्रकट किया कि वाकई जो कार्रवाई महता वखतावरमलजीने की है संतोषकारक है और उनकी अथाग मिहनत और श्रमसे हमारी यह कान्फरेन्स निर्विघ्नतासे अपनी इछित कार्रवाईको कर सकी इसलिये उन साहवोंका आजार माना जावे—

वम्वई निवासी मिष्टर साकरचंद माणकचंद धमीयालीने इसकी अनुमोदना की इसके वाद सजाके एकमतसे यह दरख्वास्त पास हुई—

जव सव ठहराव पास हो चुके और जैन समुदायकी वहतरी तथा उन्नतिकी नीव पुख्ता जम गई तव प्रमुखसाहवने सजासदोंकी हर्षगर्जनाके साथ इस प्रथम कान्फरेंसको विसर्जन करके सव सजासदोंसे प्रार्थना की कि आप सव साहव आयंदा हमेशह यह कोशिश करते रहैं कि इस कान्फरेंसकी ज्योति प्रतिदिन सवाई वढ़ती रहैः—

ओसवालवंशोत्पत्तिपत्रम्.

सम्वत् १९४६ की सालमें कृष्णगढ नगरमें श्रीमान् महाराजाधिराज श्रीशार्दूलसिंहजी वालीय रियासत की राजसभामें ओसवालोंकी उत्पत्ति पर कई तरहके विचार चलनेपर श्रीमान्के हुक्मसे पुज्यश्री १०८ युत न्यायांभोनिधि तपगच्छाचार्य श्रीमद्विजयानंदजी (आत्मारामजी) महाराजसे कि जो उस वक्त जोधपुर चतुर्मास रहे हुएथे, विनयपूर्वक दरयाफ्त किया गया तो आषाढ सुदि ९ सम्वत् १९४६ के पत्रके साथ आचार्य महाराजने कृपाकरके ओस वालोंकी उत्पत्ति का हाल लिखा जिससे उस वक्त श्रीदरबार कृष्णगढमे मालुम करके जो जो शकूक ओसवालोंकी उत्पत्तिके पैदा होतेथे उनको निवारण किये उसीको इस रिपोर्टके साथ इस वास्ते लगाया जाताहै कि जिस वंशकी यह कान्फरेन्स है उसकी उत्पत्तिका वृत्तांत भी इसके साथ हमेशाके वास्ते लगा रहै तो पाठकगणोको उपयोगी हो–

गुरुमहाराजके पत्रमें इस मुवाफिक लेख है.–

" ओसवाल लोगोकी उत्पत्ति नीचे मुजब संक्षेपसे लिखते है सो समझलेना"–

१ श्रीभिन्नमाल नगरका राजा श्रीपुंज था उसके दो मंत्री हुए:– (१) सा उहड़ (२) सा उधरन इन दोनों मंत्रियोको श्रीविक्रमादित्यसे ४०० (चारसो) वर्ष पहले श्रीरत्नप्रभसूरीजीने प्रतिबोध कर के इनके वंशमें से अठारह (१८) गोत्र ओसवालोंके स्थापन किये उनका नाम नीचे मुजब है–

(१)	तातहड़ गोत्र	(२)	बापणा गोत्र.
(३)	कर्णाट गोत्र	(४)	बलहरा गोत्र
(५)	मोराक्ष गोत्र	(६)	कूलहट गोत्र
(७)	विरहट गोत्र	(८)	श्रीश्रीमाल गोत्र

(ए)	श्रेष्टि गोत्र	(१०)	सुचेंती गोत्र
(११)	आइचणांग गोत्र	(१२)	भूरि गोत्र (भटेवरा)
(१३)	भाद्र गोत्र	(१४)	चीवट गोत्र
(१५)	कुंभट गोत्र	(१६)	डिंडू गोत्र
(१७)	कनोज गोत्र	(१७)	लघुश्रेष्टि गोत्र

२. लखीजंगल नगरमें रत्नप्रभसूरीजीने दस हजार (१०,०००) घर रजपूतोंके प्रतिबोध करके जैनी किए और उनको उंसवाल पदपर स्थापन किए उनके सुघड़ादि अनेक गोत्र स्थापन किए–

३. श्रीविक्रमादित्य सम्वत् ५७० (पांचसो अठहतर) में श्रीरत्नपुर नगरका वासी जातिका चोहान रजपूत तिसकी २४ (चोवीस) खांपें नीचे मुजव हैं–

(१)	हाड़ा	(२)	देवडा	(३)	सोनगरा
(४)	मालडीचा	(५)	कूदणेचा	(६)	वेड़ा
(७)	वालोत	(७)	चीवा	(ए)	काच
(१०)	खीची	(११)	विहल	(१२)	सेंभटा
(१३)	मेलवाल	(१४)	वालीचा	(१५)	माल्हण
(१६)	पावेचा	(१७)	कांवलेचा	(१७)	रापडीया
(१ए)	कुदणेच	(२०)	नाहरा	(२१)	ईवरा
(२२)	राकसीया	(२३)	वाघेटा	(२४)	साचोरा

इन चोबीस खांपोंको प्रतिबोध करके उंसवाल स्थापन किये उनकी ए (नव) शाखा हुई वहनीचे मुजव हैं–

(१)	रत्नपुरा	(२)	बालाही	(३)	कटारिया
(४)	कोरेचा	(५)	सापड्हा	(६)	सामरिया
(७)	नराणगोत्रा	(७)	भलाणीया	(ए)	रामसेण्या

४. विक्रम सम्बत् ७०१ (सातसो एक) में श्रीरविप्रभसूरीजीने ख-खोटीया महेश्वरी लाखणसीको प्रतिबोध करके तिसके पुत्रके नामसे उंसवाल वंश और लोटा गोत्र स्थापन किया–

५. विक्रम सम्वत् ७३२ (सातसो वत्तीस) मे जैनाचार्यने अजमेरके राजा चावा नामक, चोहानगोत्रका को प्रतिवोध करके तिसके पुत्रके नामसे उंसवाल वंश और लोढ़ा गोत्र स्थापन किया—

६ विक्रम सम्वत् ७३२ (सातसोवत्तीस) में जैनाचार्यने जातिके चोहान रजपूतोंको प्रतिवोध करके उंसवाल वंश और वाफणा गोत्र स्थापन किया तिसकी तेवीस शाखा नीचे मुजव हैं—

(१)	जोटा	(२)	पोरवार	(३)	वाभू
(४)	सोनी	(५)	भरोटी	(६)	समूलीया
(७)	धांधल	(८)	दसोरा	(९)	वूआता
(१०)	नाहटा	(११)	कलसेहीया	(१२)	वसाह
(१३)	धतूरीया	(१४)	साहलीया	(१५)	मुंगरवाल
(१६)	मकलवाल	(१७)	संवूआता	(१८)	नाहउसरा
(१९)	कटेचा	(२०)	महाजनीया	(२१)	मुंगरेचा
(२२)	हूडीया—				

और तेवीसवीं एक शाखा पुस्तकमें नहीं होनेसे नहीं लिखी और इन तेवीस में से चार (४) शाखा फिर निकली तिनके नाम

(१) जांगडा (२) मगदीया (३) कुटेवा (४) कुचेलीया—

---

७ विक्रम सम्वत् १०२६ (एक हजार छवीस) में श्रीवर्द्धमान सूरीजीने सोनीगरा चोहानको प्रतिवोध करके तिसका सचेती गोत्र स्थापन किया—

---

८. विक्रम सम्वत् १०९१ (एक हजार इकाणवे) मे श्रीलोद्रवापुर पट्टण में यादवकुलके भाटी गोत्रका सागर नामा रावल राज करताथा उसके दो पुत्र—एक श्रीधर, और दूसरे राजधरथे इन दोनोको प्रतिवोध करके श्री जिनेश्वर सूरीजीने उंसवाल वंश और भणशाली गोत्र स्थापन किया—

---

९. विक्रम सम्वत् ११९२ (एक हजार एकसो बारा) में मंडोरके राजा धवलचन्दको श्रीजिनवल्लभसूरीजीने प्रतिबोध करके ओसवाल वंश और कुकुड़चोपडा गोत्र स्थापन किया.

---

१०. विक्रम सम्वत् ११९७ (एक हजार एकसो सतरा) में सोनीगरा नगरका राजा जातिका चोहान सगर नामा था तिसके बेटे बोहित्थकुमारको जिनदत्तसूरीजीने प्रतिबोध करके ओसवाल वंश और बोहित्थरा गोत्र स्थापन किया.

---

११. विक्रम सम्बत् ११९७ (एक हजार एकसो सतरह) में जातिके राठोड़ रजपूत तिनको श्रीजिनदत्तसूरीजीने प्रतिबोध करके ओसवाल वंश और अठारह गोत्र स्थापन किये तिनके नाम यह हैं.

१.	सांउसुखा.	२.	पेतिसा.	३.	पारख
४.	चोरवेड़ीया.	५.	बुच्चा.	६.	चम्म
७.	नाबरीया.	८.	गद्दहीया.	९.	फाकरीया
१०.	कुंभटीया.	११.	सीयाल	१२.	सचोबा
१३.	सांहिल.	१४	घंटेलीया.	१५.	काकडा
१६.	सींघड़ा	१७	संखवालेचा.	१८.	कुरकुचीया.

नोट. इन ऊपर के लिखे हुए गोत्रोंको गोलवछ गोत्रके भेद समझना—

---

१२. विक्रम सम्बत् ११९२ (एक हजार एकसो बाणवें) में मुलतान नगरके वासी धींगडमल्ल महेश्वरी बाणियाके पुत्र लूनाको श्रीजिनदत्तसूरीजीने प्रतिबोध करके ओसवाल वंश और लूनिया गोत्र स्थापन किया

---

१३ विक्रम सम्बत् १३१४ (एक हजार तीनसो चवदह) में श्रीसिंधकाराजा गोसलनामा जातिका भाटी तिसके परिवारके १५०० (पंदरहसो) घरोंको श्रीजिनचंद्रसूरीजीने प्रतिबोध करके ओसवाल वंश और आघरिया गोत्र स्थापन किया.

---

१४. जातिका देवडा चोहान जाल्वोरका राजा सामंतसिंहके १२ (बारह) बेटेंमेंसे छोटे पुत्र बच्छाके नामसे ओसवाल वंश और बछावत गोत्र स्थापन किया—

---

१५ सपादलक्षदेश और कुंनारीनगरीका यादववंशी उरधर नाम राजाको श्रीपद्मप्रनसूरीजीने प्रतिवोध करके उंसवालवंश और जम्भिया गोत्र स्थापन किया–

---

१६ पीपाट नगरका गहलोधवंशी कर्मसिंहराजाको श्रीजयशेखर सूरीजीने प्रतिवोध करके उंसवालवंश और पीपाम्भा गोत्र स्थापन किया–

इत्यादिक अनेक गोत्रके नेदसे उंसवालोंकी उत्पत्ति समझनी और विशेषलिखनेका यह है कि फकत रजपूत और महेश्वरी वाणिया और ब्राह्मणसे अर्थात् इन तीन ही जातिसे उंसवाल बने है और लोक नीच जातिसे उंसवाल बने ऐसा कहते हैं सो झूंठ है–

और इसमे वलाई गोत्र और चंडालिया गोत्र और वंनी गोत्र इत्यादिक गोत्रके नेद हैं सो कोई नीच जातिसे इनका नाम नहीं पडा है केवल इन लोकों का इन नीच जातियों के साथ वेपार (रोजगार) करने करके लोगोंने वैसा वैसा नाम देदिया है

और इन तीनों ही वर्णमेंसे एक श्रीजिनदत्तसूरीजीने ही सवालक्ष घर ओसवाल पदमें स्थापन किये हैं–

और आचार्य महाराजका सामान्य विचार ऊपर लिखकर जनाया है–

नकल चिठीकी–

श्रीकिशनगढ महाशुनस्थाने श्रावक पुन्यप्रनावक सागरचंद लखमी चंद तथा गुलावचद लानचद योग्य जोधपुरसे वड़े महाराज श्रीपुज्याचार्य श्रीमदानंद सूरीजी महाराज की तरफसे धर्मलान वांचसो और यहां सव मुनि महाराज सुख सातामे वर्ते हैं. आपका पत्र आया वांचके वहोत ही आनंद हुआ है विशेष लखवानुं आपने मंगाया प्रश्न शास्त्रको तपास कर तिसका थोड़ासा तरजुमा अर्थात् नकल दाखल नेजा है शुन मिती सम्वत् १९४५ आपाढ सुदि ए–लि. मुनि अमरविजयका धर्मलान वांचसो–

ढड्ढा वंशोत्पत्तिः—विक्रम सम्वत् ४७७ में गोड़वाड़देश नाणावेड़ा नगर भट्टारक श्रीधनेश्वरसूरीजीनें श्रीशत्रुंजय रास करते हुये पाटण के सोलंखी राजा गोविंदचंदको प्रतिबोध कर जाति ओसवाल श्रीपति गोत्र स्थापन किया गोविंदचंदजीसे इग्यारवें पाट फाफणसीजी हुए जिन्होंने संघ कढाकर श्रीशत्रुंजय यात्रा की फाफणसीजीसे वीसवीं पीढ़ीमें विमलसीजी हुए उन्होंने नाडोल, फरड़, फलोधी, नागोर, वाड़मेर, अजमेर जिनमंदिर करा कर प्रतिष्ठा कराई सम्वत् १००१ में शेठ भांडाजीने जैसलमेर, सिरूपुर पट्टन, जालोर, भिन्नमालमें शास्त्र संग्रह कराके पुस्तक भंडार करा

शेठ भांडाजीके पुत्र धर्म्मसीजीने "शाह" पद हांसिल किया. शत्रुंजय, गिरनार, आबु, बनारस आदि प्रसाद कराये संघमाल पहनकर सम्मेद शिखर की यात्रा की शत्रुंजय, गिरनार, तारंगा, वगैरहपर सोनाके कलश चढ़ाये, चोरासी यात्रा की, संघ हस्ते पेटीभर महोरों की बांटी, घरप्रति लेण बांटी मोतियों की माल, सोनहरी कल्पसूत्र दिए, पृथ्वी परिक्र्मादी, तीन करोड़ महोर खर्च कर भंडार स्थापित की और बहोतसे कमठाणे बणाये.

सम्बत् १२५६ में अम्बिका देवीने प्रसन्न होकर आम्बाके वृक्षके नीचे खजाना बतलाया धर्मसीजीसे नवमी पीढ़ीमें कुमारपालजी हुए उन्होंने सिरूपुर पट्टन छोड़कर सिंध देशमें वास किया श्री शांतिनाथ प्रसाद कराया—

कुमारपालजीसे तीसरी पीढ़ी बाढजी हुए वे झीलमें राते माते थे सो सम्बत् १६१५ की सालमें सिन्ध देशकी भाषामें ढड्ढा कहलाये उसवक्त से ढड्ढा नख प्रचलित हुआ.

बाढजीसे चोथी पीढी सच्यावदासजी हुए उनके पुत्र सारंगजीसे सारंगाणी ढड्ढा कहलाये और फलोधीमें बास किया—

सारंगदेजीके रुघनाथमलजी और नेतसीजी दो पुत्र हुए नेतसीजीके खेतसीजी आदि चार पुत्र हुए खेतसीजीके रतनसीजी, तिलोकसीजी, विमलसीजी, करमसीजी चार पुत्र हुए.

तिलोकसीजीने हुल्करको मदद दी और जो द्रव्य उसको लड़ाईमें फतहमंद होने पर मिला उसका चतुर्थांश तिलोकसीजीको दिया, पुन्योदयसे करोड़पति हुए तिलोकसीजीकी ओलाद नीचे मुजब है—

नोट —तिलोकसीजीकी ओलाद में चारो बेटोके और बहुतसी ओलाद हैं परन्तु यहा पर दर्ज नहीं की है—